3. भिण्ड (88.06 वर्ग किमी.)

वन वर्गीकरण (Classification of Forests)

वनों का भौगोलिक वर्गीकरण

1. **उष्ण कटिबंधीय पर्णपाती वन**- औसत वर्षो 50 से 100 सेमी. इलाकों में उपलब्ध। सागौन, शीशम, नीम, पीपल आदि के वृक्ष आते है। ऐसे वन सागर, जबलपुर, छिंदवाडा, दमोह, छतरपुर, पन्ना, सिवनी, होशंगाबाद में मुख्य रूप से पाये जाते है।
2. **उष्ण कटिबंधीय अर्धपर्णपाती वन**- औसत वर्षा 100 से 150 सेमी. इलाकों में है। साल, सागौन, बांस, बीजा, धौर्रा, कसाई, तिन्सा, जामुन, महुआ, सेजा, हर्रा आदि।
3. **उष्ण कटिबंधीय शुष्क पर्णपाती वन**- ये अपेक्षाकृत कम वर्षा वाले (25 से 75 सेमी.) क्षेत्रों में बबूल, कॉकर, हर्रा, पलाश, तेंदू, धोर्रा, शीशम, हल्दू, सागौन, शीशम आदि।

वनों का प्रशासनिक वर्गीकरण

1. **संरक्षित वन:** यह कुल वनों का 33 प्रतिशत (31.8 हजार वर्ग किमी.) है। ये वे वन है, जिन पर शासन का पूर्ण नियंत्रण रहता है। इनमें पशु चराना एवं लकड़ी काटना पूर्णत: निषिद्ध है।
2. **आरक्षित वन:** ये कुल वनों के 65 प्रतिशत (62 हजार वर्ग किमी.) है। लाइसेंस के तहत इनमें लकड़ी कटाई होती है।
3. **अवर्गीकृत वन:** ये बेहर कम मात्र 2 प्रतिशत (1.7 हजार वर्ग किमी.) है। पशु चारन एवं लकड़ी कटाई की जा सकती है।

विभिन्न वन

सागौन:- इसका बॉटनीकल नाम 'टेक्टोनेग्रेन्डाई' है। राज्य के मध्य-क्षेत्र में अधिकांशतया केन्द्रित, 17.8% भाग पर।
प्रमुख क्षेत्र: होशंगाबाद (बोरी-घाटी), जबलपुर, बैतूल, सागर, छिन्दवाडा और मण्डला जिले।

साल:- इस का बॉटनीकल नाम 'शोरीया रोबुस्ता' है। यह क्षेत्र पूर्वी म. प्र. का हैं। 16.54% भाग पर।
प्रमुख क्षेत्र: मण्डला, बालाघाट, सींधी और शहडोल जिले।

बॉस:- इसका बॉटनीकल नाम 'डेन्डोकेलेमस' है।
प्रमुख क्षेत्र: बालाघाट, बैतूल, जबलपुर, सिवनी, मण्डला, सागर और भोपाल।

तेन्दूपत्ता:- अधिकांश तेन्दू वृक्ष छ. ग. में जाने के बावजूद म. प्र. के उत्तर मध्य पूर्वी जिलों में, राज्य में लगभग 260 बीडी कारखाने कार्यरत है।
प्रमुख क्षेत्र: सागर (सर्वाधिक), टीकमगढ़, छत्तरपुर, भोपाल, जबलपुर, रीवा, सीधी, शहडोल।

खैर वृक्ष:- शिवपुरी और बानमोर (मुरैना) में कत्था बनाने के एक-एक कारखाने है।
प्रमुख क्षेत्र: गुना, श्योपुर, शिवपुरी, जबलपुर, सागर, दमोह, उमरिया, होशंगाबाद आदि।

हर्रा वृक्ष:- यह भी एक बहुउपयोगी वृक्ष है। हर्रा वृक्ष के फलों में 35 से 40 प्रतिशत 'टैनिग' पाया जाता है।
प्रमुख क्षेत्र: छिन्दवाडा, जबलपुर, श्योपुर, बालाघाट, शहडोल, बैतूल, पन्ना, सिवनी, मण्डला, सतना, होशंगाबाद। हर्रा सबसे अधिक बालाघाट वन वृत्त में पाया जाता है।

लाख:- म. प्र. में पलास, घोंट, कुसुम, बैर के वृक्षों और अरहर के पौधे से लाख प्राप्त होती है। उमरिया में लाख बनाने का कारखाना है।
प्रमुख क्षेत्र: छिन्दवाडा, जबलपुर, श्योपुर, बालाघाट, शहडोल, बैतूल, पन्ना, सिवनी, मण्डला, सतना, होशंगाबाद।

गोंद:- राज्य में बबूल, कुल्लु, सलाई आदि के वृक्ष पर्याप्त है जिनसे गोंद निकाला जाता है। प्रकार: अरेबिक गोंद (एनोनइसस लटीभोलिया या बबूल पेड़ से) कुल्लु गोंद (कुल्लु पेड़ से) और सलाई गोंद (सलाई पेड़ से)।
प्रमुख क्षेत्र: झाबुआ, धार, खण्डवा, खरगौन, ग्वालियर, शिवपुरी, मुरैना, रतलाम आदि।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

भिलावा:- भिलावा वृक्ष से प्राप्त भिलावा फल भी बहुउपयोगी है। छिन्दवाड़ा में इसका एक कारखाना है। उपयोग: स्याही, पेन्ट, औषधि। प्रमुख क्षेत्र: पूर्वी जिले।

महुआ:- महुआ वृक्ष से प्राप्त महुआ फल का उपयोग शराब और औषधि दोनों में होता है। यह भी पूर्वी जिलों में विशेष रूप से मिलता है।

राज्य के प्रमुख वन संस्थान

संस्थान	मुख्यालय
भारतीय वन प्रबंध संस्थान (1978)	भोपाल
भारतीय वन अनुसंधान संस्थान (क्षेत्रीय कार्यालय) (1979)	जबलपुर
वन प्रबंधन शिक्षा केन्द्र (वन राजिक महाविद्यालय)	बालाघाट
वन राजिक महाविद्यालय (1980)	बैतूल
उष्ण कटिबंधीय वन संस्थान	जबलपुर
वानिकी अनुसंधान एवं मानव संसाधन विकास संस्थान केन्द्र सरकार	छिंदवाडा
फारेस्ट गार्ड ट्रेनिंग (4)	शिवपुरी, गोविंदगढ़, अमरकंटक, लखनादौन
संजीवनी संस्थान (वनोषधि रोपन)	भोपाल
वन विकाय निगम (1975)	भोपाल
म. प्र. इको पर्यटन वि. नि. (2005)	भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार की वन संरक्षण योजनाऐं

पंचवन योजना: 33 प्रतिशत से कम वन क्षेत्र वाले जिलों में वृक्षारोपण की योजना है।

लोक वानिकी योजना: लोक वानिकी मध्य प्रदेश शासन द्वारा भूमि स्वामियों के निजी स्वामित्व की पड़ती जमीनों पर खड़े वनों के प्रबंधन के लिए अप्रैल 1999 से प्रारंभ की गई।

'वनस्पति वन' पंचवर्षीय योजना:कटनी जिले में एक महत्वाकांक्षी 'वनस्पति वन' पंचवर्षीय योजना का क्रियान्वयन का कार्य प्रगति पर है।

संजीवनी आयुर्वेद:औषधीय पौधों के विपणन के लिये **'संजीवनी आयुर्वेद'** के नाम से 22 विक्रय केन्द्र प्रारंभ।

वन एवं वन्य जीव संरक्षण के कानून

1. वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम, 1972
2. वन्य संरक्षण अधिनियम, 1980
3. भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के कुछ प्रावधान
4. भू-राजस्व संहिता, 1956 के कुछ प्रावधान

मध्य प्रदेश में पहली वन नीति: सन् 1952 में

मध्य प्रदेश की नई वन नीति: 4 अप्रैल, 2005

वानिकी पुरस्कार

अमृता देवी स्मृति पुरस्कार: यह पुरस्कार वन और वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में दिया जाता है। वृक्षों को बचाने के लिये प्राणोत्सर्ग करने वाले जनसमूह का नेतृत्व करने वाली वीरांगना 'अमृता देवी' की स्मृति में यह पुरस्कार सन् 1994 से राजस्थान ने प्रारंभ किया गया है।

वन प्रहरी पुरस्कार: वनों में अग्नि की रोकथाम, अवैध टन कटान को रोकने वन्य जीव जंतुओं की सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं अथवा व्यक्ति विशेष को दो श्रेणियों में विभक्त यह पुरस्कार राज्य एवं जिला स्तर पर प्रदान किये जाते है।

वृक्ष मित्र पुरस्कार: श्रीमती इंदिरा गांधी की स्मृति में भारत सरकार द्वारा प्रति वर्ष उनकी जन्म तिथि 19 नवंबर के अवसर पर 'इंदिरा प्रियदर्शिनी वृक्ष मित्र पुरस्कार' दिया जाता है।

महावृक्ष पुरस्कार: प्राचीन एवं विशिष्ट प्रजातियों के वृक्षों को पहचान कर सुरक्षित करने के उद्देश्य से वर्ष 1995 से 'महावृक्ष पुरस्कार' योजना शुरू की गई है।

म. प्र. के राष्ट्रीय उद्यान

- म. प्र. में 10 राष्ट्रीय उद्यान एवं 25 अभ्यारण्य है, जिसमें 6 टाइगर रिजर्व, 2 खरमोर अभ्यारण्य, 2 सोन चिड़िया अभ्यारण्य, 3 घड़ियाल (एवं अन्य जलजीव) अभ्यारण्य है तथा 2 राष्ट्रीय उद्यान जीवाश्म संरक्षण हेतु स्थापित किए है।
- देश में सबसे अधिक राष्ट्रीय उद्यान और अभ्यारणय के अंतर्गत क्षेत्र मध्य प्रदेश में है।
- वन्य प्राणी संरक्षण के लिए कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में प्रशिक्षण की व्यवस्था है।

क्र.	नाम	जिला	क्षेत्रफल	मुख्य-प्रणी
1.	कान्हा	मण्डला	940	बाघ, तेन्दुआ, चीतल, सांभर
2.	बांधवगढ़	उमरिया	437	बाघ, तेन्दुआ, चीतल, सांभर
3.	माधव	शिवपुरी	337	तेन्दुआ, सांभर, चीतल
4.	पन्ना	पन्ना	543	बाघ, तेन्दुआ, चीतले, सांभर, गौर
5.	संजय	सीधी	838	बाघ, तेन्दुआ, चीतल
6.	पेंच	सिवनी, छन्दवाड़ा	293	बाघ तेन्दुआ, चीतल, सांभर, गौर
7.	सतपुड़ा	होशंगाबाद	524	बाघ, तेन्दुआ, सांभर, चीतल
8.	वन विहार	भोपाल	4.45	प्रदेश के सभी वन्य प्राणी
9.	जीवाश्म	मण्डला	0.27	वनस्पति, जीवाश्म
10.	बाघ (2011)	धार	108	डायनासोर के जीवाश्म
11.	ओंमकारेश्वर	खण्डवा	293.56	प्रदेश के सभी वन्य प्राणी

टाइगर प्रोजेक्ट

- विश्व में प्रोजेक्ट टाइगर के जन्मदाता गेनी मेनफोर्ड है तथा भारत में प्रोजेक्ट टाइगर के जन्मदाता कैलाश सांखल्या है।
- वर्ष 2014 की रिपोर्ट के अनुसार म. प्र. में बाघों की संख्या 308 द्वारा रह गई है। अब म.प्र. के स्थान पर कर्नाटक टाइगर स्टेट बन गया है। बाघों की संख्या की दृष्टि से राज्य इस प्रकार है-

1.	कर्नाटक	406
2.	उत्तराखण्ड	340
3.	मध्य प्रदेश	308
4.	तमिलनाडु	229
5.	महाराष्ट्र	190

- विश्व के 10 प्रतिशत तथा भारत के 19 प्रतिशत बाघ मध्य प्रदेश में पाये जाते है। भारत में वर्ष 2014 मे कुल 2226 बाघ पाये गये।

टाइगर फॉउण्डेशन सोसायटी:-वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत् 1997 से प्रदेश के सभी टाइगर प्रोजेक्टस में टाइगर फाउण्डेशन सोसायटी की स्थापना की गयी है।

टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत लाए गए उद्यानों की संख्या 7 है-

1. **कान्हा राष्ट्रीय उद्यान:** कान्हा राष्ट्रीय उद्यान (940 वर्ग किमी.) सबसे बड़ा और सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। 1933 में अभ्यारण्य और 1955 में कान्हा राज्य का पहला राष्ट्रीय उद्यान बना। कृष्ण मृग और ब्रेडरी प्रजाति का बारहसिंगा यही पाया जाता है। 1974 से यहां टाइगर प्रोजेक्ट के अंतर्गत 'पार्क इण्टरप्रिटेशन' योजना लागू है। के. फारसान ने 'हाइलैण्ड ऑफ सेंटर इंडिया' में हालो घाटी (मण्डला) और ब्रांडेर ने 'वाइल्ड एनीमल इन सेन्ट्रल इंडिया' में बंजर घाटी (बालाघाट) का वर्णन किया है, जो दोनों ही कान्हा नेशनल पार्क में है। यह पार्क बालाघाट तथा मण्डला में फैला है।
2. **बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान:** टाइगर प्रोजेक्ट, शहडोल में 32 पहाड़ियों से घिरा, जिसे 1964 में राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा मिला तथा 1993 से प्रोजेक्ट टाइगर में शामिल किया गया। बाघों का घनत्व यहां सर्वाधिक घनत्व (प्रति 8 km. में एक बाघ) है। यहां सफेद शेर (गोविन्दगढ़ रीवा में) पाये जाते थे।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

3. **पेंच राष्ट्रीय उद्यान:** विश्व बैंक के साथ अभ्यारण्य संरक्षण परियोजना में शामिल है। यह छिंदवाड़ा तथा सिवनी जिले में है। इसे 1992 में प्रोजेक्ट टाइगर घोषित किया गया है। इसका क्षेत्रफल 293 वर्ग किमी. है। यह राष्ट्रीय उद्यान म. प्र. तथा महाराष्ट्र की सीमा में स्थित है। इस राष्ट्रीय उद्यान में बाघ, तेन्दुआ, चीतल, गौर हिरण, जंगली सुअर आदि वन्य प्राणी पाए जाते है। यहां मोगली लैण्ड है।
4. **पन्ना राष्ट्रीय उद्यान:** 1981 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया तथा 1995 में प्रोजेक्ट टाइगर के अंतर्गत शामिल किया गया। इसका क्षेत्रफल 543 वर्ग किमी. है। पन्ना अभ्यारण रेप्टाइल्स के लिए संरक्षित है। यह एक मात्र ऐसा राष्ट्रीय उद्यान है, जहां से विमान सेवा उपलब्ध है। इस उद्यान में बाघ, तेन्दुआ, सांभर, गौर, मुंजक, हिरण आदि पाये जाते है।
5. **सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान:** यह राष्ट्रीय उद्यान होशंगाबाद जिले में है। यह प्रदेश का पांचवा प्राजेक्ट टाइगर है। यह 1983 में राष्ट्रीय उद्यान के रूप में स्थापित किया गया है। इसका क्षेत्रफल 545 वर्ग किमी. है। इस उद्यान में बाघ, तेन्दुआ, मुंजक, हिरण आदि वन्य प्राणी पाए जाते है। इस उद्यान में कृष्णमृगों की संख्या सबसे अधिक है।
6. **संजय राष्ट्रीय उद्यान:** यह राष्ट्रीय उद्यान म. प्र. के **सीधी** तथा **छत्तीसगढ़ के कोरिया** जिले में है। विभाजन के पूर्व यह सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राष्ट्रीय उद्यान (1938 वर्ग किमी.) था। लेकिन म. प्र. में क्षेत्रफल 831.91 वर्ग किमी. है। 1981 में इसे राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिया गया। इस टाइगर रिजर्व में केन्द्र सरकार ने 2006 में प्रदेश का छटवां प्रोजेक्ट टाइगर घोषित किया है। इसका पुराना नाम डुबरी अभ्यारण है।
7. **रातापानी राष्ट्रीय उद्यान:** रायसेन जिले में स्थित, 2012 में टाइगर प्रोजेक्ट में शामिल किया गया।

मध्य प्रदेश में अभ्यारण (प्रस्तावित)

क्र.	राष्ट्रीय	क्षेत्रफल (वर्ग किमी.)	जिला
1.	कालीभीत	-----	बैतूल
2.	सुरमैनिया	178.21	खण्डवा
3.	मान्धाता	69.24	खण्डवा
4.	कट्ठीवाडा (मयूर)	90	अलीराजपुर

मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय उद्यान (प्रस्तावित)

राष्ट्रीय	जिला	वन्यप्राणी
पन्ना	पन्ना	राज्य के सभी मुख्य वन्य प्राणी एवं रेंगने वाले प्राणी जंगली भैंसा के लिए मुख्यत:
ओकारेश्वर	खण्डवा	राज्य के सभी मुख्य वन्य प्राणी
डायनासौर जीवाश्म उद्यान	धार	डायनासौर के जीवाश्म

विशेष पशु या पक्षी हेतु अभ्यारण्य

प्रमुख अभ्यारण्य		संरक्षित पशु-पक्षी
चम्बल राष्ट्रीय अभ्यारण्य, मुरैना	-	घड़ियाल, मगर
सोन नदी अभ्यारण्य, सिधी-शहडोल	-	घड़ियाल, मगर
केन नदी अभ्यारण्य, छतरपुर	-	घड़ियाल, मगर
सैलाना अभ्यारण्य, रतलाम	-	दूधराज
सरदारपुर अभ्यारण्य, धार	-	खरमोर पक्षी, दूधराज
घाटी गांव अभ्यारण्य, ग्वालियर	-	सोन चिड़िया
करेरा अभ्यारण्य, शिवपुरी	-	सोन चिड़िया
नौरादेही अभ्यारण्य, सागर	-	नील गाय
गांधी सागर, मंदसौर	-	नील गाय

मध्य प्रदेश में जैव मण्डलीय आरक्षित क्षेत्र

1. पचमढ़ी क्षेत्र जैव मण्डलीय आरक्षित क्षेत्र
2. अमरकंटक-अचानकमार जैव मण्डलीय आरक्षित क्षेत्र

मध्य प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण संस्थान

संगठन	स्थापना वर्ष	मुख्यालय	उद्देश्य / कार्य
पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को)	5 जून, 1981	भोपाल	पर्यावरण संबंधी शोध शिक्षण, प्रशिक्षण एवं नगर वानिकी द्वार प्रदूषण पर रोक लगाना।
आपदा प्रबन्ध संस्थान	19 नवम्बर, 1987	भोपाल	प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं संगठन के दुष्प्रभावों को कम करना।
म. प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड	1974	भोपाल	विभिन्न तरह के प्रदूषण को नियत्रित करना

माधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान- यह राष्ट्रीय उद्यान आगरा-मुम्बई राष्ट्रीय राजमार्ग-3 पर प्रदेश के शिवपुरी जिले में स्थित है। यह वनीय सघनता तथा पक्की सड़कों के लिए विख्यात है। इस राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना 1958 में की गई थी। इसी उद्यान में जार्ज कैसल किला है। यहां शेर, चीता, तेन्दुआ, हिरण, सांभर, नील गाय, चिंकारा चीतल, जंगली सुअर आदि वन्य प्राणी पाए जाते है। इसमें सांख्य सागर झील भी है।

जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान: यह म.प्र. का सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान (डिण्डोरी) है, इसका क्षेत्रफल 0.27 वर्ग किमी. है। यहां वनस्पति तथा जीवाश्म को संरक्षित किया गया है। यह भारत के चार जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यानों में एक है।

वन बिहार राष्ट्रीय उद्यान: यह झीलों के रमणीय स्थल भोपाल में है। क्षेत्रफल की दृष्टि से यह म. प्र. का दूसरा छोटा राष्ट्रीय उद्यान है। इसका क्षेत्रफल 4.45 वर्ग किमी. है और इसमें म. प्र. के सभी प्राणी पाए जाते है। यह वर्ष 1979 में राष्ट्रीय उद्यान घोषित किया गया है।

ओंकारेश्वर राष्ट्रीय उद्यान: यह राष्ट्रीय उद्यान मध्य प्रदेश के खण्डवा जिले में प्रस्तावित है। इस राष्ट्रीय उद्यान की घोषणा भारत सरकार द्वारा की जा चुकी है।

महत्वपूर्ण बिन्दु

- कालीभीत (बैतूल), मान्धाता (खण्डवा) तथा सुरमैनिया (खण्डवा) प्रस्तावित है।
- रामसर समझौता के अनुसार देश की 25 आर्द्रभूमियों में से एक म.प्र. का भोज स्थल (3201 हेक्टेयर) भोपाल में है।
- गिरवन के सिंहों के संरक्षण हेतु पालकुनों (श्योपुर) में एक अभ्यारण्य स्थापित किया गया था। गुजरात द्वारा सिंहों को देने से इंकार कर दिया गया। अब **अफ्रीकन सिंहों** को लाने की योजना है।
- भारतीय पक्षियों में सबसे छोटा पक्षी फुलचुकी मध्य प्रदेश में बहुत देखा जाता है। थिक्रा पक्षी (पपीहा जैसा दिखने वाला शिकारी पक्षी) मध्य प्रदेश में सर्वाधिक संख्या में पाया जाता है।
- बॉस उत्पादन को मापने की ईकाई नेशनल टन है। (1 नेशनल टन-2400 मीटर बॉस की लंबाई)
- सर्वाधिक वन प्रतिशत मण्डला जिले और मण्डला वन वृत्त में है।
- सबसे कम वन शाजापुर वन वृत्त में है।
- म. प्र. एकमात्र राज्य है। जिसने वनों का पूर्णत: राष्ट्रीयकरण कर दिया है।
- प्रदेश में सामाजिक वानिकी योजना 1976 में शुरू की गयी थी।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- मण्डला, पन्ना, बालाघाट, खण्डवा, बैतूल, सीधी और होशंगाबाद जिले की आधी भूमि वनाच्छादित है।
- उत्तर-पश्चिमी म. प्र. (शिवपुरी वन वृत्त) में मुख्य रूप से कंटीले वन पाये जाते है।
- सर्वाधिक बॉस वृक्ष मध्य प्रदेश में पाया जाता है।
- सामाजिक वानिकी योजना के एक कार्यक्रम के रूप में 'पंचवन' योजना 1976 से ही शुरू की गयी। राज्य के 33 प्रतिशत से कम वन वाले क्षेत्रों में 'पंचवन' योजना लागू।
- वन क्षेत्र पालों (रेंजर) का प्रशिक्षण बालाघाट में दिया जाता है।
- वनपाल और वन रक्षक प्रशिक्षण के 3 विद्यालय अमरकंटक, सिवनी और लखनादौन में है।
- सोन चिड़िया माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में पायी जाती है।
- 1 नवम्बर 1981 को बारहसिंगा को राज्य पशु घोषित किया गया था।
- तेन्दूपता का राष्ट्रीयकरण 1964 में किया गया।
- बाँस का का राष्ट्रीयकरण 1973 में किया गया।
- साल बीज का राष्ट्रीयकरण सन् 1975 में किया गया।
- राज्य के ग्वालियर वन वृत्त से न्यूनतम राजस्व प्राप्त होता है।
- राज्य के वन क्षेत्र के प्रति वर्ग किमी. से मिलने वाला राजस्व सर्वाधिक होशंगाबाद वन वृत्त से मिलता है।
- इमारती लकड़ी सर्वाधिक जबलपुर वन वृत्त से प्राप्त होती है।
- खण्डवा वन वृत्त में लकड़ी की कटाई पर प्रतिबंध।
- देश में तेन्दूपत्ते का सर्वाधिक संग्रहण मध्य प्रदेश में होता है।
- राज्य के वनों में सर्वाधिक पाया जाने वाला वन वृक्ष सागौन है।
- गिरवन के सिंहो के लिए पालकुनों, श्योपुर में अभ्यारण स्थापित।

वन्य जीव अभ्यारण

क्र	नाम	जिला	क्षेत्रफल	मुख्य-प्राणी
1.	बगदरा	सींधी	279	काला हिरण, तेन्दुआ, नीलगाय
2.	बोरी	होशंगाबाद	518	शेर, तेन्दुआ, चीतल
3.	फेन	मण्डला	110.74	शेर, तेन्दुआ, चीतल, सांभर
4.	गांधी सागर	मन्दसौर	224.65 368.62 (राजस्थान सहित)	नीलगाय, चिंकारा, तेन्दुआ
5.	घाटी गांव	ग्वालियर	512	सोन चिड़िया, काला हिरण
6.	करेरा	शिवपुरी	202.21	सोन चिड़िया, काला हिरण
7.	केन	छतरपुर	45	घड़ियाल, मगर
8.	सिवनी	देवास-सीहोर	187.70	तेन्दुआ, सांभर, चीतल
9.	राष्ट्रीय चंबल (सबसे बड़ा)	मुरैना	3,902	घड़ियाल, मगर, कछुआ, डॉलफिन
10.	नौरादेही (सबसे बड़ा)	सागर	1034.52	नीलगाय, काला हिरण, चीतल, जंगली कुत्ता
11.	पंचमढ़ी	होशंगाबाद	461.85	शेर, तेन्दुआ, चीतल, चिंकारा, सांभर, नीलगाय, चौसिंघा, भालू
12.	पनपथा	शहडोल	245.84	शेर, तेन्दुआ, चीतल, चिंकारा, सांभर, नीलगाय, चौसिंघा, भालू
13.	पालपुर	श्योपुर	345	शेर, तेन्दुआ, चीतल, चिंकारा, कालाहिरण सांभर, नीलगाय
14.	पेंच	सिवनी, छिन्दवाड़ा	449.39	शेर, तेन्दुआ, चीतल, गौर, सांभर
15.	रातापानी	रायसेन	530.36	शेर, तेन्दुआ, सांभर, चीतल, नीलगाय, चिंकारा
16.	संजय	सीधी	364.59	शेर, तेन्दुआ, सांभर, चीतल, नीलगाय, प्रदुबरी, चिंकारा
17.	सिंधोरी	रायसेन	287.91	शेर, तेन्दुआ, चीतल, सांभर, चिंकारा
18.	सोन	सीधी-शहडोल	209	घड़ियाल, मगर, कछुआ
19.	सरदारपुर	धार	348.12	खरमौर, दूधराज (राजकीय पक्षी) का संरक्षण
20.	सैलाना (सबसे छोटा)	रतलाम	12.96	खरमौर
21.	राला मण्डल (सबसे छोटा)	इन्दौर	234.55	शेर, तेन्दुआ, चीतल, चिंकारा
22.	ओरछा	टीकमगढ़	45	चीतल, नीलगाय
23.	नरसिंहगढ़	राजगढ़	57.19	तेन्दुआ, चीतल, सांभर, गौर, धुबर, धनेरा
24.	रानी दुर्गावती	जबलपुर	267	तेन्दुआ, चीतल
25.	गंगऊ	पन्ना	89	----
26.	केओनी	देवास, सीहोइ	122.7	
27.	कुनोपालपुर	श्योपुर	344.68	
28.	मान्धाता (आकारेश्वर)	खण्डवा		
29.	सुरमानिया	खण्डवा		
30.	कालीमीत	बैतूल		

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

16. खनिज सम्पदा

- मध्य प्रदेश में लगभग 25 प्रकार के खनिज पाये जाते है।
- कुल खनिज उत्पादन में म.प्र. देश में 5वे स्थान पर है वही वित्तिय वर्ष 2010-11 में खनिजों के सकल उत्पादन मूल्य में देश में चौथा स्थान है।
- वर्ष 2011-12 में खनिज से 3115 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जो पहले की तुलना में 33.39% अधिक हो।
- मध्य प्रदेश की प्रथम खनिज नीति की घोषणा वर्ष 1995 में की गई थी।
- 19 जनवरी 1962 को मध्य प्रदेश राज्य खनिज विकास निगम की स्थापना की गई। मुख्यालय भोपाल में है।
- राजस्व के आधार पर दो-तिहाई खनिज सिंगरौली एवं सीधी जिला (46.82 प्रतिशत) तथा अनूपपुर एवं शहडोल जिला (20.01 प्रतिशत) उत्पादित करते है।

राज्य से खनिज निर्यात

- **मैंगनीज:** अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, रूस
- **लौहा:** जर्मनी, जापान
- **कोयला (सिंगरोली का):** उत्तर प्रदेश
- **तांबा:** राजस्थान
- **क्लिंकर (चूना):** भटिंडा (पंजाब)

मध्य प्रदेश में अयस्क उत्पादन

देश में मध्य प्रदेश का स्थान (2010)

क्र.	अयस्क	भारत में म. प्र. का स्थान
1.	हीरा	प्रथम
2.	स्लेट	प्रथम
3.	पायरोफायलाइट	प्रथम
4.	डायस्पोर	द्वितीय
5.	तांबा अयस्क	प्रथम
6.	कोयला	चतुर्थ
7.	चूना पत्थर	तृतीय
8.	लौह अयस्क	आठवां
9.	डोलोमाइट	सातवां
10.	लेटराइट	चतुर्थ

क्र.	अयस्क	भारत में म. प्र. का स्थान
11.	राक फास्फेट	द्वितीय
12.	क्ले	द्वितीय
13.	केल्साइट	द्वितीय
14.	मैंगनीज	तृतीय
15.	फायरक्ले	पांचवा
16.	स्टेटाइट	आठवां
17.	बाक्साइट	पाँचवां
18.	केओलीन	सातवां
19.	सिलिका रेत	ग्यारहवा
20.	शेल	चतुर्थ

देश में प्रथम *(TRICKS-हक से पढ़ो)*- हीरा, कॉपर, स्लेट, पाइरोफ्लाइट, डायस्पोर

देश में द्वितीय- (रॉकर)- रॉकफास्फेट, कैल्साइट

देश में तृतीय- *(TRICKS-मलिच)*-मैगनीज, लेटेराइट, चूना पत्थर

महत्वपूर्ण बिन्दु

- स्लीमनाबाद (कटनी) में स्टोन पार्क (मार्बल हब) प्रस्तावित है।
- मझौली (सीधी) से सोने के भंडार मिले है।
- झाबुआ के अलावा सागर, छतरपुर से सामान्य श्रेणी तथा खरगौन से उच्च श्रेणी के राकफॉस्फेट का पता चला है।
- कोलवेड मिथेन के भंडार रिलायंस इण्डस्ट्रीज ने सोहागपुर कोयला क्षेत्र में खोजे।
- पेट्रोलियम खनिज तेल मध्य प्रदेश में नहीं पाया जाता है।
- सिरेमिक तथा रिफैक्टरी वर्क्स जबलपुर, प्रदेश का सबसे पुराना चीनी मिट्टी की वस्तुएं बनाने का कारखाना है।
- पॉटरीज उद्योग के लिए ग्वालियर प्रसिद्ध है।
- ग्रेफाइट को काला सीसा या प्लेम्बगो भी कहा जाता है।

विशिष्ट खदान क्षेत्र

खनिज	विशिष्ट खदान/क्षेत्र	खनिज	विशिष्ट खदान/क्षेत्र
मैंगनीज	भर्वेली (बालाघाट)	ग्रेफाइट	बैतूल
तांबा	मलाजखण्ड (बालाघाट)	कोरण्डम	पीपरा-परकोटा (सिंगरौली)
कोयला	सोहागपुर (शहडोल)	संगमरमर	भेड़ाघाट (जबलपुर)
चूना पत्थर	मुडवारा (कटनी)	फेल्सफार	लम्हेटा घाट (जबलपुर)
हीरा	मझगंवा (पन्ना)	सोपस्टोन (सेलखडी)	भेड़ाघाट
बाक्साइट	अमरकंटक (शहडोल)	स्टेटाइट	
सोना	सीधी, कटनी, शहडोल	निकेल	सीधी
पैलेडियम	बैतूल	प्लेटिनम	बैतूल

मैंगनीज: देश के कुल भण्डार का लगभग 50 प्रतिशत मैंगनीज म.प्र. में पाया जाता है। इसके सबसे बड़े भण्डार बालाघाट जिले में है। दूसरे स्थान पर छिंदवाड़ा जिला है। झाबुआ व बालाघाट का मैंगनीज खनिज शिष्ट व नीस चट्टानों के साथ मिलता है। मैंगनीज मुख्यतः, बालाघाट, छिंदवाड़ा, झाबुआ, जबलपुर, मण्डला में मिलता है। मैंगनीज अयस्क संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, रूस व जर्मनी को निर्यात किया जाता है। भर्वेली (बालाघाट) एशिया की सबसे बड़ी मैंगनीज की खदान है। बालाघाट एवं छिंदवाड़ा का मैंगनीज जर्मनी, ब्रिटेन अमेरिका एवं रूस को निर्यात किया जाता है।

बॉक्साइट: बाक्साइट एल्यूनिनियम का खनिज अयस्क है। भण्डार की दृष्टि से भारत में पाँचवा स्थान है। बाक्साइट मुख्यतः जबलपुर, सतना, बालाघाट, मण्डला, शहडोल में मिलता है। प्रदेश में बॉक्साइट का प्रमुख स्रोत विंध्यन युग की बालू शैलिका एवं क्वार्टजाइट चट्टानें हैं। अमरकंटक (अनुपपूर) का बाक्साइड रेन्कुट (मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश) संयंत्र को जाता है। प्रदेश में बॉक्साइट का सर्वप्रथम खनन वर्ष, 1908 में कटनी में किया गया था।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

कोरण्डम: यह एल्यूमिनियम का प्राकृतिक ऑक्साइड है। कठोरता की दृष्टि से हीरे के बाद कोरण्डम का स्थान आता है। यह मुख्यत: पिपराँ (सिंगरौली) में पाया जाता है।

हीरा: हीरा अधात्विक खनिज है। यह अत्यंत कठोर होता है। भारत में सर्वाधिक हीरा म.प्र. में पाया जाता है। म.प्र. में हीरा पन्ना जिले के मझगवाँ व हीनोता, सतना तथा छतरपुर जिले के अंगौर आदि में पाया जाता है। कोहिनूर, ऑरलोफ, मुगल, पिट आदि प्रसिद्ध हीरे प्रदेश की खानों से प्राप्त हुए थे। पन्ना जिले में भोगन नदी घाटी में हीरे प्राप्त होते है।

चीनी मिट्टी: चीनी मिट्टी का मूल नाम केओलिन है। म.प्र. में यह ग्वालियर (नामुक पहाड़ी), जबलपुर, सतना, सीधी, शहडोल में पाई जाती है। इसका उपयोग पाइप, बर्तन और टाइल्स बनाने में होता है। चूना पत्थर कैल्किरियस चट्टानों से मिलती है।

चूने का पत्थर: देश में सर्वाधिक उत्पादन म.प्र. में होता है, जो जबलपुर, सतना, सीधी, ग्वालियर, मुरैना आदि में पाया जाता है। इसका उपयोग सीमेंट बनाने में किया जाता है।

कवार्ट्ज/सिलिका बालू: यह रीवा में मिलती है, इसका उपयोग काँच बनाने एवं प्रकाशकीय तन्तु (Fibre Optics) बनाने में किया जाता है।

ताँबा (देश का 41 प्रतिशत): म.प्र. में ये मुख्यत: बालाघाट के मलाजखण्ड में पाया जाता है। इसका उपयोग बर्तन, विद्युत उपकरण, आभूषण आदि बनाने में किया जाता है। प्रदेश में उत्पादित ताँबा राजस्थान भेजा जाता हैं। मध्य प्रदेश देश के कुल तांबा उत्पादन का 22 प्रतिशत उत्पादित करता हैं।

लोहा: म.प्र. में ये मुख्यत: जबलपुर, विदिशा, उज्जैन, शाजापुर और झाबुआ में उत्पादित होता है। इसका उपयोग लोह-इस्पात बनाने में किया जाता है। प्रदेश के लौह अयस्क को विशाखापट्टनम बन्दरगाह से जर्मनी एवं जापान को निर्यात किया जाता है।

तापसह मिट्टी (Fire Clay): यह 1600 F तक नहीं जलती। इसका उपयोग भट्टियों की ईटें तथा उच्च तापसह वस्तुएँ बनाने में होता है। यह जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाडा, पन्ना और शहडोल में पाई जाती है।

सोपस्टोन: इसके अन्य नाम टॉल्क, एटीराइट हैं। यह झाबुआ, जबलपुर, नरसिंहपुर में पाया जाता है। इसका उपयोग पाउडर, पेंट, बिजली का सामान, प्रयोगशाला की मेजें आदि बनाने में होता हैं।

फैल्सपार: यह जबलपुर और शहडोल में पाया जाता है। इसका उपयोग मिट्टी के बर्तन और काँच बनाने में होता है। म. प्र. उत्पादन में प्रथम।

संगमरमर: यह जबलपुर, बैतूल, सिवनी, नरसिंहपुर, छिंदवाडा और ग्वालियर में पाया जाता है। श्वेत संगमरमर (जबलपुर), लाल-पीला छीटदार हरा संगमरमर (बांध-ग्वालियर) में मिलता है। प्रदेश में संगमरमर आर्कियन युग की चट्टानों से प्राप्त होता है।

कोयला: यह विध्य प्रदेश एवं सतपुडा क्षेत्र में पाया जाता है। देश के कुल कोयला भण्डार का लगभग 1/7 म.प्र. में पाया जाता है। इसका उपयोग शक्ति के साधन के रूप में किया जाता है। मध्यप्रदेश में इसके महत्वपूर्ण क्षेत्र विंध्य क्षेत्र में सोहागपुर (म. प्र. का सबसे बड़ा क्षेत्र है), उमरिया, सिंगरौली तथा सतपुड़ा क्षेत्र (शाहपुर,-तवा क्षेत्र, कान्ह एवं पेंच घाटी) प्रमुख है। सिंगरौली में स्थित कोयले की पर्त 135 मीटर मोटी है, जो विश्व की दूसरी सबसे मोटी पर्त है। इसे काला सोना भी कहा जाता है। लेनिन ने इसे "उद्योगों की रोटी" कहा है। सिंगरौली (म.प्र.) का कोयला उत्तरप्रदेश के ताप विद्युत केन्द्रों को भेजा जाता है।

- कोयला उत्पादन में मध्य प्रदेश का स्थान चौथा है। (प्रथम तीन- पं. बंगाल, झारखण्ड, उड़ीसा)
- राज्य में विंध्य क्षेत्र के गोण्डवाना कल्प में सर्वाधिक कोयला भंडार है।

मध्य प्रदेश के खनिज एवं उनके क्षेत्र

खनिज	प्रमुख भण्डार क्षेत्र
लौह अयस्क	मण्डला, बालाघाट, जबलपुर, विदिशा
मैंगनीज	बालाघाट, छिंदवाडा, झाबुआ, खरगौन
टंगस्टन	आगरगांव (होशंगाबाद)
सुरमा	जबलपुर
ग्रेफाइट	बैतूल
सीसा	होशंगाबाद, दतिया, शिवपुरी, झाबुआ, जबलपुर
बैराइड	सुरजपुर (टीकमगढ़), देवास, धार, झाबुआ, शिवपुरी, सीधी, रीवा, पीपलकोट
बॉक्साइट	फुटका, करेरा, कटनी, अमरकंटक, मैनपाट
अभ्रक	बालाघाट, छिंदवाडा, होशंगाबाद, झाबुआ, मंदसौर
घीया पत्थर(टेल्क)	भेडाघाट, (जबलपुर) झाबुआ, नरसिंहपुर
हीरा	पन्ना, हीनोता, (पन्ना) मझगवां, (सतना) जबलपुर
चीनी मिट्टी (केओलिन)	कटौली, (रीवा) आंतरी, नवगांव (ग्वालियर) छिंदवाड़ा
चूना पत्थर	जबलपुर, झाबुआ, धार, सतना
सिलीमेनाइट	रीवा, सीधी
एस्बेस्टॉस डोलोमाइट	झाबुआ
तांबा	मलाजखण्ड (बालाघाट) सलीमनाबाद, (जबलपुर), होशंगाबाद, सागर
कोयला	शहडोल, छिंदवाडा, होशंगाबाद, बैतूल, सिंगरौली
टिन	गोविन्दपुर, चुखाडा, बैतूल
कोरण्डम	पीपरा, परकोटा, (सिधी) भोपाल, पट्टनम
एण्डेलुसाइट	चांदनार
रॉक फॉस्फेट	झाबुआ, छतरपुर, सागर
गेरू	सतना, पन्ना, ग्वालियर, जबलपुर
फेलस्पार	छिंदवाड़ा, जबलपुर, शहडोल
फ्लोराइट	जबलपुर
डायस्पोर	छतरपुर, टीकमगढ़, शिवपुरी
संगमरमर	जबलपुर, (सफेद) बैतूल, सिवनी, छिंदवाडा, ग्वालियर (रंगीन)
केलसाइट	बडवानी
पाइरीलाइट	शिवपुरी, छतरपुर, टीकमगढ़

खनिज आधारित उद्योग

उद्योग	स्थान
सीमेंट संयंत्र	रीवा, सतना, दामोह, कटनी, नीमच
तापीय शक्ति	बैतूल, शहडोल, उमरिया, सीधी
एबेस्टस सीमेंट की चादरें	कटनी
कॉस्टिक सोडा	रतलाम, शहडोल एवं खण्डवा
सिरेमिक रसायन	रतलाम एवं जबलपुर
रसायन	रतलाम, शहडोल एवं खाण्डवा
जलयुक्त चूना	कटनी, सतना एवं होशंगाबाद
पेन्सिल एवं स्लेट	मंदसौर
कोयला	नरसिंहपुर, अनूपपुर
मिट्टी के बर्तन	उज्जैन एवं ग्वालियर
गलन रोधी बर्तन	कटनी, रतलाम एवं जबलपुर
गलन रोधी ईटें	कटनी, जबलपुर, होशंगाबाद एवं

You Tube Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
SABDHANI COACHING INSTITUTE Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

	बागपत
मार्बल कटिंग एवं पॉलिश	कटनी
ग्रेनाइट कटिंग एवं पॉलिश	छतरपुर, टीकमगढ़

फ्लैगस्टोन कटिंग एवं पॉलिश	शिवपुरी, ग्वालियर, पन्ना एवं विदिशा

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

17. राजव्यवस्था

विधायिका

राज्य विधानमण्डल में एक ही सदन है- विधानसभा। इसके नवनिर्मित भवन को वास्तुकार चार्ल्स कुरियन ने डिजाइन किया था। पूर्व विधानसभा 'मिन्टो हाल' में लगती थी। म. प्र. की विधानसभा की कुल संख्या 230 है। अनुसूचित जाति के लिए 35 और जनजाति के लिए 47 स्थान आरक्षित, विधानसभा के पहले अध्यक्ष **कुंजीलाल दुबे** थे जबकि वर्तमान में **डॉ. सीता शरण शर्मा** है।

मध्यप्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष

क्र.	नाम	कब-से-कब तक
1.	पं. कुंजीलाल दुबे	1-11-1956 से 7-3-1967
2.	श्री काशीप्रसाद पाण्डे	24-3-1967 से 24-3-1972
3.	श्री तेजलाल टैभरे	25-3-1972 से 15-8-1972
4.	श्री गुलशेर अहमद	16-8-1972 से 14-7-1977
5.	श्री मुकुन्द नेवालकर	15-7-1977 से 2-7-1980
6.	श्री यज्ञदत्त शर्मा	3-7-1980 से 15-7-1983
7.	श्री रामकिशोर शुक्ला	5-3-1984 से 15-3-1985
8.	श्री राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल	16-3-1985 से 4-3-1990
9.	प्रो. बृजमोहन मिश्र	22-3-1990 से 22-12-1993
10.	श्रीयुत श्रीनिवास तिवारी	24-12-1993 से 11-12-2003
11.	श्री ईश्वर दास रोहणी	16-12-2003 से दिसम्बर-2013
12.	श्री सीता शरण शर्मा	9-1-2014 से निरंतर

14वीं विधानसभा की दलीय स्थिति

दल	विधायकों की संख्या	लोकसभा सांसद
भाजपा	165	17
कांग्रेस	58	12
बसपा	04	
अन्य	03	
कुल	**230**	**29**

- वर्तमान नेता प्रतिपक्ष श्री सत्यदेव कटारे है।
- लोक सभा क्षेत्र: म. प्र. में अब 29 (छ.ग. के लिए 11 पृथक होने के बाद) लोकसभा क्षेत्र है।
- **राज्यसभा में मध्य प्रदेश:** राज्यसभा में म. प्र. के 11 सदस्यों का प्रतिनिधित्व है।
- म.प्र. विधानसभा के प्रथम उपाध्यक्ष-विष्णु विनायक सरवटे
- म.प्र. विधानसभा के वर्तमान उपाध्यक्ष-राजेन्द्र सिंह

कार्यपालिका

मंत्रीपरिषद्: 1956 को म. प्र. की पहली मंत्रीपरिषद् बनी थी और पं. रविशंकर पहले मुख्यमंत्री बने थे। वर्तमान में श्री शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री है जो 13वीं विधानसभा के तीसरे मुख्यमंत्री बने थे।

1956 में राज्य स्थापना के बाद तीन अवसरों पर राज्य राष्ट्रपति शासन के अधीन रहा। यह भी उल्लेखनीय है कि सुश्री उमा भारतीय राज्य की पहली महिला मुख्यमंत्री रही। श्यामाचरण शुक्ल व शिवराज सिंह चौहान सर्वाधिक तीन बार राज्य के मुख्यमंत्री बने, जबकि श्री दिग्विजय सिंह सर्वाधिक दस साल तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। सबसे कम राजा नरेश चन्द्र सिंह मात्र 13 दिनों तक मुख्यमंत्री रहे।

मुख्यमंत्रियों की सूची

मध्य प्रदेश को 17 मुख्यमत्रियों का नेतृत्व प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री का नाम और कार्यकाल इस प्रकार है:-

क्र.	नाम	कार्यकाल
1.	रविशंकर शुक्ल	01-11-1956 से 31-12-1956
2.	भगवन्तराव मण्डलोई	01-11-1957 से 30-01-1957
3.	कैलाशनाथ काटजू	31-04-1957 से 14-04-1957 15-04-1957 से 11-03-1962
4.	भगवन्तराव मण्डलोई	12-03-1962 से 29-09-1963
5.	द्वारिका प्रसाद मिश्र	30-09-1963 से 08-03-1967
6.	गोविन्द नारायण सिंह	30-07-1967 से 12-03-1969
7.	राजा नरेशचन्द्र सिंह	13-03-1969 से 25-03-1969
8.	श्यामाचरण शुक्ल	26-03-1969 से 28-01-1972
9.	प्रकाशचन्द्र सेठी	29-01-1972 से 22-03-1972 23-03-1972 से 22-12-1975
10.	श्यामाचरण शुक्ल	23-12-1975 से 29-04-1977
	राष्ट्रपति शासन	30-04-1977 से 25-06-1977
11.	कैलाशचन्द्र जोशी	26-06-1977 से 17-01-1978
12.	वीरेन्द्र कुमार सकलेचा	18-01-1978 से 19-01-1980
13.	सुन्दरलाल पटवा	20-01-1980 से 17-02-1980
	राष्ट्रपति शासन	18-02-1980 से 08-06-1980
14.	अर्जुन सिंह	09-06-1980 से 10-03-1985 11-03-1985 से 12-03-1988
15.	मोतीलाल वोरा	13-03-1988 से 1988
16.	अर्जुन सिंह	1988 से 24-01-1989
17.	मोतीलाल वोरा	25-01-1989 से 08-12-1989
18.	श्यामाचरण शुक्ल	09-12-1989 से 04-03-1990
19.	सुन्दरलाल पटवा	05-03-1990 से 15-12-1992
	राष्ट्रपति शासन	16-12-1992 से 06-12-1993
20.	दिग्विजय सिंह	07-12-1993 से नवंबर 1998 नवंबर 1998 से नवंबर 2003
21.	सुश्री उमा भारती	नवंबर 2003, से अगस्त 2004
22.	बाबूलाल गौर	23 अगस्त 2004 से नवंबर 2005
23.	श्री शिवराज सिंह चौहान	नवंबर 2005 से 2008 तक
24.	श्री शिवराज सिंह चौहान	2008 से 2013
25.	श्री शिवराज सिंह चौहान	14 दिसंबर 2013 से अब तक

राज्यपालों की सूची

राज्यपाल राज्य कार्यपालिका का संवैधानिक प्रमुख होता है। मध्यप्रदेश राज्य की स्थापना से लेकर अब तक 21 राज्यपाल राजभवन को सुशोभित कर चुके है। मध्यप्रदेश के राज्यपालों के नाम और उनका कार्यकाल इस प्रकार है:-

क्र.	नाम	कार्यकाल
1.	बी. पट्टाभि सीतारामैया	01-11-1956 से 13-06-1957
2.	हरि विनायक पाटस्कर	14-06-1957 से 10-02-1965
3.	के. सी. रेड्डी	11-02-1965 से 02-02-1966

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

4.	न्यायाधीश पी. वी. दीक्षित (कार्यकारी)	03-02-1966 से 09-02-1966
5.	के. सी. रेड्डी	10-02-1966 से 07-03-1971
6.	सत्यनारायण सिन्हा	08-03-1971 से 13-10-1977
7.	श्री एन. एन. वांचू	14-10-1977 से 16-08-1978
8.	श्री एच. एम. पुनाचा	17-08-1978 से 29-04-1980
9.	भगवत दयाल शर्मा	10-07-1981 से 20-09-1983
10.	न्यायाधीश जी. पी. सिंह (कार्यकारी)	26-05-1981 से 09-07-1981
11.	भगवत दयाल शर्मा	10-07-1981 से 20-09-1983
12.	न्यायाधीश जी. पी. सिंह (कार्यकारी)	21-09-1983 से 07-10-1983
13.	भगवत दयाल शर्मा	08-10-1983 से 14-05-1984
14.	के. एम. चांडी	15-05-1984 से 30-11-1987
15.	न्यायीधीश एन. डी. ओझा (कार्यकारी)	01-12-1987 से 29-12-1987
16.	के. एम. चांडी	30-12-1987 से 30-03-1989
17.	सरला ग्रेवाल	31-03-1989 से 05-02-1990
18.	कुंवर मेहमूद अली खान	06-02-1990 से 23-06-1993
19.	मोहम्मद शफी कुरैशी	24-06-1996 से 21-04-1998
20.	भाई महावीर	22-04-1998 से 2003 तक
21.	स्व. रामप्रकाश गुप्त	2003 से 2004
22.	श्री बलराम जाखड़	जून 2004 से जुलाई 2009
23.	श्री रामेश्वर ठाकुर	जुलाई 2009 से 2011
24.	श्री रामनरेश यादव	2011 से अब तक

- श्री पट्टाभिसीतारमैया प्रदेश के पहले राज्यपाल थे।
- सरला ग्रेवाल पहली महिला राज्यपाल रही।
- राज्यपाल श्री रामप्रकाश गुप्त उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे है और उनकी पद पर रहते हुए मृत्यु हुई।

प्रशासनिक तंत्र

राज्य सचिवालय: मध्यप्रदेश के प्रशासन का केन्द्र बिन्दु सचिवालय 'वल्लभ भवन' भोपाल में स्थित है। वस्तुत: यह मंत्रियों और सचिवों दोनों का कार्यालय है।

मुख्य सचिव: राज्य के प्रथम मुख्य सचिव एच. एम. कामथ थे। वर्तमान मुख्य सचिव **श्री एंथोनी जे.सी. डेका** है।

संचालनालय: भोपाल में सतपुड़ा और विध्यांचल नामक दो भवन सचिवालय की ईमारत के पास खड़े है जो वस्तुत: संचालकों के कार्यालय है।

क्षेत्रीय संगठन: राज्य में 10 संभाग और 51 जिले है। जिले में अनुभाग, तहसीलें और उपतहसीलें सामान्य प्रशासन से संबंधित नियामिकीय कार्य तथा राजस्व प्रशासन से संबंधित कार्य करती है।

संभाग आयुक्त: राज्य के समस्त 10 संभाग में आयुक्त है। जो संभाग का सबसे प्रमुख अधिकारी होता है। जिले में कानून व्यवस्था से लेकर विकास कार्य तक की विभिन्न जिम्मेदारियां कलेक्टर की होती है।

राज्य के प्रशिक्षण संस्थान

संस्थान	मुख्यालय
नरोन्हा प्रशासन अकादमी	भोपाल
ग्रामीण विकास संस्थान	जबलपुर
महिला एवं बाल विकास प्रशिक्षण संस्थान	बैतूल
रेंजर प्रशिक्षण केन्द्र (वनराजिक महाविद्यालय)	बालाघाट
ग्रामीण पंचायत प्रशिक्षण संस्थान	अमरकंटक

प्रमुख प्रशासनिक भवनों का नाम

1. मुख्यमंत्री का निवास – श्यामला हिल्स पर
2. राज्य निर्वाचन आयोग – निर्वाचन भवन
3. राज्य मानवाधिकार आयोग – पर्यावास भवन
4. म.प्र. विद्युत नियामक आयोग – उर्जा भवन
5. राज्य विद्युत मण्डल – शक्ति भवन
6. मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम – पुस्तक भवन
7. राज्य सचिवालय – वल्लभ भवन
8. राज्य संचालानालय – सतपुड़ा और विध्यांचल

पुलिस प्रशासन

पुलिस महानिदेशक: यह पद 1982 से सृजित किया गया था। यह राज्य का सबसे बड़ा पुलिस अधिकारी है। पहले पुलिस महानिदेशक श्री वीजी घाटे थे। वर्तमान पुलिस महानिदेशक श्री नंदन दुबे है।

पुलिस अधीक्षक (एस. पी.): प्रत्येक जिले का प्रमुख पुलिस अधिकारी पुलिस अधीक्षक होता है।

वर्तमान पुलिस संगठन

रेंज (I.G.)	:	11	पुलिस अनुभाग	:	146
रेंज (D.I.G.)	:	15	पुलिस थाना	:	991
पुलिस जिले	:	50	पुलिस चौकियां	:	479

नगर सेना: राज्य में नगर सेना 'पैरा पुलिस फोर्सेस' के रूप में कार्यरत है। इनकी सेवाएं ट्रैफिक, सार्वजनिक सम्पत्ति और उच्चाधिकारियों की सुरक्षा में ली जाती है।

होमगार्ड: राज्य में होमगार्ड का व्यवस्थित संगठन है और इसके अपने महानिदेशक, महानिरीक्षक होते है। प्रदेश में होमगार्ड की कुल 106 कंपनियाँ है।

राज्य पुलिस प्रशासन

क्र	रेंज (I.G)	जिले
1.	इंदौर रेन्ज	इंदौर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बुरहानपुर।
2.	उज्जैन रेन्ज	उज्जैन, देवास, रतलाम, शाजापुर, नीमच, मन्दसौर, आगर।
3.	होशंगाबाद रेन्ज	होशंगाबाद, हरदा रायसेन।
4.	भोपाल रेन्ज	भोपाल, सीहोर, राजगढ़, विदिशा।
5.	ग्वालियर रेन्ज	ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोक नगर।
6.	जबलपुर रेन्ज	जबलपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, नरसिहपुर, कटनी, मण्डला।
7.	सागर रेन्ज	सागर, टीकमगढ़, दमोह, छतरपुर, पन्ना।
8.	रीवा रेन्ज	रीवा, सीधी, कटनी, सतना, सिंगरौली।
9.	बालाघाट रेन्ज	बालाघाट।
10.	चम्बल रेन्ज	मुरैना, भिण्ड, श्योपुर एवं दतिया।
11.	शहडोल रेन्ज	शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर।

रेलवे पुलिस: रेलवे पुलिस की पृथक संरचना है। इसका भी एक महानिरीक्षक होता है इसके अधीन 3 सेक्शन है- इन्दौर, भोपाल और जबलपुर। भोपाल सेक्शन के अंतर्गत सर्वाधिक 8 थाने है।

- हरिजन एवं आदिवासी प्रकोष्ठ की स्थापना पुलिस मुख्यालय भोपाल में की गई है।
- मध्य प्रदेश सेवा संवर्ग की प्रथम महिला आईपीएस अधिकारी आशा गोपालन है।
- पहला महिला पुलिस थाना भोपाल में खोला गया।
- जिला पुलिस प्रशासन की अभियोजन शाखा जिला कलेक्टर के अंतर्गत आता है।
- प्रथम ISO प्रमाणन थाना है- देवास।
- मध्य प्रदेश पुलिस की नेट सुविधा है- पोलनेट।

प्रमुख पुलिस संस्थान

संस्थान	मुख्यालय

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

राज्य पुलिस हेडक्वार्टर	भोपाल
जवाहर लाल नेहरू पुलिस अकादमी	सागर
मध्य प्रदेश पुलिस कॉलेज	सागर
सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र	इन्दौर
पुलिस मोटर वर्कशॉप केन्द्र	रीवा
पुलिस वायरलेस प्रशिक्षण केन्द्र	इन्दौर
पुलिस यातायात प्रशिक्षण केन्द्र	भोपाल
स्वान (Dog) प्रशिक्षण केंद्र	भदभदा (भोपाल)
प्लाटुन कमाडर प्रशि. संस्थान	जबलपुर (छठी वाहिनी)
फारेन्सिक साइंस लैबोरेटरी	सागर

राज्य सूचना आयोग

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत राज्य शासन द्वारा गठित राज्य सूचना आयोग का कार्यालय वर्तमान में निर्वाचन भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल पर स्थित है। प्रथम सूचना आयुक्त – टी. एन. श्रीवास्तव, वर्तमान में–इक्बाल अहमद

'ग्राम संपर्क' वेबसाइट

ई-शासन की अवधारणा: मध्य प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है जहां के सभी गांव ग्राम संपर्क नाम वेबसाइट द्वारा ई-शासन के तहत लाए गए है। मध्य प्रदेश का पहला ऐसा राज्य है जहां प्रत्येक गांव में पारदर्शी रूप में सुविधाओं में संबंधित सूचनाओं, कमियों तथा जनशिकायतों को सार्वजनिक कर दिया गया है।

वेबसाइट का नाम– www.mp.nic.in/gramsampark

न्यायिक प्रशासन

उच्च न्यायालय: राज्य में उच्च न्यायालय का मुख्यालय जबलपुर में है जबकि इसकी दो खण्डपीठें क्रमश: इन्दौर और ग्वालियर में है। **मुख्य न्यायाधीश:** मोहम्मद हिदायतुल्ला राज्य उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायधीश थे। वर्तमान मुख्य न्यायाधीश: **श्री अजय मानकराव खानवलकर**

मुख्य पीठ के तहत आने वाले जिले: अनूपपुर, बालाघाट, बैतूल, भोपाल, बुरहानपुर, छतरपुर, छिंदवाड़ा, दमोह, डिण्डोरी, खण्डवा (पूर्वी निमाड़), हरदा, होशंगाबाद, जबलपुर, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, पन्ना, रायसेन, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिहोर, टीकमगढ़, उमरिया।

खण्डपीठ इंदौर के तहत आने वाले जिले: बड़वानी, देवास, धार, इंदौर, झाबुआ, मंदसौर, नीमच, रतलाम, राजगढ़, शाजापुर, आगर, उज्जैन, खरगौन, (प. निमाड़)।

खण्डपीठ ग्वालियर के तहत् आने वाले जिले: अशोक नगर, भिण्ड, दतिया, गुना, ग्वालियर, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी, विदिशा।

ग्राम न्यायालय: 2009 में भारत में शुरू। इसके तहत् मध्य प्रदेश का पहला ग्राम न्यायालय बैरसिया (जिला–भोपाल) में 2 अक्टूबर 2009 में स्थापित।

पंचायत व्यवस्था

मध्य प्रदेश राज अधिनियम, 1962 का क्रियान्वयन: पाण्डे समिति की सिफारिशों के अनुरूप विधानसभा ने इसे 1962 में पारित किया जो राष्ट्रपति की स्वीकृति उपरान्त 1962 में ही लागू हुआ।

मध्य प्रदेश पंचायत अध्यादेश, 1981:

मध्य प्रदेश राज अधिनियम 1993: 11वीं अनुसुची में पंचायतों को 29 कार्य सौपें गये है।

- म.प्र. में 51 जिले, 359 तहसीलें, 313 विकासखण्ड (जिनमें 89 आदिवासी विकासखण्ड शामिल हैं) 476 नगर, 54903 ग्राम (इनमें से 52117 आबाद ग्राम) शामिल है।
- म.प्र. में 51 जिला पंचायतें, 313 जनपद पंचायतें, 23012 ग्राम पचायतें, 14 नगर निगम, 97 नगर पालिकायें, 258 नगर पंचायतें हैं।
- स्थानीय निकायों एवं पंचायती संस्थाओं के निर्वाचन में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दिया गया है।
- स्थानीय निकायों में right to recall का प्रावधान करने वाला प्रथम राज्य, इसका प्रथम प्रयोग शहडोल जिले की अनूपपुर की पल्लविका पटेल को जनता ने हटाया।
- वर्तमान समय में राज्य में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था कायम है जिनकी अवधारणा में एक या एक से अधिक गांवों के लिए ग्राम पंचायत, प्रत्येक विकास खंड के लिए जनपद पंचायत व प्रत्येक जिला के लिए जिला पंचायत की बात शामिल है। 1993 के अधिनियम में संविधान में त्रिस्तरीय पंचायतों के प्रमुखों के निर्वाचन की स्थिति के संदर्भ में यह व्यवस्था की गई है कि केवल ग्राम पंचायतों के सरपंच के मामले में निर्वाचन प्रक्रिया का जिम्मा राज्य सरकार के विवेक पर निर्भर करेगा जबकि जनपद एवं जिला पंचायतों के मामले में सदस्यों का चुनाव प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के माध्यम से चुने हुए सदस्यों द्वारा किया जायेगा।
- **सुशासन एवं नीति विश्लेषण स्कूल:** राज्य शासन द्वारा भोपाल में इस स्कूल की स्थापना 2008 में की गयी है।

नगरीय स्वशासन

मध्य प्रदेश का प्रथम नगरपालिका अधिनियम, 1956 में लागू किया गया। मध्य प्रदेश में तीन प्रकार की नगरीय शासन संस्थाएं है। प्रत्येक को 12वीं अनुसूची में दिये गये 18 कार्य सौपें गये है।

मध्य प्रदेश में प्रथम नगर पालिका का गठन 1864 में जबलपुर में हुआ।

राजेन्द्र धारकर समिति का गठन नगरीय निकायों से संबंधित है।

मध्य प्रदेश के नगर पालिका निगम

1. बुरहानपुर	2. रतलाम	3. खण्डवा 4. उज्जैन
5. जबलपुर	6. देवास	7. मुड़वारा (कटनी)
8. इंदौर	9. भोपाल	10. सागर 11. सतना
12. ग्वालियर	13. रीवा	14. सिंगरौली

1. **नगर पंचायत:** संख्या 258 है।
2. **नगर पालिका:** नगरपालिका की संख्या 97 हो गयी है। सर्वप्रथम दतिया (विंध्य प्रदेश) में 1907 में राज्य की पहली न्यायपालिका का गठन किया गया था।
3. **नगर निगम:** बड़े नगरों में नगर निगम होते है। इनका प्रमुख मेयर कहलाता है तथा सदस्य पार्षद। इनका चुनाव प्रत्यक्ष मतदान द्वारा होता है। मध्यप्रदेश में 14 नगर निगम है।

राज्य वित्त आयोग

73वें और 74वें संविधान संशोधन के बाद अनु. 243 के अंतर्गत प्रत्येक 5 वर्ष बाद स्थानीय संस्थाओं की वित्तीय स्थिति का पुनर्निरीक्षण करने के लिए प्रत्येक राज्य में एक वित्त आयोग के गठन का प्रावधान है। मध्य प्रदेश राज्य ने भी 14 जून, 1994 को **पहला राज्य वित्त आयोग** गठित किया।

मुख्यमंत्री की पदेन अध्यक्षता वाली संस्थाएं

1. मध्य प्रदेश जैव प्रौद्योगिकी परिषद्
2. मैच–आईटी (मध्य प्रदेश एजेन्सी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नॉलॉजी)
3. राज्य योजना मण्डल
4. मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद्
5. महर्षि पंतजलि संस्कृति संस्थान

You Tube Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
SABDHANI COACHING INSTITUTE Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

18. अनुसूचित जाति/जनजाति

अनुसूचित जाति

- संविधान के अनुच्छेद 341 में सूचीबद्ध जातियां अनुसूचित जातियां कहलाती हैं।
- जनांकिकी 2011 के अनुसार राज्य में अनुसूचित जाति की कुल संख्या 11342320 हैं, जो राज्य की जनसंख्या का 15. 6 प्रतिशत हैं।
- मध्य प्रदेश में 40 से अधिक अनुसूचित जातियां है। चमार जाति राज्य की सबसे बड़ी अनुसूचित जाति हैं। अन्य जातियों में खटीक (राज्य की दूसरी बड़ी जाति), भंगी, बलाई, बेडिया, लखारा, बसोड़ प्रमुख हैं।
- बेडिया नामक अनुसूचित जाति सागर जिले में निवासरत हैं जो कि वेश्यावृत्ति से वंशानुगत रूप से जुडी रही हैं सरकार ने इस प्रथा से मुक्ति हेतु जाबलि योजना चलाई हैं। साथ ही बसोड़ अनुसूचित जाति बालाघाट में प्रमुखत: निवासरत हैं जो कि बांस शिल्प में पारंगत हैं।
- सर्वाधिक अनुसूचित जाति इंदौर जिले में है
- न्यूनतम अनुसूचित जाति झाबुआ जिले में है।
- जनसंख्या में प्रतिशत के हिसाब से अनुसूचित जाति का सर्वाधिक प्रतिशत उज्जैन तथा न्यूनतम जनसंख्या प्रतिशत झाबुआ में है।
- लिंगानुपात 920 (2001 में 905 था)।
- साक्षरता दर 58.6 प्रतिशत
- सर्वाधिक साक्षरता वाला जिला बालाघाट।

अनुसूचित जनजाति

- जनजाति अथवा आदिवासी ऐसे मानव समूह हैं, जो विकास के सोपान में सबसे निचले पायदान पर हैं। शब्दकोश के अनुसार 'जनजाति' एक सामाजिक समूह हैं, जो प्राय: निश्चित भू-भाग पर निवास करता हैं, जिसकी अपनी भाषा, सभ्यता तथा सामाजिक संगठन होता हैं।
- 2011 की जनगणना के अनुसार जनजातियों का प्रतिशत मध्य प्रदेश में 21.1 प्रतिशत है। लगभग 24 जनजातियां यहां निवास करती है। अपनी उपजातियों समेत इनकी संख्या 90 के लगभग हो जाती है। मध्य प्रदेश में 15316784 जनसंख्या इन जातियों की है, जो अब भी भारत में सर्वाधिक है।
- राज्य की कुल जनजाति आबादी में भीलों की संख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है। गोंडो की आबादी दूसरे क्रम पर हैं। अनुसूचित जनजातियों में प्रति हजार पुरूषों के बीच 975 स्त्रियॉ हैं। अनुसूचित जनजातियों में सर्वाधिक स्त्री-पुरूष अनुपात राज्य के बालाघाट जिले (1000 : 1050) में हैं।

जनसंख्या अनुसार वितरण

- राज्य के सभी 51 जिलों में जनजातियों का निवास है, यद्यपि उनकी संख्या में अंतर है।
- धार में सर्वाधिक जनसंख्या जनजाति की है।
- जनजातियों का दो पेटियों झाबुआ से सतपुड़ा पर्वत तथा मैकल पर्वत से बघेलखण्ड तक भारी संकेन्द्रण है।
- धार, झाबुआ, मण्डला, खरगोन में 50 प्रतिशत से अधिक आबादी जनजातियों की है।
- न्यूनतम जनजाति जनसंख्या : भिण्ड (6131)
- मध्य प्रदेश की 3 बड़ी जनजातियां : भील, गौंड, कोल
- एक जनजाति के रूप में भील जबकि एक समूह जनजाति के रूप में गोंड मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर है।
- **विशेष पिछड़ी घोषित जनजातियां:** केन्द्र सरकार ने राज्य की 3 जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया है, **बैगा, सहरिया** और **भारिया।**

क्षेत्रानुसार अनुसार वितरण

1. **उत्तरपूर्वी क्षेत्र की जनजातियां:** शहडोल, सिधी, जबलपुर, रीवा, सतना जिलों में कोल माडिया, अगरिया, पनिका, खैरवार जनजाति के व्यक्ति रहते है। इसमें कोल प्रमुख जनजाति है, जो जबलपुर-रीवा-सतना बेल्ट में है।
2. **दक्षिण क्षेत्र:** इसके अंतर्गत मण्डला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, बैतुल, होशंगाबाद जिले आते है। यहां भारिया, बैगा, गोंड, कोरकु, प्रमुख जनजातियां है, यद्यपि माडिया, हल्बा भी यहां मिलते है। बैगा विशेष रूप से मण्डला में भारिया छिन्दवाड़ा में तथा कोरकु होशंगाबाद से लेकर पूर्वी निमाड़ तक मिलते है।
3. **पश्चिमी क्षेत्र:** निमाड़ के दोनों जिलें खण्डवा, खरगोन तथा झाबुआ, रतलाम, धार आदि में भील, भीलाला जनजातियां विशेष रूप से पायी जाती है। इनमें भी झाबुआ और धार में इनका पर्याप्त संकेन्द्रण है।

जनजाति वार विवरण

1. गोण्ड

- मध्य प्रदेश की दूसरी सबसे बडी और भारत का **सर्वप्रमुख** सबसे बडा जनजाति समूह गोण्ड है। इनका मूल द्रविड़ियन है। गोंडो की उत्पत्ति तेलगु के 'कोंड' शब्द से हुई हैं जिसका अर्थ पर्वत हैं अर्थात् यह जनजाति पर्वतों पर निवास करती हैं।
- इनमें अनेक प्रकार के विवाह होते है, दूध लौटाना, पठौनी, चढ़ विवाह, लमसेना विवाह।
- गोंड जनजाति में वर द्वारा वधु मूल्य नहीं चुकाने की स्थिति में वह भावी ससुर के यहां सेवा करता हैं, जिससे खुश होकर उसे कन्या दे दी जाती हैं। इसे सेवा विवाह कहा जाता हैं तथा वह व्यक्ति **'लामानाई'** कहलाता हैं।
- इनके 7 प्रमुख पर्व, त्यौहार है, बिदरी, बकपंथी, हरडिली, नवाखानी, जवारा मडई और छेरता।
- पेज इनका प्रमुख भोजन है।
- **मुड़ियाओं** के समान गोंडों में भी **घोटुल प्रथा** पायी जाती है।
- गोंड दो प्रमुख वर्गों में विभक्त रहे है, राजगोंड और धुरगोंड।
- **मड़ई:**गोंड और उसकी उपजातियों का एक सांस्कृतिक मेला है।
- **प्रमुख देवता:** हिन्दू देवताओं के साथ ठाकुर देव, माता बाई, दूल्हादेव, बाधेश्वर, सूरजदेव, खैरमाता (ग्राम्य देवी)
- **प्रमुख नृत्य:** करमा, सैला, भडौनी, सुआ, दीवानी, बिरहा, कहरवा आदि।

2. भील जनजाति

- मध्य प्रदेश की प्रमुख सबसे बड़ी जनजाति भील है। इनका मूल प्रोटोआस्ट्रेलाईड है।
- भील का अर्थ-कमान। ये धनुष रखते है, इसलिए भील कहलाते हैं।
- **उपजातियां:** भील, भीलाला, पटालिया, रथियास और बैगास।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

- भील जहां रहते है, उस जगह को 'फाल्या' कहते है।
- भीलों के पारम्परिक पर्व गलछेड़ों, भगोरिया नबई, चलावणी, जातरा।
- **पिथौरा** भीलों का विश्व प्रसिद्ध चित्र है और श्री पेमा फल्या उसके श्रेष्ठ कलाकार है।
- मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में आयोजित **भगोरिया हाट** भीलों का प्रसिद्व प्रणय पर्व हैं, जो होली के अवसर पर आयोजित होता हैं।

3. बैगा

- मध्य प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र में बैगा सर्वाधिक महत्वपूर्ण जनजाति है। यह गोडों की ही उपजाति मानी जाती हैं।
- **उपजातियाः** भरोरिया, नरोतिया, रैनना, कथमैना।
- इस जनजाति पर लिखी गई पुस्तक **'बैगा'** के रचियता **'बैरियर एल्विन'** हैं।
- इनमे 'बांसी भोजन' की परम्परा है।
- इनके प्रमुख नृत्य हैं- करमा, सैला, परधोन और फाग।
- 'साल' इनका प्रिय वृक्ष है जिसमें इनके देवता बूढ़ा देव निवास करते है। 'ठाकुर देव' गांव के भूमि देवता है।
- बैगा बेवार या पोण्डू कृषि (झूम) करते है जबकि बारी नामक खेती पद्वति गोंड जनजाति द्वारा अपनाई जाती हैं।
- बैगा जनजाति संसार की सबसे अधिक गुदना प्रिय जनजाति हैं।

4. सहरिया जनजाति

- इनकी बसाहट को सहराना कहा जाता है, जिसका मुखिया 'पटेल' होता है।
- सहरिया जड़ी-बूटियों की पहचान में सिद्धहस्त होते हैं।
- केन्द्र सरकार द्वारा घोषित विशेष पिछड़ी जनजाति।
- इस जनजाति का मूलनिवास शाहबाद जंगल (कोटा, राजस्थान) हैं।

5. भारिया

- यह द्रविड़ियन या कोलेरियन समूह की जनजाति है।
- पातालकोट (छिन्दवाड़ा) के भारिया आदिम मानव जैसा जीवन जी रहे हैं।
- भारिया में चूड़ीप्रथा है।
- इनका मुख्य भोजन पेज है। महुआ और आम के बीजों की रोटी वर्षा ऋतु में खाते है।
- इनकी बोली भरनोटी है।
- भरम, सैतम, करमा, सैलना इनके प्रमुख नृत्य है।
- इनके प्रमुख देवता में बूढ़ादेव, दूल्हादेव, बरूआ, नागदेव हैं।
- ढाहिया खेती करने वाले भारिया अब स्थायी कृषि करने लगे हैं।

7. कोल

- यह तीसरी बड़ी जनजाति है।
- इनके दो मुख्य उपवर्ग है - रौतिया और रौतल।
- इनका 'दहका' नृत्य अत्यंत प्रसिद्ध है।
- कोल जनजातियों की पंचायत को **'गोहिया'** कहा जाता हैं।

8. कोरकु

- म.प्र. की कोरकू जनजाति एक आदिम जनजाति हैं, जो मध्य प्रदेश के दक्षिणी जिलों में निवास करती हैं। अधिकांश कोरकू होशंगाबाद पश्चिमी सतपुड़ा, पूर्वी निमाड, बैतूल, छिंदवाडा तथा दक्षिण बार के मैदान तक बसे हैं।
- इनमें कई विवाह प्रचलित है जैसे-इमझना, चिथोड़ा, राजनी-बाजी, विधवा-विवाह, हठ विवाह आदि।
- इनकी 4 उपजातियां भी है-पटरिया, रूमा, दुलारया ओर बोवई।
- 'खम्बस्वांग' इनका प्रसिद्ध नृत्य प्रधान नाटक है।

9. अगरिया

- गोंडों की एक शाखा 'अगरिया' जनजाति का व्यवसाय लोहे को गलाकर औजार बनाना है, अतः अगरिया कहलाते है।
- य 'उड़द दाल' को शुभ संकेत के रूप में उपयोग लाते है।
- अगरिया जनजाति के प्रमुखे देवता 'लोहासूर' है। अगरिया लोग अपने देवता को काली मुर्गी की भेंट चढाते हैं
- इनका प्रिय भोजन सूअर का मांस है।

10. पारधी

- जिसका अर्थ है- आखेट।
- यह बहेलिया श्रेणी की जनजाति है, बन्दरों का शिकार कर उनका मांस खातें है।
- इस जनजाति का मुख्य निवास भोपाल, रायसेन व सिहोर जिलों में हैं।

11. पनिका

- पनिका मुख्यतः छत्तीसगढ के विंध्य प्रदेश की जनजाति हैं यह मध्य प्रदेश के सीधी व शहडोल में पायी जाती हैं इस जनजाति के लोग कबीर पंथी हैं, यें 'कबीरहा' भी कहलाता हैं।
- कबीरहा मांस मदिरा का सेवन नहीं करते है।
- सूर्य, इन्द्र, हनुमान, दुल्हादेव, बूढ़ीमाता, मरहीमाता, हुल्की भाई आदि की पूजा।

12. उरांव

- इनका मुखिया 'महतो' कहलाता है, तथा पुरोहित 'बैगा'।
- इनके युवागृह 'धुमकोरिया' कहलाते है।
- **पर्व-त्यौहारः** सरना पूजा, करना पूजा, कुल देव पूजा।
- **नृत्यः** सरहूल, करमा, घुड़िया डण्डा।
- **विवाह पद्धतिः** बुंदे विवाह (वधु मूल्य), बन्दवा (राजी मर्जी विवाह), ढुंकू (लड़की द्वारा स्वयं वर चुनना।)
- **बोलीः** कुरूख।

13. खैरवार

- खैर वृक्ष से कत्था निकालने के कारण खैरवार कहलाने वाली इस जनजाति का वितरण उमरिया, सिधी, अनुपपूर तथा शहडोल में मुख्यतः है।

14. कोरवा

- कोरवा जनजाति की पंचायत को 'मैयारी' कहते हैं।

15. बंजारा

- भारत की यायावर जनजाति ''बंजारा'' पर कबिलाई पद्धति का प्रभाव आज भी हैं।
- कबीले का एक मुखिया होता हैं जिसे नायक कहते हैं।
- बंजारा स्त्रियां संसार की सर्वाधिक श्रृंगार प्रिय जनजाति हैं।
- पहले यह जनजाति 'बालद' लादकर लाती थी अर्थात बैलों पर लादकर जीवनोपयोगी सामग्री विक्रय करती थी। अब इनका प्रमुख व्यवसाय पशु चारण हैं।

16. धानुक जनजाति

- धानुक जनजाति के लोग मुख्यतः भिण्ड, मुरैना, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, इन्दौर, सतना जिले में निवास करते हैं।
- धानुक शब्द की उत्पत्ति संस्कृति के 'धनुष्क' से हुई हैं, जिसका अर्थ हैं, धनुष रखने वाला।
- इनमें विवाह सामान्यतः बाल्यावस्था में हो जाता था।

17. सौर जनजाति

- यह प्रदेश के सागर और दमोह जिले में निवास करती हैं।
- सौर लोगों में भवानी की पूजा की जाती हैं, जिसका एक नाम दूल्हादेव भी हैं।

18. बिंझवार जनजाति

- बिंझवार मध्य प्रदेश की एक अल्पसंख्यक जनजाति हैं।
- बिंझवार जनजाति मध्य प्रदेश के बालाघाट और मण्डला में निवास करती हैं।
- ये मूलतः द्रविडियन परिवार के हैं।
- इनका उद्गम विंध्याचल पर्वत माना जाता हैं।
- पंचायत का मुखिया 'पेटल' अथवा 'गौटिया' कहलाता हैं।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

मध्य प्रदेश की जनजातियाँ

क्र.	जनजाति	उपजातियां	निवास स्थान
1.	गोंड	परधान, अगरिया, ओझा, नगारची, सोलहास	प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यत: विन्ध्य और सतपुड़ा अंचल में
2.	भील	बेरला, भिलाला, पटविया	धार, झाबुआ, खण्डवा, खरगौन
3.	बैगा	बिझवार, नरोतिया, भतोरिया, नाहर, राय, मैना, कठमैना	मण्डला, बालाघाट, शहडोल
4.	कोरकू	मोवासीरूम, बवारी, बोडोया	खण्डवा, होशंगाबाद, बैतूल, छिंदवाड़ा, देवास
5.	भारिया	भूमिया, भूईहार, पंड	छिंदवाड़ा, जबलपुर, मण्डला, शहडोल, पन्ना
6.	कोल	रोतिया, रौतेले	रीवा, सतना, शहडोल, सीधी
7.	माड़िया	आबूझमड़िया, दण्डामी, माडिया मेटाकोईतुर	जबलपुर, मण्डला, शहडोल, पन्ना, छिंदवाड़ा
8.	सहरिया	–	गुना, शिवपुरी, मुरैना, श्योपुर, ग्वालियर, विदिशा, राजगढ़
9.	सउर	–	छतरपुर, पन्ना, टीकमगढ़, सागर, दमोह
10.	अगरिया	–	मण्डला,सीधी, शहडोल
11.	पनिका	–	शहडोल, सीधी
12.	परधान	–	सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, बैतूल
13.	खैरवार	–	सीधी, शहडोल, पन्ना, छतरपुर

अनुसूचित जाति और जनजातियों के विकास हेतु राज्य की योजनाएं

अरूणिमा योजना: जनजातिय वर्ग को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना।

जाबालि योजना: वेश्यावृत्ति में उलझी जनजातियों की समस्या से संबंधित शासन द्वारा जाबलि योजना मुरैना, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, राजगढ़, रतलाम, मन्दसौर, उज्जैन तथा सागर जिलों में

राज्य अन्नपूर्णा योजना: वर्ष 1999-2000 से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छोटे और सीमांत किसानों के लिए खरीफ मौसम में धान, ज्वार, बाजरा, मक्का, कोदों, कुटकी, रागी और रबी मौसम में बीजों की व्यवस्था।

जीवन ज्योति योजना: इस योजना में जनजातिय क्षेत्रों में निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध।

शंखनाद योजना: आदिवासी क्षेत्रों की विकास प्रक्रिया में विद्यालयों को भागीदार बनाना।

अन्त्योदय कार्यक्रम

नवजीवन योजना- ऐसे जनजातीय सदस्य जो रोजगार की खोज में शहरों की ओर पलायन करते हैं, लेकिन निर्धनता एवं बेरोजगारी के कारण अपना जीवन फुटपाथों में गुजारते हैं, ऐसे आवासहीन परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत रियायती मूल्य पर भूखण्ड उपलब्ध कराया जाता हैं।

वसुन्धरा योजना- इस योजना के तहत आदिवासी भूमिहीन कृषकों को कृषि योग्य भूमि खरीदने हेतु 10 वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाता हैं।

जीवनधारा योजना- इस योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों को सिंचाई उपलब्ध कराई जाती हैं।

जल जीवन योजना- इस योजना के तहत कृषि सहकारिता को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से अनुसूचित जाति/जनजाति के छोटे किसानों को सिचाई हेतु 75% अनुदान दिया जाता हैं।

स्वावलम्बन योजना- इस योजना के अन्तर्गत आदिवासियों को व्यवसाय शुरू करने हेतु सरल किश्तों में ऋण प्रदान किया जाता हैं।

मधुवन योजना- इस योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों को आधुनिकतम डेरी फार्म, पोल्ट्री फार्म तथा अन्य पशुधन विकास कार्यो की स्थापना का प्रावधान हैं।

पवनपुत्र योजना- इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के बेरोजगारों को ऑटो रिक्शा, मेटाडोर आदि खरीदने के लिए आसान किश्तों में ऋण प्रदान किया जाता हैं।

निर्मित योजना- इस योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के सदस्यों को इंजीनियर्स आर्किटेक्चर्स तथा डिप्लोमाधारी इंजीनियर्स द्वारा भवन निर्माण तथा अन्य निर्माण कार्यो का प्रशिक्षण दिया जाता हैं।

रफ्तार योजना- इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रशिक्षित चालक,परिचालक तथा सहायक वर्ग को संगठित कर एक समिति का निर्माण किया जाता हैं, ऐसी समिति को ट्रक या बस क्रय करने के लिए शासन द्वारा ऋण एवं अनुदान दिया जाता हैं।

सहारा योजना- अनुसूचित जाति/जनजाति के निशक्त एवं कमजोर लोगों के लिए सामान्य रोजगार सृजित करना इस योजना का लक्ष्य हैं।

सहकार योजना- इस योजना के अन्तर्गत स्थानीय खनिज तथा इस पर आधारित अन्य स्त्रोतों से अनुसूचित जाति/जनजाति के श्रमिकों को प्रत्यक्ष लाभ दिलाने का प्रयास किया जाता हैं।

न्याय निकेतन योजना- इस योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अभिभावकों को प्रेक्टिस सुचारू रूप से चलाने तथा असुविधा से बचने के लिए न्यायालयों के निकट अभिभाषक कक्ष उपलब्ध कराया जाता हैं।

धनवन्तरी योजना- इस योजना के तहत अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के एलो-पैथिक अथवा आयुर्वेदिक चिकित्सकों को स्वयं के मूल स्थान पर अथवा जनपद मुख्यालय पर निजी प्रेक्टिस के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती हैं।

वनजा योजना- इस योजना के तहत लघु वनोपज पर आधारित लघु उद्योगों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की सहकारी समितियां बनाकर उन्हें आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं।

प्रमुख तथ्य

- डहया कृषि, पेण्डा कृषि, वेबरी कृषि, झूम खेती: ये सभी स्थानांतरित कृषि के नाम है।
- बैगा जनजाति में समय के अनुसार तीन भोजन प्रचलित है: सुबह, 'बासी', दोपहर में 'पेज' और रात्रि में 'बिमारी'।
- भीलों का घर 'फाल्या' कहलाता है।
- माडिया जनजाति अल्पसंख्या में जबलपुर, मण्डला और पन्ना जिलों में पाई जाती है।
- कोल शहरी मजदूरों के रूप में विख्यात है।
- पठौनी विवाह गोंड़ जनजाति में प्रचलित है।
- सागर की बेडिया जन जाति में वैश्यावृत्ति प्रचलित है।

जनजाति	युवागृह
मुडिया	घोटुल
भुइयां	धांगरबांसा
भारिया	रंग-बंग
उरांव	धुमकोरिया
मुण्डा	गतिओरा

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

19. स्थापत्य/पर्यटन स्थल/धार्मिक स्थल

प्रमुख किले

ग्वालियर का किला

- इसे किलो का रत्न, पूर्व का ''जिब्राल्टर'' कहा जाता है।
- इसका निर्माण कछवाहा वंशी राजा सूरजसेन ने सन् 525 ई. में करवाया था।
- ग्वालियर किले के पाँच द्वार है- 1. आगलगीरी/आलमगीरी, 2. हिन्डौला, 3. गूजरीमहल, 4. चतुर्भुज मन्दिर दरवाजा एवं 5. हाँथी बाड़ा दरवाजा
- ग्वालियर के किले मे निम्न इमारते महत्वपूर्ण है- 1. मान मन्दिर, 2. गूजरीमहल, 3. तेली का मन्दिर, 4. हाथी की विशाल प्रतिमा (तोमर नरेश मानसिंह द्वारा)
- तेली का मन्दिर उत्तर भारत में एक मात्र द्रविड़ शैली से निर्मित मन्दिर है।
- **सास बहु का मन्दिर:** 11वी सदी में राजा महिपाल द्वारा निर्मित। इसमें भगवान सहस्त्रबाहु (विष्णु) की मूर्ति है।
- इस किले की तलहटी में 15वी शताब्दी के राजा डोंगर सिंह द्वारा बनवायें जैन मन्दिर है। जिसमें सर्वाधिक ऊंची प्रतिमा जैन तीर्थंकर आदिनाथ की है।
- इसी किले में मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा गुरूद्वारा ''दाता बन्दी छोड़'' है।
- ग्वालियर का पुराना नाम गोपांचल है।
- ग्वालियर के किले का निर्माण गालब ऋषि के सम्मान में करवाया गया था।

धार का किला

- इस किले का पुनर्निर्माण 1344 में मुहम्मद बिन तुगलक ने दक्षिण विजय के दौरान देवगिरी जाते समय करवाया था।
- इस किले के अन्दर देवी कालका मन्दिर का निर्माण परमार नरेश मुंज ने करवाया था।
- इस किले में पेशवा बाजीराव का जन्म हुआ था।
- 1732 में मराठाओं ने अपने अधिकार में ले लिया।
- इसी किले में खरबूजा/खरवणा महल स्थित है।
- अब्दुल शाह चंगश का कमबरा है।

असीरगढ़ का किला

- बुरहानपुर जिले में अवस्थित
- इसका निर्माण 10वी शताब्दी में अहीर राजा ''आशा'' ने करवाया था।
- इसको ''दक्षिण का द्वार'' बुरहारनपुर दर्रा कहा जाता है
- मुमताज महल की मृत्यु इसी किले में हुई थी।
- इसे अकबर ने सोने की चाबियों से विजित किया था।

चन्देरी का किला

- मुगाँवली (अशोक नगर) में अवस्थित।
- चन्देरी के किले का निर्माण प्रतिहार वंश के राजा कीर्तिपाल (11वीं सदी) द्वारा करवाया गया था।
- यह बेतवा नदी के किनारे स्थित है।
- चन्देरी के किले में निम्न मशहूर इमारते है- 1. हवा महल, 2. जौहरा कुण्ड, 3. नौखण्डा महल एवं 4. खूनी दरबाजा।
- जौहरकुण्ड (1528) में बाबर के आक्रमण के समय 300 राजपूत रानियों ने प्रज्वलित अग्नि में प्राण दिये थे।
- इस समय यहां का शासक मेदनीराय था।
- वर्तमान में चन्देरी हाथ से बनी साड़ीयों के लिए प्रसिद्ध है।

गिन्नौरगढ़ का दुर्ग

- रायसेन जिले में अवस्थित है।
- इस दुर्ग का निर्माण 13वी शताब्दी में महाराजा उदय वर्मन ने अशर्फी पहाड़ी पर करवाया था।
- यह क्षेत्र ''शुक क्षेत्र'' कहा जाता है। क्योकि इस क्षेत्र में तोते बहुतायत में पाये जाते है। इसलिए इसे 'तोते' का किला भी कहा जाता है।

रायसेन का दुर्ग

- इस दुर्ग का निर्माण 16वीं शताब्दी में राजा ''राजबसन्ती'' ने करवाया था।
- इस दुर्ग में निम्नलिखित इमारतें है- 1. बादल महल, 2. गजारोहित महल, 3. इत्रदार महल
- इस किले में 4 तालाब है। जिसमें से 'शेषग्राही तालाब' अत्यधिक प्रसिद्ध है।

बांधवगढ़ का किला

- जिला उमरिया में अवस्थित।
- 14वीं शताब्दी में बघेलखण्ड के राजा व्याघ्र देव द्वारा निर्मित है।
- यह दक्षिण पूर्व रेलमार्ग के कटनी बिलासपुर मार्ग पर स्थित है।
- यहां शेषाशाही तालाब व विष्णु का मंदिर अवस्थित है।
- बांधवगढ़ राष्ट्रीय पार्क में अवस्थित।
- यह किला विध्याचल पर्वतमाला पर 900 मी. की ऊंचाई पर स्थित है।
- 16वीं शताब्दी में बघेलखण्ड के राजा विक्रमादित्य ने अपनी राजधानी बांधवगढ़ से रीवा स्थानान्तरित की।

अजयगढ़ का किला

- पन्ना जिले में अवस्थित।
- इस किले का निर्माण राजा अजयपाल ने करवाया था।
- यह किला बारीक पत्थरो की नक्काशी के लिए प्रसिद्ध है।
- इस किले में राजा अमन का महल स्थित है।

ओरछा का किला

- टीकमगढ़ जिले में अवस्थित।
- ओरछा के किले का निर्माण बुदेलवंशी राजा 'वीरसिंह बुन्देला' ने करवाया था।
- यह दुर्ग बेतवा नदी के किनारे स्थित है।
- इस दुर्ग में निम्न मन्दिर है- 1. चर्तुभुज मन्दिर, 2. राम मन्दिर एवं 3. लक्ष्मीनारायण मन्दिर।
- जहाँगीर महल का निर्माण 'वीरसिंह बुन्देला' ने करवाया था।

मण्डला का दुर्ग

- मण्डला जिले में अवस्थित
- यह दुर्ग बंजर एवं नर्मदा नदी के संगम पर स्थित है। इसका निर्माण 'गौंड नरेश नरेन्द्रशाह' ने करवाया था।
- मण्डला जिले में राजराजेश्वरी भवन का निर्माण निजामशाह ने करवाया था।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

मदसौर का किला

- इसका निर्माण 14वीं शताब्दी में अलाउद्दीन खिल्जी ने करवाया था।
- यहाँ पर 500 वर्ष पुराना तापेश्वर मन्दिर स्थित है।

नरवर का किला

- शिवपुरी जिले में अवस्थित।
- इए किले का निर्माण 'राजा नल' ने करवाया था।
- यह किला राजा नल एवं दमयन्ती की प्रणय कथा के लिए प्रसिद्ध है।
- यह क्षेत्र कछवाह, तोमर और जयपुर के राजघराने के लिए प्रसिद्ध है।

अन्य तथ्य

- राजगढ़ में अवस्थित 'नरसिंह के किले' को 'कश्मीर-ए-मालवा' कहते है।
- धार जिले में अवस्थित 16वीं सदी में निर्मित माण्डू के दुर्ग का निर्माण बाज बहादुर ने करवाया था जिसमें 12 दरवाजे है।
- दतिया के किले का निर्माण वीरसिंह देव ने करवाया था इस किले के द्वार पर भवानी सिंह ने 'जस्टिज इज द गेम ऑफ क्राउन' लिखा था।
- कादरगढ़ का किला (दतिया) सिंध नदी के तट पर अवस्थित है।
- अटेर का किला व गोहद का किला भिण्ड जिले में है।
- राजवाड़ा के किले (इंदौर) का निर्माण होल्कर वंश के राजा ने करवाया था, यह होल्कर वंश की राजधानी भी था।

प्रमुख महल

1. गुजरीमहल/दानमहल (ग्वालियर)- मानसिंह द्वारा मृगनयनी के लिए बनवाया।
2. मोतीमहल (ग्वालियर)- जीवाजीराव सिंधियां का महल, 1 नवम्बर 1956 से पूर्व 'मध्य भारत' विधानसभा भवन रहा।
3. जयविलास पैलेस (ग्वालियर)- इटालियन शैली पर निर्मित, सिंधिया का निवास स्थान तथा वर्तमान में संग्रहालय।
4. बघेलिन महल (मण्डला)- मोतीमहल के पूर्व में 8 किमी. दूर नर्मदा नदी के किनारे स्थित है।
5. मदन/मढन महल (जबलपुर)- गोड़राजा मदनशाह द्वारा
6. खरबूजा महल (धार)- धार किले में स्थित है।
7. राजारोहित का महल- रायसेन के दुर्ग में 'राजबसन्ती द्वारा'।
8. बादल महल, इत्रद्वार महल- रायसेन।
9. हवा महल (चन्देरी)- अशोकनगर-किला 'कीर्तिपाल' द्वारा।
10. नौखण्डा महल- चंदेरी।
11. राजा अमन का महल- 'अजयगढ़, पन्ना' अजयपाल द्वारा।
12. जहाँगीर महल (ओरछा)- 'वीर सिंह' द्वारा निर्मित।
13. राजमन्दिर महल (ओरछा)- 'बीर सिंह' द्वारा।
14. अशर्फी महल (माँडू 'धार')-अफगानी कला, कटोरीनुमा बना
15. दाई का महल (माँडू)- वर्तमान में महत्वपूर्ण कला कृतियों का सग्रहालय है।
16. रानी रूपमती का महल (माँडू)- बाज बहादुर का प्रेयसी रानी रूपमती का महल।

प्रमुख पर्यटन स्थल

पंचमढ़ी- पंचमढ़ी यहा का प्रमुख हिल स्टेशन है। होशंगाबाद जिले में पिपरिया स्टेशन के निकट स्थित है। इसकी खोज फोरसिथ ने की थी।

दर्शनीय स्थल- प्रियदर्शिनी और हाड़ी खोह, अप्सरा-बिहार, रजत प्रपात, राजगिरि, लांजी गिरी, आईरीन सरोवर, जलावरण (डचेस फॉल), चौरागढ़, धूपगढ़, पांडव गुफाएं, धुआधांर, भ्रांत नीर (डीरोथी डिप), अस्तांचल, बीनवादक की गुफा (हार्पर केव) तथा सरदार गुफा, राज्य की पुलिस प्रशिक्षण शाला आदि।

अमरकंटक- प्रमुख हिल स्टेशन है जो पुष्पराजगढ़ तहसील (अनूपपुर जिले) में है। नर्मदा, सोन, जाहिला तीन नदियों का उद्गम स्थल। 2005 में पवित्र नगर घोषित।

दर्शनीय स्थल- कपिलधारा व दुग्धधारा जल प्रपात, सोनमुड़ा, माईकी बगीया, कबीर चौराहा, भृगु कमण्डनल, पुष्कर बांध।

खजुराहों- छतरपुर जिले में स्थित चन्देल राजा धंग द्वारा निर्मित मंदिर (11वीं सदी)। युनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल।

दर्शनीय स्थलः कंदरिया महादेव, चौंसठ योगिनी, चित्रगुप्त, विश्वनाथ मंदिर, लक्ष्मण मंदिर तथा मांतगेश्वर मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर, घंटाई मंदिर आदिनाथ मंदिर, दक्षिण समूह- दूल्हादेव मंदिर तथा चतुर्भुज मंदिर, बेनी सागर बांध तथा स्नेह प्रपात।

माण्डूः (City of Joy)- मालवा का सौन्दर्य स्थल, माण्डू को शादियाबाद अर्थात हर्ष नगर से जाना जाता था। म.प्र. के धार जिले मे स्थिल माण्डू का प्राचीन नाम मंडपदुर्ग या मांडवगढ़ था। दिलावर खाँ का पुत्र होशंगशाह 1405 में अपनी राजधानी धार से उठाकर माण्डू ले गया। 1554 में बाजबहादुर के आधिपत्य मे आया। जिसने जहाज-महल, हिण्डोला महल का निर्माण कराया।

दर्शनीय स्थलः मांडू का परकोटा - जिसमें 12 दरवाजे है, जो रामपोल, तारापुर दरवाजा, जहांगीर दरवाजा, दिल्ली दरवाजा, जहाज महल, हिंडोला महल, होशंगशाह का मकबरा, जामा मस्जिद, अशर्फी महल, रेवा कुण्ड, रूपमती मंडप, नीलकंठ महल, हाथी महल तथा लोहानी गुफाएं।

सांची- रायसेन जिले में सांची नगर भोपाल से 45 किमी. दूरस्थ का प्राचीनकालीन नाम 'काकणाय' या 'बौद्ध श्रीपर्वत' निर्माण मौर्य सम्राट अशोक ने अपनी रानी (विदिशा की महादेवी) के कहने पर कराया। स्तूपों में सबसे बड़ा **मोग्लयान** और **सारीपुत्र** की अस्थियों चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के सेनापति आम्रकादेव का एक अभिलेख। इसके स्तूपो की रेलिंग शुंगो ने बनवाई थी।

विदिशा- भिलसा या बेसनगर के नाम से भी प्रसिद्ध प्राचीन नाम महामालिस्तान या मेवासा यूनानी राजा एंटिक्लाड्यिस ने अपने दूत 'हेलियोडोरस' को भेजा था। उसने 'गरूड अंकित' स्तंभ लगवाया इसे 'खम्भा-बाबा' भी कहते है।

दर्शनीय स्थल- लोहोंगी शीला, गुम्बज, बीजा मण्डल, सम्राट अशोक सागर (हलाली सागर)।

ग्वालियर- इसकी स्थापना गालव ऋषि के नाम पर।

दर्शनीय स्थलः ग्वालियर दुर्ग (बलुए पत्थर), गूजरी महल, जो राजा मानसिंह तोमर ने गूजर रानी मृगनयनी के प्रेम में बनवाया, मान मंदिर, सूरजकुण्ड, तेली का मंदिर, सास बहू का मंदिर, जयविलास महल, रानी लक्ष्मीबाई की अश्वारोही मूर्ति, संग्रहालय, तानसेन की समाधि, गौस मोहम्मद का मकबरा, रानी लक्ष्मीबाई की समाधि, कला वीथिका, नगरपालिका संग्रहालय, चिड़ियाघर, गुरूद्वारा, सूर्य मंदिर।

उदयगिरी की गुफाएं- विदिशा स्थित उदयगिरी में बीस गुफाएं है। गुफा नं. 1 और 20 जैन धर्म से संबंधित है। गुफा न. 5 में वराह अवतार की विशाल प्रतिमा है। इन गुफाओं का समय गुप्तकाल (4-5वीं शताब्दी) का है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

भर्तृहरि गुफाएं- उज्जैन के निकट भर्तृहरि गुफाएं संख्या में 9 है इनका निर्माण राजा भर्तृहरि के सम्मान में परमार शासकों ने करवाया था। इनकी विशेषता हैं रंगीन चित्र।

बाघ की गुफाएं- इन्दौर झाबुआ मार्ग से अंदर 'बाघ' स्थान (धार जिले में) के समीप विंध्यांचल पहाड़ी में बाघ की प्रसिद्ध बौद्ध गुफाएं है। इनका काल भी गुप्तकालीन अर्थात् 5 ईसवी शताब्दी है।

पंचमढ़ी गुफाएं- यहां की पाण्डव गुफा जैसी पांच गुफाएं अत्यंत आकर्षक है।

मारा गुफाएं- सिंगरोली जिले में स्थित। बौद्धकालीन गुफाए।

भीमबेटका- प्रोगैतिहासिक कालीन भीम बेटका शैलाश्रय है। जिनकी संख्या 500 के आसपास है। इन पर अनेक चित्र अंकित है, इनका संबंध पाण्डवों के अज्ञातवास से जोड़ा जाता है, रायसेन जिले में अवस्थित। इसकी खोज वाकणकर ने की थी। यह विश्व का सबसे बड़ा गुफा समूह है। यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल है।

मृगेन्द्रनाथ गुफा-पाटनी गांव (विदिशा) व रामसेन में अवस्थित, दुर्लभ रॉक पेटिंग्स, यह जैन धर्म से संबंधित है।

शंकराचार्य की गुफाए- ओकारेश्वर (खण्डवा) में अवस्थित, शंकराचार्य ने यहां शिव अराधना की थी।

आदमगढ़ के शैलाश्रय- होशंगाबाद नगर के निकट आदमगढ़ की शैलकृत चित्रित गुफाए

गोम्मट गिरी- इन्दौर में स्थित प्रसिद्ध जैन तीर्थ है। भगवान बाहुबली की 27 फीट ऊंची खडगासन प्रतिमा अवस्थित है।

मुक्तागिरी- बैतूल जिले में स्थित प्रसिद्ध दिगम्बर जैन तीर्थ है।

सोनागिरी-दतिया जिले में सोनागिरी प्रसिद्ध दिगम्बर जैन तीर्थ है।

पीताम्बरा पीठः दतिया में स्थित मां बगलामुखी पीताम्बरा पीठ हिन्दुओं का प्रसिद्ध तांत्रिक धार्मिक स्थल व शक्तिपीठ है।

दादाजी दरबार- खण्डवा में स्थित दादाजी दरबार महान संत धुनीवाले 'दादाजी' का समाधि स्थल है।

बावनगजा- बड़वानी जिले में बावनगजा पहाड़ी भगवान आदिनाथ की 72 फीट ऊंची प्रतिमा।

नेमावर- नर्मदा तट (देवास जिला) पर स्थित नेमावर हिन्दुओं का तीर्थ स्थल है।

रूणिजा- बढ़नगर स्थित रूणिजा 'तेजाजी' महाराज से संबंधित पवित्र स्थान है।

ओंकारेश्वर- 'ॐ' आकृति वाले इस स्थान में 12 ज्योर्तिलिंग में से एक ज्योर्तिलिंग है। 'नर्मदा-तवा' के संगम पर ओंकार-मांधाता मंदिर में यह ज्योर्तिलिंग स्थापित है। यह मंदिर मध्यकाली ब्राह्मणशैली में बना है। सिद्ध मंदिर, सनमात्रिक मंदिर, 2005 में पवित्र नगर घोषित।

भोजपुर- भोपाल के निकट स्थित भोजपुर अपने विशाल 'शिवलिंग' के लिये प्रसिद्ध है। इसकी स्थापना राजा भोज ने की थी। यह विश्व का सबसे विशाल शिवलिंग है।

नोहटा- दमोह में अवस्थित। गुरहया-बरेमा नदी संगम पर बसा नोहटा कभी चन्देलों की राजधानी था। अब यह शिव मंदिर और जैन मंदिर के अवशेषों के लिये विख्यात है।

मंदसौर- प्राचीन नाम दसपुर था। यहां भारत का प्राचीनतम पशुपतिनाथ मंदिर है। ऐसा ही एक पशुपतिनाथ मंदिर धुरैल पहाड़ी (व्यावरा) पर स्थित है। प्रसिद्ध सूर्य मंदिर।

बेसनगर-विदिशा में अवस्थित। हेलियोडोरसे स्तंभ में गरूड़ ध्वज।

चित्रकूट- सतना में अवस्थित। ब्रह्मा, विष्णु व महेश ने यहीं पर बाल अवतार लिए थे वनवास के समय मर्यादा पुरूषोत्तम राम यहीं पर महर्षि अत्रि व सती अनुसूईया के अतिथि बने। कामदगिरी अनुसुईया आश्रम, भारत कूट तथा हनुमान धारा यहीं स्थित है। 2005 में पवित्र नगर घोषित किया गया। गुप्त गोदावरी नदी है। यहां गधों का मेला लगता है।

उज्जैन- क्षिप्रा नदी के तट पर अवस्थित। महाकालेश्वर मंदिर, जंतर-मंतर, चिंतामणि गोपाल जी का मंदिर, संदीपनी आश्रम, मंगलनाथ मंदिर, भृर्तहरिगुफा। यहां पर 12 वर्षों बाद कुंभ का मेला लगता है। 2005 में पवित्र नगर घोषित। वैश्य टेकरी स्तूप है। 'पेरप्लस ऑफ एरिथ्रियन सी' नामक पुस्तक में उज्जैन नगरी को 'ओजीनी' लिखा गया है।

भेड़ाघाट प्रपात- जबलपुर में अवस्थित। नर्मदा एवं बावन नदी के संगम पर स्थित यह प्रपात 18 मीटर ऊंचा है। दोनों ओर संगमरमर की चट्टानों से घिरा हुआ है। भृगु ऋषि ने यहीं तपस्या की थी। बंदरकूदनी और चौसठ यौगिनयों के मंदिर है।

मध्य प्रदेश के मकबरे / समाधियाँ

मकबरा / समाधि	स्थान
1. तानसेन का मकबरा (16वीं सदी), निर्माता अकबर	ग्वालियर
2. मुहम्मद गौस का मकबरा (16वीं सदी)	ग्वालियर
3. बैजु बावरा की समाधि (16वीं सदी)	चंदेरी, अशोकनगर
4. होशंगाबाद का मकबरा	माण्डू, धार
5. पेशवा बाजीराव की समाधि	रावरखेड़ी, खरगौन
6. मत्येन्द्र पीर की समाधि	उज्जैन
7. महारानी सांख्यराजे की समाधि	शिवपुरी
8. रानी दुर्गावती की समाधि	बरेला, जबलपुर
9. रानी झांसी की समाधि	ग्वालियर
10. नवाब हसन सिद्दीकी का मकबरा	भोपाल
11. रानी अवंती बाई की समाधि	मण्डला
12. झलकारी बाई की समाधि	ग्वालियर
13. गिरधारी बाई की समाधि	मण्डला
14. अब्दुल्ला शाह चंगस का मकबरा	धार

मध्य प्रदेश में केन्द्र शासन के संग्रहालय

1. **पुरातत्व संग्रहालय, सांची, जिला रायसेनः** इसमें हिंदू और बौद्ध दोनों धर्मो से संबंधित अवशेष है।
2. **पुरातत्व संग्रहालय, खजुराहों, छत्तरपुरः** इसमें चंदेल काल (11-12वीं शती) की प्रतिमाएं सुरक्षित है, जिनमें अग्नि ओर स्वाहा, अर्द्धनारीश्वर, आदिनाथ, गजलक्ष्मी तथा मैथुन मूर्तिया प्रमुख है।

राज्य शासन के संग्रहालय

राज्य शासन के अधीन राज्य, जिला और स्थानीय स्तर पर **संग्रहालय** संचालित है:-

राज्य स्तरीय संग्रहालयः ये 6 है-

1. केन्द्रीय संग्रहालय, गुजरीमहल (ग्वालियर) 1909
2. राजकीय संग्रहालय, भोपाल (1887 और 1964)
3. केन्द्रीय पुरातात्विक संग्रहालय, इन्दौर (1931)
4. रानी दुर्गावती संग्रहालय, जबलपुर (1975-76)
5. राजकीय संग्रहालय, धुबेला (छतरपुर) (1955)
6. तुलसी संग्रहालय, रामवन (सतना) (1978)
7. दुष्यंत कुमार पाडुलिपी संग्रहालय, भोपाल

जिला संग्रहालयः ये 9 है, शिवपुरी, धार, मण्डला, विदिशा, शहडोल, राज गज, देवास, मंदसौर और होशंगाबाद में। इनमें से शिवपुरी तीर्थकर प्रतिमाओं के लिए और मण्डला जीवाश्म अवशेषों के लिए प्रसिद्ध है।

स्थानीय संग्रहालयः इनकी संख्या 5 है- भानपुरा (मंदसौर), आशापुरी (रायसेन), महेश्वर (खरगौन), गंधर्वपुरी (देवास) और दमोह में संचालित स्थानीय संग्रहालयों में स्थानीय स्तर पर प्राप्त पाषाण प्रतिमाओं का संग्रह है।

विश्वविद्यालयी संग्रहालय

तीन विश्वविद्यालयों सागर विश्वविद्यालय-सागर, जबलपुर विश्वविद्यालय-जबलपुर और विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ने अपने यहां पुरातत्व संग्रहालय स्थापित कर रखे है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

20. इतिहास

पूर्व पाषाण युग

- इस युग के विशेष औजार बिना बेंट अथवा लकड़ी के बेंट वाले हस्तकुठार के अतिरिक्त खुरचनी, मुष्टिकुठार तथा क्रोड मध्य प्रदेश के विभिन्न स्थलों पर पाए गए है।
- पूर्व पाषाण युगीन स्थल मध्य प्रदेश नर्मदा घाटी, चंबल घाटी, बेतवा घाटी, सोनार घाटी (धोगरा, हेरात, नरसिंहगढ़ एवं मारियादा), सोन घाटी, भीमबेतका की गुफा आदि में पाए गए है।
- होंशगाबाद और नरसिंहपुर के बीच मध्य नर्मदा घाटी जीवाश्म प्राप्ति के कारण प्रसिद्ध है।
- नरसिंहपुर (देवकक्षार, बरमानघाट), उपरी नर्मदा के अमरकण्टक से हरदा के मध्य एवं जबलपुर (भंडाघाट) से स्तनधारी पशुओं के जीवश्म प्राप्त हुए है।
- नरसिंहपुर के निकट से नवीन खोज के तहत एक खोपड़ी का जीवाश्म मिला है।
- भीमबेटका एवं रीवा क्षेत्र से छूरी एवं छेनी मिली है। सोन घाटी के क्षेत्र में निसार अहमद ने अनेक स्थलों से पूर्व पाषाण कालीन औजार प्राप्त किए है।

मध्य पाषाण युग

- इस युग में जैस्पर, चर्ट, क्वार्ट्ज, फ्लिंट आदि उच्चकोटि के पत्थरों से बने औजारों में खुरचनियां, नोक एवं बेधनी प्रमुख है।
- ये औजार मध्य प्रदेश में नर्मदा, चम्बल, बेतवा एवं इनकी सहायक नदियों की घाटियों में पाए गए है। इसके अंतर्गत प्रमुख जिले जबलपुर, सागर, मंदसौर, सीधी, पूर्व तथा पश्चिम निमाड़, विदिशा, नरसिंहपुर आदि है।
- **कायथा (उज्जैन):** सिंध नदी तट पर। (वराह मिहिर की जन्मस्थली भी)
- **एरण (सागर):** प्राचीन नाम ऐरिकीर्ण। (भानुगुप्त का अभिलेख भी)
- **नवदाटोली (महेश्वर, धार):** नर्मदा तट पर। विदेशियों के अप्रवास के साक्ष्य।
- **नागदा (उज्जैन):** चम्बल तट पर, माइक्रोलियस के साक्ष्य।
- **खेड़ीनामा (होशंगाबाद):** 1500 ई. पू. पूर्व के साक्ष्य।
- वी.बी. मिश्र ने भीमबेटका (रायसेन) में इस युग के ब्लेड अवयवों के विकास को अनुरेखित किया है।
- आदमगढ़ में पालतू जानवरों की हड्डियां बड़ी मात्रा में पायी गयी है।

उत्तर पाषाण युग

- इस युग के जैस्पर, कैल्सेडोनी तथा क्वार्ट्ज, पत्थरों से बने शल्क, क्रोड, फलक, बेधनी, समलम्ब, तिकोने तथा अर्द्धचन्द्राकार लघुरूपता वाले औजार मध्य प्रदेश में पूर्व निमाड़, शहडोल, मंदसौर, होंशगाबाद, उज्जैन, जबलपुर, इंदौर, पन्ना, धार, विदिशा इत्यादि जिलों से प्राप्त हुए है।
- आदमगढ़ (होशंगाबाद) से इस युग की सीप से बनी वस्तुएं मिली है। जिसकी तिथि लगभग 5500 ई. पू. है।

नवपाषाण युग

- इस युग के प्रमुख औजार सेल्ट, कुल्हाड़ी, बसूला इत्यादि पालिशदार रूप में मध्य प्रदेश के सागर (एरण, गढ़ीमोरीला), जबलपुर (मुनई, कुण्डम, बुरचेंका), दमोह (हटा), होंशगाबाद, छतरपुर (जतकारा) जिलों से पाये गए है।
- इस युग में मनुष्य ने कृषि, पशुपालन, मृदभांड बनाना, वस्त्र निर्माण, गृह निर्माण, अस्त्र-शस्त्र एवं अग्नि का प्रयोग सीखा।

ताम्र पाषाण युग

- मध्य प्रदेश में हड़प्पा सभ्यता के अवशेष नहीं प्राप्त हुए है, परंतु हड़प्पा सभ्यता के बाद ताम्र पाषाण युग के अवशेष मालवा क्षेत्र के नागदा, नवदाटोली, कायथा, आरवा, एरण, बेसनगर आदि स्थानों से प्राप्त हुए है।
- **आरवा (मन्दसौर):** ताम्रपाषाण से लेकर गुप्तकाल तक के साक्ष्य।
- **डाँगवाला (उज्जैन):** ताम्रपाषाण बस्ती।
- नवदाटोली एवं महेश्वर के अवशेष 1660 ई. पू. से 1440 ई. पू. तक, एरण के अवशेष 2000 ई. पू. से 700 ई.पू., बेसनगर के अवशेष 1100 ई. पू. से 900 ई.पू. तथा कायथा के अवशेष 2015 ई.पू. से 1380 ई.पू. के स्तरीय प्रमाण उपलब्ध कराते है।
- कायथा से मोटे और मजबूत 'ब्राउन स्लिप्ड वेयर' नामक मृदभांड पाये गए है।
- मालवा के मृदभांड हल्के पीले एवं नारंगी रंग के है, जिनमें काले और गहरे भूरे रंग से चित्रकारी है।

प्रमुख स्थल और खोजकर्ता

स्थान	महत्वपूर्ण सामग्री	खोजकर्ता
महादेव पिपरिया (नर्मदा घाटी)	860 औजार	सुपेकर
हथनौरा (होशंगाबाद, नर्मदा घाटी)	नर्मदेवसिस मानव की खोपड़ी	एच.डी.सांकलिया, मैक ब्राउन
मंदसौर (चम्बल घाटी)	प्रो. उपकरण	प्रो. वाकणकर
भीम बेटका (नर्मदा घाटी)	ब्लेड उपकरण	ढी.बी. मिश्रा
आदमगढ़ शेलाश्रय (होशंगाबाद)	25 हजार लघु पाषाण उपकरण	डी. बी. जोशी

लौह युग

- मध्य प्रदेश के कुछ उत्तरोत्तर भाग (ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना) में लौह युग के द्योतक धूसर चित्रित मृदभांड के अवशेष पाये गए है, जो लगभग 1000 ई. पू. के है।

महापाषाण युग

- दक्षिण भारत के प्रसिद्ध महापाषाणीय स्मारक (मेगालिथ) के कुछ उदाहरण मध्य प्रदेश के दुर्ग, रायपुर, सिवनी एवं रीवा क्षेत्रों में भी मिलते है।

वैदिक युग

- मध्य प्रदेश से संबंधित किसी भी ऐतिहासिक तथ्य का समावेश ऋग्वेद में नहीं मिलता है।
- उत्तर वैदिक काल में कुछ अनार्य (विशेषकर निषाद जाति) लोगों का ऐतरेय ब्राह्मण में उल्लेख है जो मध्य प्रदेश के घने जंगलों में निवास करते है।

महाकाव्य काल

- **कारूष वंश :** मनु पुत्र कारूष संस्थापक, क्षेत्र: बघेलखण्ड

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- **चन्द्रवंश (ऐल साम्राज्य):** संस्थापक : सोम या चन्द्र, महाराजा: ययाति (चन्द्र साम्राज्य 5 पुत्रों में बांटा)
- **इक्ष्वाकु वंश (दण्डकारण्य राज्य):**संस्थापक:मनु पुत्र इक्ष्वाकु।
- इक्ष्वाकु चक्रवर्ती 'मांधाता': इसके एक पुत्र पुरुकुत्सु ने मध्यभारत के नाग राजाओं को गंधर्वो के खिलाफ सहायता दी।
- इक्ष्वाकु के पुत्र दण्डक का राज्य मध्य प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र पर था जो बाद में दण्डकारण्य कहलाया। रामायण के राम बनवास के समय जिस दण्डक वन में रहे वह छत्तीसगढ़ राज्य के बस्तर जिले का दण्डकारण्य क्षेत्र ही था।
- **हैहय साम्राज्य (महेश्वर):** संस्थापक: यदु पुत्र 'हैहय'।
- राजधानी : महिष्मति (महेश्वर, धार)।
- म.प्र. के हैहय वंशी राजा कीर्तवीर्य ने लंका नरेश रावण को परास्त किया था।
- हैहय वंशीय राजा 'महिष्म' ने नर्मदा नदी के तट पर महिष्मती नामक नगर बताया।
- राम ने चित्रकुट (सतना) में तुलसीदास जी को दर्शन दिये।
- राम का अधिकांश वनवास समय दण्डकारण्य (बस्तर) में।
- बाल्मीकि आश्रम (टोंस या तमसा नदी तट पर, सतना)।
- रावण की लंका 'जबलपुर' या 'अमरकण्ट' के निकट।
- सतपुड़ा में निषाद राज्य।
- दक्षिण कौशल (छत्तीसगढ़) परशु का शासन।
- महाकाव्य काल में यादव वंशीय राजा मधु का उल्लेख मिलता हैं।
- राजा मधु आयोध्या के शासक दशरथ के समकालीन थे।
- शंभुधाती (शत्रुधन का पुत्र) : विदिशा पर शासन।
- महाभारत युद्ध में पाण्डवों की तरफ से भाग लेने वाले म. प्र. के राज्य: वत्स, चेदि, कारूष, दशार्ण, मत्स्य (बघेलखण्ड, बुन्देलखण्ड)
- महाभारत युद्ध में कौरवों की तरफ से भाग लेने वाले राज्य: महिष्मति, अवंति, भोज, अथंक, निषध, वृष्णि।
- रामायण में दण्डकारण्य वनों का उल्लेख मिलता हैं।
- परशुराम राजा जमदग्नि के पुत्र थे, जिनके नाम पर जनापावा (महू) है।
- निषादजाति का राज्य सतपुड़ा और विंध्याचल के जंगलों में था।
- शत्रुघ्न (प्रभु राम के छोटे भाई) के पुत्र शंभुछाती का शासन विदिशा (राजधानी-कुरावती) पर था।
- जनश्रुति है कि मध्य प्रदेश के पन्ना राज्य की नींव भगवान राम के पुत्र कुश के वंशजों ने रखी थी।

महाजनपद काल

- छठीं सदी ईसा पूर्व में भारत के 16 महाजनपदों में से दो-चेदि और अवति म. प्र. में थे।
- अवंति जनपद दो प्रांतों में विभक्त था, उत्तरी जनपद (राजधानी-उज्जैयिनी) तथा दक्षिण जनपद (राजधानी-महिष्मति) थी।
- चण्ड प्रद्योत और पालक अवंति के प्रसिद्ध शासक बौद्ध कालीन हुए।

मौर्य युग (323 ई. पू. - 187 ई. पू.)

अशोक

- विदिशा की महादेवी से विवाह
- सांची स्तूप का निर्माण
- वैश्य टेकरी (उज्जैन) का निर्माण
- अशोक मौर्य राजा बनने के पूर्व अवंति नामक चक्र (प्रान्त) का प्रांतपति था (बौद्ध ग्रंथ दीपवंश के अनुसार)
- फाह्यान के अनुसार अशोक ने 84 हजार स्तूपों का निर्माण करवाया था।
- गुर्जरा (दतिया) अभिलेख में 'अशोक' नाम का उल्लेख हुआ है।
- अशोक के दो अभिलेखो म. प्र. के रूपनाथ (जबलपुर) तथा गुर्जरा (दतिया) से मिलते है।

मौर्योत्तर काल

शुंग काल (187-75 ई. पू.)

- हर्षचरित तथा पुराणों के अनुसार 184 से 85 ई.पू. के शुंग वंश के संस्थापक पुष्यमित्र ने युवराज अग्निमित्र को पूर्वी मालवा की राजधानी विदिशा काशासक बनाकर भेजा था।
- विदिशा (बेसनगर) में अग्नि मित्र। हेलियोडोरस का 'गरूड़ स्तंभ' (बेसनगर/विदिशा), राजा भागभद्र के समय।
- शुंगकाल में पुष्यमित्र शुंग ने विदिशा को अपनी राजधानी व साँची स्तूप के तोरण द्वार बनवाये।

सातवाहन काल

- सातवाहनों का उल्लेख सांची लेख में है। इण्डोयुनानी 'मिनेण्डर' के सिक्के बालाघाट से।
- सांची स्तूप की वेदिका पर उत्कीर्ण लेख में सातवाहन शासन (शातकर्णी प्रथम) के 72 ई.पू. में पूर्वी मालवा क्षेत्र पर अधिकार का उल्लेख है।
- सातवाहन शासकों के 'राजा सिरि सात' नामांकित सिक्के उज्जैन, देवास, हाशंगाबाद(जमुनिया), जबलपुर (तेवर, भेड़ाघाट, त्रिपुरी) से मिले है।
- जबकि वासिष्ठी पुत्र पुलमावी (130 ई. से 154 ई.) के सिक्के भिलसा तथा देवास में प्राप्त हुए है)।
- अंतिम सातवाहन शासक यज्ञश्री शातकर्णी के सिक्के उज्जैन, देवास, होशंगाबाद (जमुनिया), जबलपुर (तेवर, भेड़ाघाट, त्रिपुरी) से मिले है।
- जबकि वासिष्ठी पुत्र पुलवामी (130 ई. में 154 ई.) के सिक्के भिलसा तथा देवास में प्राप्त हुए है।
- अंतिम सातवाहन शासक यज्ञश्री शातकर्णी के सिक्के बेसनगर, तेवर और देवास से प्राप्त हुए है। रोम देश के कुछ सिक्के इस काल में मंदसौर (आवारा) से प्राप्त हुए है।

शक राज्य (50 बी.सी.-300 ईसवी)

- उज्जैयिनी का शक राज्य (कार्दमक वंश)
- **संस्थापक:** चष्टन या यशोमिति
- **प्रमुख राजा:** रूद्रदामन - संस्कृत का विद्वान, गिरनार संस्कृत अभिलेख।
- **नोट:** अंतिम राजा रूद्रसेन- तृतीय को चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने मारा, शकों का अंत।

कुषाण काल

- शहडोल से कनिष्क और हुविष्क के सिक्कें।
- वासुदेव के ताम्र सिक्के, तेवर (जबलपुर) से।
- भेड़ाघाट (जबलपुर) से कुषाणकालीन बौद्ध प्रतिमाएं तथा मूर्तिलेख।
- कुषाण शासक विम कडफिसस का एक सिक्का विदिशा में मिला है।
- कुषाणकालीन अभिलेखों में वसिष्क का सांची अभिलेख तथा जबलपुर के भेड़ाघाट से प्राप्त दो मूर्तिलेख प्रमुख है।

गुप्तकाल

- समुद्रगुप्त द्वारा मध्य प्रदेश के अधिकांश भाग तथा नर्मदा नदी की उत्तरी सीमा तक अपना राज्य स्थापित करने की पुष्टि बमनाला तथा सकौर से प्राप्त समुद्रगुप्त के सिक्के से होती है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- 'कांच' नामक राजा के सिक्के विदिशा तथा सकौर से मिले है जिसे समुद्रगुप्त का भाई उसका ही दूसरा नाम माना जाता है।
- समुद्र गुप्त ने म. प्र. से होकर दक्षिण पर आक्रमण किया। उसने 9 गणराज्यों (आभीर, सनकादिक, खार्परक आदि) को जीता जो म. प्र. में थे।
- एरण (सागर) से समुद्रगुप्त के प्रांतपति भानुगुप्त का अभिलेख। गोपीराज का विधवा के **सती** होने का प्रथम अभिलेख। ऐरण अभिलेख (समुद्रगुप्त से संबंधित) के अनुसार ऐरण 'स्वभोगनगर' के नाम से प्रसिद्ध था।
- चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य द्वारा शक राजा रूपसिंह को मारकर उज्जैनी को दूसरी राजधानी बनायी।
- कुमार गुप्त की मन्दसौर प्रशस्ति: प्रांतपति बंधुवर्मा द्वारा सूर्य मंदिर हेतु जुलाहा श्रेणी को दान।
- गुप्त शासक रामगुप्त के सिंह तथा गरूड़ प्रकार के तांबे के सिक्के एरण तथा विदिशा से मिले है।
- उदयगिरी पहाड़ी गुफा में उत्कीर्ण चन्द्रगुप्त द्वितीय के संधि-विग्रहीक वीरसेन के अभिलेख मध्य प्रदेश में गुप्त सत्ता से स्पष्ट साक्ष्य है।
- गुप्त संवत 93 (412-13 ई.) का एक अभिलेख सांची के स्तूप से मिला है, इसमें चन्द्रगुप्त द्वितीय के कर्मचारी आम्रकर्दव द्वारा काकनादबोट (सांची) के महाविहार का आर्य संघ को दान देने का उल्लेख है।
- स्कन्दगुप्त के विन्ध्य प्रदेश पर प्रभाव को सुपिया (रीवा) से प्राप्त स्तम्भ लेख दर्शाता है।
- तिगवा का वैष्णव मंदिर, उदयगिरि की गुफाओं व बाघ की गुफाओं का चित्रण गुप्तकाल में हुआ।
- बाणभट्ट की कादम्बरी के अनुसार हर्षवर्धन ने विंध्य और नर्मदा के उत्तरी भाग में शासन स्थापित किया।

वाकाटक वंश

- **संस्थापक** : विंध्यशक्ति (वंश केतु), राजधानी : पुरीक, वत्सगुलम।
- **प्रमुख राजा:** 1. प्रवरसेन प्रथम-चार अश्वमेघ किये।
  2. प्रवरसेन द्वितीय-संतुबन्ध्य काव्य (प्राकृत भाषा) की रचना
  3. सर्वसेन-गाथा सप्तशती, हरिविजय की रचना।
- प्रवरसेन द्वितीय के बारह दान-पत्रों में से सात मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा, सिवनी, बैतूल, बालाघाट, दुर्ग तथा इन्दौर जिलों से प्राप्त हुए है।

औलिकर वंश (मन्दसौर)

- **संस्थापक** : जयवर्मन
- गुप्त साम्राज्य के विस्तार (चौथी शताब्दी का उत्तरार्ध) के समय दशपुर (मंदसौर) में मालवों की एक शाखा औलिकर वंश की स्थापना हुई।
- मंदसौर शिलालेख के अनुसार यशोधर्मन ने 'जनेन्द्र', 'नरोधिपति', 'राजाधिराज', परमेश्वर' आदि उपाधियां धारण की थी।

मौखरीवंश (मन्दसौर)

- **संस्थापक:** यशोवर्मन (हूणों को हराया)

राजपूत युग (600-1200 ई.)

- **गुर्जर प्रतिहार वंश (मालवा)**
- **संस्थापक** : हरिशचन्द्र
- **राजधानी** : उज्जैन, कन्नौज
- **प्रमुख राजा** : 1. नागभट्ट प्रथम, 2. वत्सराज, 3. नागभट्ट द्वितीय, 4. मिहिरभोज, 5. अंतिम राजा यशपाल
- गुर्जर प्रतिहार वंश के महान शासक मिहिरभोज प्रथम (836 से 885 ई.) ने राज्य को सुसंगठित करते हुए बुंदेलखण्ड पर पुन: अधिकार कर लिया।
- मध्य प्रदेश में मिहिरभोज के दो अभिलेख ग्वालियर से तथा एक अभिलेख ग्वालियर जिले के सारग-ताल से मिला है। ये अभिलेख ग्वालियर के स्थानीय प्रशासन तथा व्यापार श्रेणियों पर प्रकाश डालते है।
- मिहिर भोज के समय अरब यात्री सुलमोन आया था। मिहिर भोज की कुछ मुद्राओं में उसे 'आदि वराह' कहा गया है।
- वराह मूर्ति अभिलेख (एरण) से हूण राजा 'मिहिरकुल' की म.प्र. में उपस्थिति। ग्वालियर अभिलेख में भी उल्लेख।

चन्देल वंश (बुन्देलखण्ड) (जेजाक भुक्ति प्रदेश)

- **संस्थापक** : नन्नुक
- **प्रमुख राजा:** 1. धंग - खजुराहों मंदिरों का निर्माता
  2. गंडदेव
  3. विद्याधर - गजनवी को भगाया
  4. परमार्दीदेव - अंतिम राजा
- धंग के राज्यकाल में खजुराहों के दो श्रेष्ठतम मंदिरों- पार्श्वनाथ और विश्वनाथ का निर्माण हुआ।
- राजपूत युग में चंदेलों ने खजुराहो के मंदिरों का निर्माण करवाया हैं।

परमार वंश (धार)

- **संस्थापक:** उपेन्द्र कृष्ण राज
- **प्रमुख राजा:** 1.मुंज, 2.सिन्धु राजा उर्फ सियुक 3.राजा भोज

राजाभोज

- सबसे महान परमार, - भोजताल (भोपाल), भोजपुर (शिवलिंग), भोजशाल (धार) का निर्माता, 23 ग्रन्थ लिखे।
- राजा भोज कलम व तलवार का धनी था।

कल्चुरी वंश

- **संस्थापक** : वामराजदेव
- **राजधानी** : तेवर (त्रिपुरी)
- **प्रमुख राजा** : 1. गांगेय देव 'त्रिलंगाधिपति', लक्ष्मीकर्ण

तोमर वंश

- **संस्थापक** : वीरसिंह देव
- **राजधानी** : ग्वालियर
- **प्रमुख राजा** : 1. मानसिंह 2. विक्रमादित्य

मध्य प्रदेश के राजवंश और उनका क्षेत्र

वंश	क्षेत्र
कारूष वंश	बघेलखण्ड
चन्द्रवंश (एल साम्राज्य)	बघेलखण्ड से बुदेलखण्ड तक
यादव वंश	चम्बल-बेतवा-केन
शुंगवंश	नदियों का मध्य भू-भाग
कामट्र्टक वंश (शकों का उपवंश)	विदिशा (बेसनगर) उज्जैन
नागवंश	विदिशा-ग्वालियर
बोधि वंश (2 AD)	जलबपुर (त्रिपुरी या तेवर)
मघ वंश (2 AD)	बघेलखण्ड
आभीर वंश (4 AD)	अहिरवारा (विदिशा-झांसी)
वाकाटक वंश (4 AD)	विंध्यप्रदेश (मालवा-विदिशा)
औलिकट वंश	दशपुर (मंदसौर)
मौखरी वंश	मालवा (दशपुर मंदसौर)
परिवार्जक वंश	बुंदेलखण्ड
उच्च कल्प राज्य वंश	अंचहरा (सतना)
शैलवंश	महाकौशल
पाण्डय वंश	मैकल प्रदेश (अमरकंटक)
गुर्जर-प्रतिहार वंश	उज्जैन
गुटिट्ल वंश	मंदसौर

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

चंदेल वंश	बुन्देलखण्ड
कच्छपघाट वंश	ग्वालियर
तोमर वंश	ग्वालियर
परमार वंश	मालवा (धार)
बुंदेला राज्य	बुंदेलखण्ड
होल्कर वंश	मालवा (इन्दौर)
सिंधिया वंश	गुना-ग्वालियर (ग्वालियर)
नवाब	भोपाल

- राजा मानसिंह ने मृगनयनी के लिये गूजरी महल बनाया तथा संगीत के प्रमुख ग्रंथ 'मान कौतूहल' की रचना की।
- 1517 ई. में इब्राहिम लोदी ने ग्वालियर का किला जीत लिया, इसी युद्ध में मान सिंह की मृत्यु हो गई है।

मध्यकालीन इतिहास

सल्तनत काल

- 1019 में महमूद गजनवी ने मालवा पर आक्रमण किया था।
- गौरी ने ग्वालियर के लोहंगदेव (सल्लक्षण) को हराया, ऐबक ने परिमल देव को हराकर कलिजर जीता (1202ई.)
- इल्तुतमिश (1210-1236) ने मांडू, ग्वालियर और मालवा की विजय की तथा उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर को लूटा।
- खिलजी वंश के संस्थापक जलालुद्दीन खिलजी (1290-1296) ने मांडू को लूटा था।
- अलाउद्दीन खिलजी ने मानिकपुर के हाकिम के रूप में उज्जैन और विदिशा के मंदिरों को लूटा था। मालवा के शासक मल्हकदेव को उसके सेनापति एन-उक-मुल्क ने हराया।
- ग्यासुद्दीन तुगलक (1320-1325) के प्रांतपति ने दमोह में एक महल बनवाया था, उल्लेख बटियागढ़ शिलालेख में।
- मुहम्मद तुगलक (1325-1351) ने बाटियागढ़ (दमोह) में प्राणियों के लिए गो-मठ, एक बावड़ी और एक बगीचा बनवाया था (बटियागढ़ संस्कृत अभिलेख)।
- फिरोज तुगलक (1351-1389) का जिक्र दुलचीपुर (सागर) अभिलेख में।

मुगल काल

- 1526 में पानीपत के द्वितीय युद्ध के पश्चात बाबर ने ग्वालियर, चंदेरी, कालपी पर अधिकार कर लिया।
- मुगल संस्थापक बाबर ने चंदेरी के राजा मेदिनीराय को चंदेरी युद्ध 1528 ई. में हराकर उसकी पुत्रियों का विवाह हुमायु और कामरान के साथ कर दिया। कालिंजर का दृढ़ दुर्ग मुगलों के आधिपत्य में।
- गुजरात के शासक बहादुर शाह जफर को मंदसौर युद्ध में हराकर बाबर ने पश्चिमी मध्य प्रदेश पर शासन स्थापित किया। हुमायूं के काल में बहादुर शाह ने पुनः मालवां पर अधिकार कर लिया।
- लेकिन हुमायूं ने उसे हराकर मालवा को मुगल शासन के अधीन कर लिया।
- कालिंजर के चंदेल राजा ने भी हुमायूं की अधीनता स्वीकार कर ली थी।
- शेरशाह सूरी (1540-1545) ने रायसेन में पूरणमल को झांसा देकर मारा कालिंजर दुर्ग के घेरे के समय यद्यपि शेरशाह अंतिम दिन विजय हुआ, लेकिन विस्फोट में मारा गया।
- अकबर (1555-1606) के समय मालवा के शासक बहादुरशाह पर आक्रमण बहादुरशाह परास्त हुआ, रूपमति ने आत्मदाह किया और बहादुरशाह को अकबर ने अपने नवरत्नों में स्थान दिया।
- अकबर के समय की महत्वपूर्ण विजय थी- गोंडवाना। अकबर के सेनापति आसफखां ने हमला बोला, दुर्गावती ने परास्त होने के पश्चात् कटार घोपकर आत्महत्या की।
- उज्जैन के समीप धरमत युद्ध (1658 ई.) में औरंगजेब ने शाहजादा दारा को पराजित कर बादशाहत की पदवी प्राप्त की थी।

बुदेलखण्ड-मुगल संबंध

- बुंदेला शासक **सोहनपान** ने खंगारों की शक्ति का दमन कर बुंदेला राज्य की नींव डाली। राजधानी, ओरछा वीर सिंह ने अबुल फजल की हत्या की थी।
- **चंपतराय का विद्रोहः** औरंगजेब की नीति से असंतुष्ट चंपतराय ने विद्रोह किया।

बद्येलवंश - मुगल संबंध

- छत्रसाल का विद्रोह और स्वतंत्र बुन्देला राज्य की स्थापना (1661-1707)।
- बघेल राज्य क्षेत्र का नाम भथा था, जो वर्तमान रीवा है। राजा रामचन्द्र के समय भथा राज्य के दरबार में **तानसेन (तन्ना मिश्रा)** रहता था। अकबर के दूत जलालखां ने तानसेन को रामचन्द्र से लेकर अकबर के दरबार में पहुंचाया था। भथा राज्य के अंतिम शासक मार्तण्ड सिंह थे।

प्रमुख तथ्य

- मध्यकाल में मांडू का स्वतंत्र शासक होशंगशाह था जिसने होशंगाबाद शहर की स्थापना की थी।
- लालगढ़ किला अमझेरा रियासत धार से संबंधित है।

आधुनिक काल

होल्कर वंश

- मुगलों के पतन के बाद मालवा पर होल्कर वंश का राज स्थापित हुआ।
- 1727 में मल्हारराव होल्कर को मालवा के 5 महलों की सनद पेशवा से मिली थी, 1729 में धार-देवास के पवार राज को भी सनद मिली।
- 1730 ई. में मल्हारराव मालवा के सर्वोच्च शासक नियुक्त हुए।
- मल्हार राव होल्कर की मृत्यु के बाद मालेराव होल्कर राजा बना शासन किया, उन्हें तुकोजी होल्कर नामक सेनापति महत्वपूर्ण सहयोग दिया।
- पेशवा बाजीराव ने 1732 में मालवा सुबा होल्कर, सिंधिया और पवार के बीच विभक्त कर दिया।
- 1732 ई. में मालवा में निम्नलिखित मराठा राज्यों की नीवं पड़ी-

इन्दौर	-	होल्कर राजवंश
धार	-	आनन्द राव पवार वंश
देवास, बडी पांती	-	तुकोजी वंश
देवास, छोटी पांती	-	जीवाजी वंश

- 1797 ई. में अहिल्याबाई ने होल्कर शासन की बागडोर सम्भाली थी।
- होल्करों ने 1857 के गदर में क्रांतिकारियों का गुप्त समर्थन किया था।
- होल्कर वंश के अंतिम राजा तुकोजी तृतीय के समय इस राज्य का विलय भारत संघ में करके मध्य भारत का अंग बना दिया गया।

सिंधिया

- 1731 में मालवा का एक भाग सिंधिया को मिला था उस समय राणोजी सिंधिया शासक थे।
- 1765 में महादजी सिंधिया ने गोहद के जाट राणा लोकेन्द्र सिंह जाट से ग्वालियर का किला छीना।
- महादजी ने ग्वालियर साम्राज्य की स्थापना की, दिल्ली के मुगल सम्राट पद पर शाह आलम को बैठाया।
- 1794 में दौलत राव सिंधिया महादजी के उत्तराधिकारी बने।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- सिन्धिया वंश की आरम्भिक राजधानी उज्जैन थी। दौलत राव ने उज्जैन के स्थान पर **ग्वालियर** को अपनी राजधानी 1810 में बनाया।
- अप्रैल 1948 में जीवाजी राव सिंधिया के समय ही मध्य भारत के राजाओं का एक संघ बनाया गया।
- मध्य भारत का उद्घाटन 28 मई, 1948 को जवाहरलाल नेहरू ने किया।
- आजादी के बाद मध्य भारत के पहले राजप्रमुख के रूप में जीवाजी राव सिन्धिया को शपथ (18 मई, 1948) दिलाई गई थी।

स्वाधीनता संग्राम

- 1818 ई. में मध्य प्रदेश के महाकौशल क्षेत्र में सर्वप्रथम अंग्रेजों के विरूद्ध विद्रोह हुआ था। जिसका नेतृत्व नागपुर के शासक अप्पाजी भोंसले द्वारा किया गया था।
- नागपुर के तात्कालिक देशभक्त अप्पाजी भोसले को अंग्रेजों ने मंडला, बैतूल, छिंदवाडा, सिवनी एवं नर्मदा कछार का क्षेत्र छोड़ देने हेतु बाध्य किया।
- अप्पाजी भोसंले ने अरबी सैनिकों की सहायता से बैतुल के समीप अंग्रेजों से युद्ध किया किन्तु वे पराजित हो गए।
- सन् 1842 ई. में नरसिंहपुर के जमींदार दिल्हन शाह तथा हीरापुर के किरेनशाह ने अंग्रेजों के विरूद्ध विद्रोह किया।
- खण्डवा से 'सुबोध सिंधु' और जबलपुर से 'जबलपुर टाइम्स' के प्रकाशन के साथ राष्ट्रवाद का प्रचार बढने लगा।
- माखनलाल चतुर्वेदी ने अपने पत्र 'कर्मवीर' से राष्ट्रीय चेतना के प्रचार को नई दिशा दी।

1857 की क्रांति

- 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय मध्य प्रदेश में सबसे पहले विद्रोह नीमच छावनी में 3 जून, 1857 को पैदल एवं घुड़सवार सैनिकों के द्वारा किया था।
- कर्नल सी.बी. सोबर्स ने राजपूत सैनिकों की मदद से नीमच छावनी के विद्रोह को दबा दिया।
- ग्वालियर की मुरार छावनी के सैनिकों ने विद्रोह कर संचार व्यवस्था भंग कर दी।
- शेख रमजान के नेतृत्व में सागर छावनी में विद्रोह हुआ।
- गढ़मण्डला में शंकर शाह (गंड वंश) ने विद्रोह किया। 20 जून 1857 को शिवपुरी में विद्रोह हुआ।
- इसी समय महु छावनी में **सआदत खां** के नेतृत्व में जबरदस्त विद्रोह हुआ और अंग्रेजी सेना परास्त कर दी गयी।
- इसी क्रांति की मुख्य पात्र थी- **रानी लक्ष्मीबाई,** जिन्होंने तात्या टोपे के साथ ग्वालियर का घेरा डाला।
- **तात्या टोपे** 2 वर्षों तक गुरिल्ला युद्ध लड़ते रहे, लेकिन नरवर के गद्दार सामन्त मानसिंह (सिंधिया के सामंत) ने उन्हें अंग्रेजों के सुपुर्द कर दिया। शिवपुरी में उन्हें 18 अप्रैल 1859 में फांसी दे दी गयी।
- तात्या टोपे को शिवपुरी के जंगलों में मेजर मीडे ने षड़यंत्रपूर्वक पकड़ा था।
- एक और वीरांगना **अवंतीबाई** ने रामगढ़ रियासत (मण्डला जिला) में झांसी की रानी जैसी भूमिका निभाई और अंग्रेज सेनापति वाडर्न को भगाने पर मजबूर किया। अवन्ति बाई ने अपनी अंगरक्षिका गिरधारी बाई की कटार से आत्महत्या कर ली थी।
- 1857 की क्रांति के समय ग्वालियर नरेश महाराजा जीवाजीराव सिंधिया थे।
- जबरिया लेवी के विरूद्ध चावल आन्दोलन रीवा में चलाया गया था।
- नरसिंह युवराज चैनसिंह अंग्रेजों के विरूद्ध शहीद हुए राज्य के पहले सेनानी थे।
- 1857 की क्रांति के समय मध्य प्रदेश में सर्वप्रथम विद्रोह बानपुर और सागर में हुआ था।
- झांसी की रानी लक्ष्मीबाई 28 जून, 1858 को काल्पी में ह्यूरोज की सेना के साथ युद्ध करते हुए शहीद हो गई।
- 1857 के विद्रोह में ग्वालियर के सिन्धिया एवं भोपाल की बेगम सिकंदर ने अंग्रेजों का साथ दिया था। होल्कर ने भी विद्रोहियों को प्रत्यक्ष रूप से सहायता दी।
- मालवा विद्रोह का केन्द्र इन्दौर था जहां सआदतखां के नेतृत्व में होल्कर सैन्य टुकड़ी ने अंग्रेजों के विरूद्ध विद्रोह किया। इस समय इन्दौर का रेजीमेंट कर्नल डयूरेण्ड था। 1857 में महु के विद्रोह का नेतृत्व मुराद अली खान ने किया।
- मंडलेश्वर सेन्ट्रल जेल पर विद्रोही सैनिकों ने हमला कर सरकारी खजाना लूट लिया व स्वतंत्र होने की घोषणा कर दी।
- इस विद्रोह में बंगाल रजीमेंट के कैप्टन बेंजामिन हेब्स मारे गए। विद्रोहियों ने दो वर्ष तक यहां शासन किया।
- पश्चिमी निमाड के भीमानायक के नेतृत्व में आदिवासियों की संगठित सेना ने सेंधवा में विद्रोह किया।
- प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के समय दिल्ली के शाहजादा हुमायुं ने बलायती देवती एवं सिन्धियां के कुछ सैनिकों की सहायता से एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना की तथा फिरोजशाह के नाम से मन्दसौर पर शासन किया।
- कर्नल डयूरेण्ड, कर्नल स्टाकतो, कैप्टन लुडओं व कोब को भोपाल की बेगम सिकन्दर ने शरण दी थी।

सन् 1857: प्रमुख विद्रोही

क्र. विद्राही	सम्बन्धित स्थल
1. शेख रमजान	सागर
2. टंटेया भील	खरगौन
3. शंकरशाह	गढ़ा मण्डला
4. राजा ठाकुर प्रसाद	राघवगढ़
5. नारायण सिंह	रायपुर
6. शहादत खान	महू
7. रानी लक्ष्मीबाई	झांसी-काल्पी
8. सुरेन्द्र राय	सम्बलपुर (छत्तीसगढ़)
9. तॉत्या टोपे	कानपुर-झांसी-ग्वालियर
10. भीमा नायक	मण्डलेश्वर (उज्जैन)
11. रानी अवन्तिबाई	रामगढ़
12. झलकारी बाई	झांसी (लक्ष्मीबाई की अंगरक्षक)
13. गिरधारी बाई	अवन्तिबाई की अंगरक्षक
14. श्री बहादुर एवं देवी सिंह	मण्डला

राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन

- 1899 में लाहौर में सम्पन्न कांग्रेस अधिवेशन में डॉ. हरिसिंह गौर ने न्याय विभाग और शासन को पृथक-पृथक करने की आवाज उठाई।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की गतिविधियों की शुरूआत मध्य प्रदेश में 1904 में हुई थी।
- मध्यप्रदेश में राजनीतिक गतिविधियों की शुरूआत 1906 में जबलपुर अधिवेशन के साथ हुई।
- वर्ष 1916 में मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में स्वतंत्रता आन्दोलन की शुरूआत हुई थी।
- भारत की पहली अंतरिम निर्वाचित सरकार काबुल अफगानिस्तान में 1915 में गठित की गयी थी। इसके प्रधानमंत्री भोपाल के मौलाना बरकतउल्ला बने थे।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- राज्य के मंगनलाल बांगड़ी ने हिस्दुस्तानी लाल सेना का गठन कर अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतंत्रता संघर्ष में भाग लिया।
- माखन लाल चतुर्वेदी के नेतृत्व में कसाईखाना आन्दोलन 1920 में रतीना, सागर में किया गया।
- प्रभाकर डुण्डीराज असहयोग आन्दोलन के प्रदेश में नेतृत्वकर्ता थे।
- खिलाफत आन्दोलन का नेतृत्व प्रदेश में अब्दुल जब्बार खां ने किया था।
- भोपाल रियासत की सीहोर कोतवाली के सामने 1922 में विदेशी वस्त्रों की होली जलायी गयी।
- 1930 में नमक सत्याग्रह के समय सिवनी के श्री दुर्गाशंकर मेहता ने गाँधी चौक पर नमक बनाकर सत्याग्रह किया।
- टुरिया जंगल सत्याग्रह (1930) सिवनी जिले में दाडी मार्च के समय किया गया था।
- घोड़ा डोंगरी सत्याग्रह (1930) खण्डवा रेलवे स्टेशन से संबंधित था।
- पंजाब मेल हत्याकांड (1931) खण्डवा रेलवे स्टेशन से संबंधित था।
- **जंगल सत्याग्रह (1930):** सिवनी, टुरिया (सिवनी जिला) तथा घोड़ा-डोंगरी (बेतुल) के आदिवासियों द्वारा घोंड़ा-डोंगरी में गंजनसिंह कोरकु।
- **चरण पादुका नरसंहार (1931):** छतरपुर क्षेत्र में चरणपादुका ग्राम में छः सेनानी शहीद **मध्य प्रदेश का जलियांवाला बाग काण्ड** कहलाता है। **गोली चलाने का आदेश कर्नल फ्रिशर ने दिया था।**
- 1931 में रतलाम में स्त्री सेवादल की स्थापना की गई थी।
- रतलाम में राष्ट्रीय आन्दोलन का सूत्रपात स्वामी ज्ञानन्द की प्रेरणा से आरम्भ हुआ था।
- सन् 1833 में रायगढ़ नरेश जुझारू सिंह के पुत्र देवनाथ सिंह ने अंग्रेजों के विरूद्ध विद्रोह किया।
- झाबुआ में कर वृद्धि विरोधी आन्दोलन (1935) चलाया गया था।
- चरूरहईबा चावल वसूली प्रकरण सीधी जिले से संबंधित है।
- 1938 में भोपाल राज्य प्रजामण्डल की स्थापना हुई।
- **भारत छोड़ों आंदोलन (1942):** मध्य प्रदेश में 1942 के भारत छोड़ों आन्दोलन की शुरूआत विदिशा से हुई। **मण्डलेश्वर** में क्रांतिकारी बंदियों ने जेल तोड़ी तथा भोपाल के नवाब के विरूद्ध भारत छोड़ों आंदोलन छेड़ा।
- राष्ट्रीय ध्वज फहराने पर पं. सुन्दरलाल को 6 माह के कारावास की सजा सुनाई गई थी।
- सिवनी जेल में आचार्य विनोबा भावे, सुभाष चन्द्र बोस, पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र, एच.वी. कामथ को बन्द किया गया था।
- 15 अगस्त, 1947 को स्वतंत्रता के पश्चात् म. प्र. की सभी रियासतों को भारतीय संघ में मिला दिया गया।
- 1948-49 के राजनीतिक आन्दोलन के पश्चात् भोपाल के नवाब ने भोपाल रियासत को भारतीय संघ में मिलाने की घोषणा की।
- 1 जून, 1949 ई. को भोपाल राज्य भारतीय संघ में शामिल किया गया।
- भोपाल का नवाब हमीदुल्ला खां मेम्बर ऑफ प्रिन्सेप का दो बार अध्यक्ष बनाया गया था।
- 1948 ई. में दिल्ली में मध्य भारत के राजाओं के सम्मेलन में जीवाजी राव सिन्धिया को राज प्रमुख बनाया गया।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

जबलपुर

- 1906 में जबलपुर में कांग्रेस का प्रान्तीय अधिवेशन आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के पं. रविशंकर शुक्ल डॉ. राघवेन्द्र, हरिसिंह गौर आदि ने सक्रिय भागीदारी की थी।
- राजनीतिक रूप से क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए 1907 में जबलपुर में क्रांतिकारी दल का गठन किया गया।
- 1915 में जबलपुर में होमरूल लीग स्थापना हुई थी।
- **जबलपुर झण्डा सत्याग्रह (1923):** जबलपुर में ही झण्डा सत्याग्रह की नीव पड़ी थी। पं. सुंदरलाल, सुभद्राकुमारी चौहान, लक्ष्मण सिंह चौहान, नरहरि अग्रवाल आदि 13 अप्रैल 1923 को नागपुर में शुरू इस सत्याग्रह के साथ जबलपुर में पुनः झण्डा सत्याग्रह का आयोजन हुआ, सरोजनी नायडु, मौलाना आजाद जैसी हस्तियों टाउनहाल पर एक बार फिर तिरंगा लहरा दिया।
- **नमक सत्याग्रह:**जबलपुर में सेठ गोविन्द दास एवं द्वारका प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में 6 अप्रैल, 1930 को नमक सत्याग्रह की शुरूआत हुई।
- 1930 में जबलपुर से **'जंगल सत्याग्रह'** की शुरूआत हुई, जिसके तहत सेठ गोविंद दा, पं. माखनलाल चतुर्वेदी, पं. रविशंकर शुक्ल, पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र तथा विष्णु दयाल भार्गव को गिरफ्तार कर मुकदमा चलाया गया।
- **व्यक्तिगत सत्याग्रह (1939):** जबलपुर में व्यक्तिगत सत्याग्रह शुरू।
- त्रिपुरी (जबलपुर के निकट) में कांग्रेस का अधिवेशन 1939 में हुआ था।

चंद्रशेखर आजाद

- अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद का जन्म मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले के भाबरा ग्राम में 23 जुलाई 1906 को हुआ।
- चंद्रशेखर आजाद ने झाँसी और ओरछा के बीच शाम ढीमपुरा के नजदीक सतार नदी के किनारे पं. हरिशंकर ब्रह्मचारी के नाम से क्रांतिकारी गतिविधियों का संचालन किया।
- चन्द्रशेखर ने अदालत में अपना नाम आजाद पिता का नाम स्वाधीन तथा अपना घर जेलखाना बताया।
- चन्द्रशेखर आजाद, भगतसिंह आदि ने मिलकर हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपलब्किन एसोसिएशन (1927) की स्थापना की थी।
- चन्द्रशेखर आजाद ओरछा, टीकमगढ़ में कुछ समय भूमिगत रहे थे।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

21. संचार

समाचार पत्र पत्रिकाएं

- मध्य प्रदेश में पत्रकारिता की शुरूआत उर्दू भाषा से हुई।
- पहली हिन्दी मासिक पत्रिका 1915 में इन्दौर से निकली।
- मध्य प्रदेश का पहला समाचार पत्र: 'अखबार ग्वालियर' (1840) ग्वालियर से शुरू, उर्दू में प्रकाशित।
- सन् 1844 में मालवा अखबार (संपादक-पंण्डित प्रेमनाथ), इन्दौर। हिन्दी और उर्दू का पहला साप्ताहिक था।
- राज्य का पहला विशुद्ध उर्दू भाषा का समाचार पत्र दिल्ली अखबार (इन्दौर), 1852।
- हिन्दी का प्रथम दैनिक नवजीवन (1939), इन्दौर।

वर्तमान में प्रकाशित अन्य स्थलों के प्रमुख पत्र

उज्जैन	प्रजादूत, दैनिक भास्कर, विक्रम दर्शन, अवन्तिका, व्यापारिक, रिपोर्ट, ब्रिगेडियर, अग्निबाण, जलती मशाल आदि।
सतना	सतना समाचार, नेशनल टुडे न्यूज, देशबंधु, स्वदेश, भास्कर आदि।
कटनी	भारती, दैनिक मध्य प्रदेश, केसरी, महाकौशल, जनमेजय।
दमोह	कर्तव्य
छतरपुर	कृष्ण क्रांति, जनहित दर्शन
टीकमगढ़	ओरछा टाइम्स
मदसौर	ध्वज, कीर्तिमान, दशपुर दर्शन, क्षेत्रीय समाचार
बड़वानी	निमाड़ एक्सप्रेस
मुरैना	युग प्रणेता, दैनिक मध्यराज, चम्बल वाणी
बालाघाट	विश्व सूर्य, बालाघाट टाइम्स
शहडोल	शहडोल टाइम्स, समय, दैनिक मध्य प्रदेश
दतिया	अजाम, दतिया टाइम्स
नीमच	नई विद्या, अमृत मंथन
रतलाम	चेतना
बुरहानपुर	वीर संतरी

आकाशवाणी-रेडियो

- इन्दौर से 1955 में पहला प्रसारण हुआ। दूसरा-भोपाल व तीसरा-ग्वालियर में प्रसारण हुआ था।
- वर्तमान में राज्य में 19 आकाशवाणी केन्द्र है।
- **रेडिया मिर्ची:** इस व्यवसायिक 'एफ. एम.' सेवा का प्रसारण 98.4 डिग्री से इन्दौर में वर्ष 2006 से शुरू हुआ।
- भारत में रेडिया प्रसारण 1927 से प्रारंभ हुआ इसे 1936 में ऑल इण्डिया रेडियो व 1957 में आकाशवाणी नाम दिया गया।

मुख्य आकाशवाणी केन्द्र	स्थापना वर्ष
1. इन्दौर	22 मई, 1955
2. भोपाल	31 अक्टूबर, 1956
3. ग्वालियर	15 अगस्त, 1964
4. जबलपुर	6 नवम्बर, 1964
5. छतरपुर	7 अगस्त, 1976
6. रीवा	2 अक्टूबर, 1977
7. सागर	1995

दूरदर्शन

- सन् 1975 से म. प्र. में दूरदर्शन की सेंवाए रायपुर केंद्र (अब छत्तीसगढ़) से दी जाने लगी। 1982 के एशियाड के समय इन्दौर और भोपाल में प्रसारण केन्द्र स्थापित हुए-भोपाल, इंदौर, ग्वालियर कार्यक्रम निर्माण केन्द्र है।
- भारत में प्रायोगिक तौर पर 1959 से प्रारंभ (दिल्ली)।
- 15 अगस्त, 1982 से रंगीन प्रसारण शुरू।
- उच्च शक्ति ट्रांसमीटर भोपाल, इंदौर, ग्वालियर व जलबपुर आदि में कुल 10 है।

डाक-तार

- मध्य प्रदेश के लिए केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल 1962 को डाक-तार परिमण्डल, भोपाल का गठन किया।
- भारतीय डाक सेवा की शुरूआत 1837 में हुई।
- 1852 में पहला डाक टिकट कराची में जारी हुआ।

दूरसंचार

- **टेलीफोन:** राज्य में दूरसंचार सेवाओं की शुरूआत सितम्बर 1974 को हुई थी।
- प्रदेश में 2560 टेलीफोन केन्द्र व 41 लाख 18 से ज्यादा टेलीफोन कनेक्शन है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

22. शिक्षा

शिक्षा (2011) शैक्षणिक संस्थाओं की संख्या

प्रारंभिक	83,412
माध्यमिक विद्यालय	28,479
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	12,121
कुल महाविद्यालय	405
तकनीकी शिक्षण संस्थाएं	270

प्राथमिक शिक्षा

राज्य में 1,05,592 से अधिक प्राथमिक शिक्षा केन्द्र (शासकीय, निजी सभी) संचालित है।

शिक्षा गारंटी योजना: 1997 से लागू।

शंखनाद योजना: आदिवासी क्षेत्रों की विकास प्रक्रिया में विद्यालयों को भागीदार बनाने की यह महत्वकांक्षी योजना।

पढ़ना-बढ़ना योजना: वर्ष 2003 में मध्य प्रदेश शासन ने 'पढ़ना-बढ़ना' योजना शुरू की है।

स्कूल चले हम अभियान: शाला की दर को कम करने के लिए मध्य प्रदेश शासन ने यह अभियान 2009-10 से लागू किया।

ग्वालियर में कृषि विश्वविद्यालय राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर में 2008 में स्थापित।

जबलपुर में पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय 2010 में जबलपुर में पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय स्थापित।

देश का पहला हिन्दी वि. वि, भोपाल (मध्य प्रदेश)।

प्रथम कुलपति: **श्री मोहनलाल छीपा**

उच्च शिक्षा

विश्वविद्यालय: ये कुल 18 है। इनमें 2 केंद्रीय, 16 प्रातीय (14 शासकीय और एक अशासकीय) है। इनमें से 5 वि. वि. अकेले भोपाल में है, जबकि जबलपुर में 2 है।

केन्द्रीय विश्वविद्यालय (1) डॉ. हरिसिंह और यूनिवर्सिटी-सागर (2) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय-अमरकंटक (अनूपपुर)

चिकित्सा महाविद्यालय वर्तमान में 6 मेडिकल, 2 वेटनरी, 1 दंत, 1 युनानी, 1 होम्यौपेथिक और 7 आयुर्वेदिक महाविद्यालय है। 5 अशासकीय मेडिकल कॉलेजों भी है।

मेडिकल कॉलेज: प्रथम मेडिकल कॉलेज ग्वालियर में 1946 में स्थापित हुआ था।

1. गजराजा राज्य चिकि. महाविद्यालय, ग्वालियर: राज्य का पहला मेडिकल कॉलेज।
2. महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, इन्दौर।
3. शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय जबलपुर।
4. एस. एन. मेडिकल कॉलेज, रीवा
5. गांधी मेडिकल कॉलेज, जबलपुर।
6. शासकीय चिकित्सालय महाविद्यालय, सागर। 2008 में स्थापित।

वेटनरी कॉलेज राज्य में 2 वेटनरी कॉलेज है, एक जबलपुर में दूसरा महू (इन्दौर के निकट) में।

आयुर्वेदिक महाविद्यालय 7 है, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा, इन्दौर, बुरहानपुर और उज्जैन। 2 निजी महाविद्यालय भी कार्यरत है।

डैंटल कॉलेज एक मात्र शासकीय डेंटल कॉलेज इन्दौर में है। प्राइवेट डैंटल कॉलेज 11 है।

राज्य में 19 हौम्योपैथिक कॉलेज है जिनमें से मात्र एक ही शासकीय है शेष निजी है।

यूनानी चिकित्सालय महाविद्यालय राज्य का एक मात्र यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय बुरहानपुर में है।

नर्सिंग महाविद्यालय राज्य का एक मात्र नर्सिंग महाविद्यालय इन्दौर में है।

कैंसर चिकित्सालय मध्य प्रदेश में 3 कैंसर हास्पिटल है: इन्दौर, जबलपुर और ग्वालियर।

मानसिक चिकित्सालय मध्य प्रदेश में 2 मानसिक चिकित्सालय है: इन्दौर (बाणगंगा) और ग्वालियर।

मध्य प्रदेश में दिल्ली स्थित 'एम्स' के अनुरूप उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं से युक्त राजमाता विजयाराजे सिंधिया अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIMS) की स्थापना भोपाल में की गयी है।

मध्य प्रदेश कुल 64 इंजिनियरिंग कॉलेज और 27 पॉलिटेक्नीक है।

शासकीय इंजिनियरिंग कॉलेज 8 है। सर्वप्रथम जबलपुर में इंजिनियरिंग कॉलेज की स्थापना की गयी थी।

सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान मध्य प्रदेश में राज्य सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ग्वालियर में कार्यरत है जबकि भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना जबलपुर में प्रस्तावित है।

उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान सामान्य शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी विद्यार्थियों को उत्कृष्ट स्तर की उच्च शिक्षा देने के उद्देश्य राज्य शासन ने इस संस्थान की स्थापना शाहपुरा झील, भोपाल से कुछ दूरी पर 1995 में की।

अभिनव योजना 'अभिनव' राज्य में उच्च शिक्षा को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने की योजना।

अन्य प्रमुख संस्थान

1. **लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, ग्वालियर:** यह एशिया का पहला शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय है। अब इसे डीम्ड विद्यालय का दर्जा देकर 'लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फिजीकल एजुकेशन' का नया नाम दिया गया है।
2. **डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान, महू:** यह सामाजिक विषयों से शोध पर पाठ्यक्रम संचालित करता है।
3. **इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय:** दिल्ली के राज्य में 8 केन्द्र है- इन्दौर, भोपाल (पहला केंद्र, 1887), जबलपुर, ग्वालियर, रीवा, बतूल, सतना और सागर।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

4. **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एण्ड हॉटल मैनेजमेन्ट:** ग्वालियर में स्थापित है।
5. **इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफारमेशन टेक्नालॉजी:** ग्वालियर में स्थापित है।

प्रमुख तथ्य

- जुलाई, 2008 में महर्षि पाणीनी संस्कृत वि. वि. की स्थापना उज्जैन में की गयी है।
- महर्षि पाणीनी संस्कृत वि. वि. के प्रथम कुलपति श्री मोहन गुप्ता बनाये गये थे।
- राष्ट्रीय तकनीकी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान – भोपाल
- म.प्र. जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) – भोपाल
- नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ डिजाइन – ग्वालियर
- इंडियन इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी एण्ड मैनेजमेन्ट – ग्वालियर
- पटवारी प्रशिक्षण केन्द्र – ग्वालियर
- एडवोकेट्स कान्ट्रीन्यूइंग लीगल एजुकेशन इंस्टीट्यूट – ग्वालियर
- भारतीय पर्यटन एवं पर्यटन प्रबन्धन संस्थान – ग्वालियर
- भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान – ग्वालियर
- म.प्र. भू-राजस्व एवं बंदोबस्त प्रशिक्षण संस्थान – ग्वालियर
- ऊष्ण कटिबंधीय वन संस्थान – जबलपुर
- बी.आर. अम्बेडकर दूर संचार प्रशिक्षण संस्थान – जबलपुर
- मध्य प्रदेश वन अनुसंधान संस्थान – जबलपुर
- महात्मा गाँधी राज्य ग्रामीण विकास संस्थान – जबलपुर
- रेडीमेड गारमेन्ट एवं फैशन डिजाइन क्लस्टर – जबलपुर
- नव आरक्षक/प्लाटून कमाण्डर प्रशिक्षण संस्थान – जबलपुर
- भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी अभिकल्पना एवं विनिर्माण संस्थान – जबलपुर
- राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान – जबलपुर
- अन्तर्राष्ट्रीय मक्का व गेहूँ अनुसंधान केन्द्र (प्रस्तावित) – खमरिया (जबलपुर)
- डॉ. अम्बेडकर राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थान– महू (इन्दौर)
- लेसर किरण ऊर्जा अनुसंधान केन्द्र – इन्दौर
- पुलिस वायरलेस प्रशिक्षण महाविद्यालय – इन्दौर
- भारतीय प्रबन्धन संस्थान (I.I.M.) – इन्दौर
- राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र – इन्दौर
- आर्म्स एण्ड प्रैक्टिस सेन्टर – इन्दौर
- वानिकी अनुसंधान – छिंदवाड़ा
- मानव विकास संस्थान – छिंदवाड़ा
- संजय गाँधी युवा नेतृत्व एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान – पंचमढ़ी
- कपास अनुसंधान केन्द्र – खरगौन
- वाहन कर्मचारी प्रशिक्षण संस्थान – रीवा
- अपराध अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान – सागर
- फोरेन्सिक साइन्स लेबोरेट्री – सागर
- थल सेना शैक्षिक प्रशिक्षण कॉलेज व केन्द्र – पचमढ़ी
- भू-उपग्रह दूरसंचार अन्वेषण केन्द्र – गुना
- अंगूर अनुसंधान केन्द्र – रतलाम
- म.प्र. धान अनुसंधान केन्द्र – बड़वानी
- म.प्र. गेहूँ अनुसंधान केन्द्र – पंवारखेड़ा
- तुलसी शोध संस्थान – चित्रकूट

प्रमुख संगठन/संस्थान के कार्यालय या मुख्यालय

- मध्य प्रदेश की राजधानी – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य सचिवालय – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य संचालनालय – भोपाल
- मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग – भोपाल
- मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग – भोपाल
- मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य अल्पसंख्यक आयोग – भोपाल
- इको पर्यटन विकास बोर्ड – भोपाल
- म.प्र. बीज तथा फार्म विकास निगम (1980) – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य उद्योग निगम (1961) – भोपाल
- मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम (1969) – भोपाल
- मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम (1965) – भोपाल
- मध्य प्रदेश वस्त्रोद्योग मण्डल (1972) – भोपाल
- मध्य प्रदेश माइनिंग कार्पोरेशन – भोपाल
- मध्य प्रदेश एग्रो इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन – भोपाल
- मध्य प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड – भोपाल
- मध्य प्रदेश हैण्डलूम संचालनालय (1976) – भोपाल
- मध्य प्रदेश निर्यात निगम – भोपाल
- मध्य प्रदेश हस्तशिल्प विकास निगम (1981) – भोपाल
- मध्य प्रदेश महिला वित्त एवं विकास बोर्ड – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य समाज कल्याण बोर्ड – भोपाल
- मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक – भोपाल
- वित्त एवं विकास निगम – भोपाल
- मध्य प्रदेश गौपालन एवं पशुपालन संवर्धन बोर्ड– भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य खनिज निगम – भोपाल
- मध्य प्रदेश चर्म विकास निगम – भोपाल
- साई (SAI) स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया का क्षेत्रीय कार्यालय – गौरागॉव,भोपाल
- मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड – भोपाल

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- मध्य प्रदेश राज्य योजना आयोग – भोपाल
- मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम – भोपाल
- ध्रुपद संगीत अकादमी – भोपाल
- प्रशासनिक अकादमी – भोपाल
- माटी कला बोर्ड – भोपाल
- मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद् – भोपाल
- मध्य प्रदेश मानवाधिकार आयोग – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य महिला आयोग – भोपाल
- मध्य प्रदेश उपभोक्ता आयोग – भोपाल
- मध्य प्रदेश सड़क परिवहन निगम – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम लिमिटेड – भोपाल
- उद्यमिता विकास केन्द्र – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम लिमिटेड – भोपाल
- मध्य प्रदेश श्रम कल्याण मण्डल – भोपाल
- मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड – भोपाल
- नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण – भोपाल
- मध्य प्रदेश राज्य भूमि विकास निगम – भोपाल
- व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) – भोपाल
- मध्य प्रदेश एग्रो इण्डस्ट्रीज कार्पोरेशन – भोपाल
- रेलवे भर्ती बोर्ड – भोपाल
- मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग – इन्दौर
- मध्य प्रदेश वित्त निगम – इन्दौर
- मध्य प्रदेश वस्त्रोद्योग निगम (1970) – इन्दौर
- म.प्र. उच्च न्यायालय – जबलपुर
- मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ – इन्दौर, ग्वालियर
- मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण – जबलपुर
- मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल मुख्यालय – जबलपुर
- मध्य प्रदेश महालेखाकार कार्यालय – ग्वालियर
- मध्य प्रदेश बैडमिन्टन एसोसिएशन (1946) – जबलपुर
- जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी(1986) – सागर

म.प्र. में प्रथम व एकमात्र

- प्रथम मुख्यमंत्री – पंडित रविशंकर शुक्ल
- प्रथम राज्यपाल – डॉ. पट्टाभिसीतारमैया
- प्रथम न्यायाधीश – मो. हिदायतुल्ला
- प्रथम विधानसभा अध्यक्ष – कुंजीलाल दुबे
- प्रथम महिला राज्यपाल – सुश्री सरला ग्रेवाल
- प्रथम महिला मुख्यमंत्री – सुश्री उमा भारती
- प्रथम मुख्य सचिव – एच.एस.कामथ
- प्रथम विधानसभा उपाध्यक्ष – विष्णु विनायक सरवटे
- प्रथम विपक्ष का नेता – विष्णुनाथ तामस्कर
- प्रथम महिला न्यायाधीश – श्रीमती सरोजनी सक्सेना
- प्रथम गैर कांग्रेसी मुख्यमंत्री – कैलाश जोशी
- प्रथम पुलिस महानिदेशक – वी.पी. दुबे
- प्रथम पुलिस महानिरीक्षक – वी.जी.घाटे
- प्रथम महिला मुख्य सचिव – निर्मला बुच
- प्रथम महाविधवक्ता – श्री एम. अधिकारी
- प्रथम वित्त आयोग के अध्यक्ष – शीतला सहाय
- प्रथम निर्वाचन आयुक्त – एन.वी.लोहानी
- प्रथम लोकायुक्त – पी.वी. दीक्षित
- प्रथम सूचना आयुक्त – टी.एन.श्रीवास्तव
- प्रथम राज्य योजना मण्डल के अध्यक्ष – प्रकाश चन्द्र सेठी
- प्रथम राज्य योजना मण्डल के उपाध्यक्ष – डॉ. दयाशंकर नाग
- प्रथम महिला I.P.S. – कु. आशा गोपाल
- प्रथम महिला I.A.S. – निर्मला बुच
- प्रथम लोकसेवा आयोग का अध्यक्ष – डी.बी.रेड्डी
- विधानसभा में प्रथम विपक्ष की महिला नेता – जमुनादेवी
- प्रथम आदिवासी महिला राज्यपाल – उर्मिलासिंह (हिमाचल प्रदेश)

मध्य प्रदेश में प्रथम व एकमात्र

- म.प्र. का सर्वप्रथम बजट वित्तमंत्री मिश्रीलाल गंगवाल ने 10 जनवरी,1957 को प्रस्तुत किया था।
- म.प्र. विधानसभा के सर्वप्रथम सत्र के समय विधानसभा के सचिव श्री खांडेराव केशवराव रांगोले थे।
- म.प्र. के गुना जिले में प्रदेश का पहला सेक्स वर्कर पुनर्वास केन्द्र स्थापित होगा।
- म.प्र. का पहला नर्सिंग पी.एच.डी. शोध केन्द्र इन्दौर में खुलेगा।
- म.प्र. में प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा भोपाल में स्थापितं।
- बालाघाट जनसम्पर्क कार्यालय प्रदेश का प्रथम पेपरलेस कार्यालय।
- प्रदेश में पहला अन्तर्राष्ट्रीय मक्का व गेहूँ अनुसंधान केन्द्र खमरिया (जबलपुर) में स्थापित होगा।
- म.प्र. का प्रथम विश्वविद्यालय डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय हैं।
- प्रदेश का पहला सैलरिच जैविक खाद संयंत्र भोपाल में हैं।
- म.प्र. का प्रथम विशेष आर्थिक क्षेत्र इंदौर में स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. का छतरपुर प्रदेश का पहला शिल्प ग्राम हैं।
- म.प्र. का एकमात्र जीवाश्म राष्ट्रीय उद्यान मण्डला में हैं।
- म.प्र. का एकमात्र निर्यात उर्वरक औद्योगिक पार्क देवास में स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. की पहली खुली जेल "नवजीवन शिविर" के नाम से गुना (वर्तमान अशोकनगर) के मुंगावली में खोली गई।
- ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के लिए प्रदेश का पहला राज्य संग्रहालय भोपाल में स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. में एकमात्र कुंभ (सिंहस्थ) का मेला उज्जैन में आयोजित होता हैं। (प्रति 12 वर्ष में)
- म.प्र. का प्रथम बायोस्फीयर रिजर्व पचमढ़ी में स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. का खण्डवा जिला राज्य का एकमात्र गांजा उत्पादक जिला हैं।
- म.प्र. में सर्वप्रथम राष्ट्रीय उद्यान (1955) एवं टाइगर प्रोजेक्ट (1974) कान्हा किसली हैं।
- प्रदेश की प्रथम 'झींगा हेचरी' बालाघाट जिले में स्थापित की गई हैं।
- प्रदेश का पहला आकाशवाणी केन्द्र इंदौर में स्थापित हुआ।
- राज्य का पहला समाचार-पत्र ग्वालियर अखबार था।
- मध्य प्रदेश का हिन्दी में प्रकाशित होने वाला प्रथम समाचार-पत्र मालवा अखबार था।
- राज्य का एकमात्र यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय बुरहानपुर में हैं।
- प्रदेश का एकमात्र शासकीय दंत चिकित्सालय इंदौर में हैं।
- म.प्र. का राजकीय पशु बारहसिंगा एकमात्र राष्ट्रीय उद्यान कान्हा में पाया जाता हैं।
- म.प्र. में पहली स्थायी लोक अदालत की स्थापना इंदौर में की गई थी।
- म.प्र. में एकमात्र हॉकी छात्रावास नरसिंहपुर में हैं।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- म.प्र. के खरगोन जिले में प्रदेश का प्रथम शाक-सब्जी प्रक्रिया केन्द्र स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. का एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में हैं।
- प्रदेश की एकमात्र बैंक नोट प्रेस देवास में हैं।
- प्रदेश की ऋतु संबंधी आंकड़े बताने वाली एकमात्र वैद्यशाला इंदौर में स्थित हैं।
- म.प्र. का एकमात्र रेप्टाइल पार्क पन्ना में हैं।
- म.प्र. का एकमात्र घड़ी बनाने का कारखाना बैतूल में हैं।
- म.प्र. का पहला आई.टी. पार्क भोपाल में स्थापित हैं।
- म.प्र. के इंदौर नगर में प्रदेश का पहला भूमिगत उपग्रह केन्द्र स्थापित किया जा चुका हैं।
- म.प्र. का प्रथम पर्यटक नगर शिवपुरी हैं।
- म.प्र. का झाबुआ जिला एकमात्र एस्बेस्टस उत्पादक जिला हैं।
- प्रदेश का पहला जेण्डर आधारित बजट सन् 2007-08 में प्रस्तुत किया गया।
- 26 जनवरी 2006 को मध्य प्रदेश का प्रथम डी.एन.ए. प्रयोगशाला सागर में स्थापित की गई हैं।
- म.प्र. का पहला सूचना प्रौद्योगिकी (आई.टी.) वि.वि. ग्वालियर में स्थापित।
- प्रदेश की राजधानी भोपाल में राज्य का पहले संजीवनी आयुर्वेद विक्रय केन्द्र स्थापित।
- प्रदेश का एकमात्र जडी-बूटी बैंक पर्यटक नगरी पचमढ़ी के पास पानी क्षेत्र में स्थापित।
- म.प्र. के जबलपुर में प्रदेश का पहला बेलोड्रम स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. के देवास जिले में प्रदेश के पहले मोबाइल थाने की शुरूआत वर्ष 2003 में की गई।
- मध्य प्रदेश का पहला सर्प उद्यान भोपाल में स्थापित किया जा रहा हैं।
- म.प्र. का प्रथम आदिवासी खेल विद्यालय सीहोर में स्थापित।
- प्रदेश का एकमात्र अफीम उत्पादक जिला-मंदसौर।
- रीवा प्रदेश का एकमात्र जिला हैं, जहॉ सफेद शेर पाये जाते हैं।
- घातक पशु बीमारियों के लिए वैक्सीन बनाने वाली प्रदेश की एकमात्र बायोनिजिकल लेब महू में हैं।
- प्रदेश का पहला 'पवन ऊर्जा फार्म' धार जिले के खेड़ागांव की पहाडियों पर स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. की एकमात्र महिला जेल होशंगाबाद में हैं।
- प्रदेश का एकमात्र किशोर बंदीगृह नरसिंहपुर में हैं।
- प्रदेश का एकमात्र सैनिक अड्डा महाराजपुर (मुरार) ग्वालियर में हैं।
- म.प्र. का प्रथम परमाणु बिजलीघर चुटका गांव (मण्डला) में प्रस्तावित हैं।
- म.प्र. का एकमात्र उद्यानिकी महाविद्यालय मदसौर में हैं।
- म.प्र. की प्रथम औद्योगिक प्रयोगशाला की स्थापना इंदौर में की गई हैं।
- प्रदेश का प्रथम चिकित्सा महाविद्यालय 1946 में ग्वालियर में स्थापित।
- म.प्र. का एकमात्र सैनिक स्कूल रीवा में हैं।
- प्रदेश का प्रथम महिला थाना भोपाल में स्थापित किया गया।
- प्रदेश का एकमात्र कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर में हैं।
- प्रदेश का एकमात्र गैस आधारित विद्युत गृह भाण्डेर (दतिया) में हैं।
- प्रदेश का एकमात्र रेलवे इंजन बनाने का कारखाना भोपाल में हैं।
- प्रदेश की एकमात्र खेल पत्रिका खेल हलचल के नाम से इंदौर से प्रकाशित होती हैं।
- म.प्र. के रतलाम में प्रदेश का पहला अंगूर अनुसंधान केन्द्र बनाया जायेगा।
- प्रदेश का पहला ड्राइविंग स्कूल इंदौर में बनेगा।
- प्रदेश का पहला विमान रिपेयरिंग सेंटर इंदौर मे स्थापित किया जायेगा।
- म.प्र. में प्रथम चलित ए.टी.एम. सेवा इंदौर में प्रारंभ की गई हैं।
- प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग का पहला गर्ल्स फिजीकल ट्रेनिंग कॉलेज शिवपुरी में खुलेगा।

मध्य प्रदेश का देश में प्रथम तथा एकमात्र

- केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी योजना धन का पूरा उपयोग करने वाला पहला राज्य।
- किसानों को समर्थन मूल्य पर बोनस देने वाला एकमात्र राज्य।
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में प्रथम।
- देश का पहला राज्य जिसने पर्यटन में वायु टैक्सी सेवा चालू की।
- दुनिया की पहली भीली भाषा की फिल्म 'फैसला' की सम्पूर्ण शूटिंग मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में की गई।
- वन विहार राष्ट्रीय उद्यान (भोपाल) ISO 9001 : 2008 अवार्ड पाने वाला देश का पहला राष्ट्रीय उद्यान हैं।
- मध्य प्रदेश राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के कार्य को भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडी) के आधार से जोड़ने वाला देश का पहला राज्य हैं।
- सौर ऊर्जा से संचालित देश का पहला इकोफ्रेंडली टेलीफोन एक्सचेंज 4 जनवरी 2012 से भोपाल में शुरू हुआ।
- किसानों के बैंक खातों में अनुदान बोनस तथा अन्य राहत राशि सीधे जमा कराने वाला म.प्र. देश का पहला राज्य हैं।
- कृषि आर्थिक सर्वेक्षण प्रस्तुत करने वाला म.प्र. देश का पहला राज्य हैं।
- म.प्र. का बालाघाट जिला देश का ऐसा पहला जिला हैं, जहॉ सिर्फ बेटियों वाले माता-पिता को घरेलू कामकाज में लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं हैं।
- कान्हा टाईगर रिजर्व देश का पहला पर्यटन स्थल हैं, जहां 13 बैगा महिलाऐं गाइड का प्रशिक्षण लेने के बाद सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं।
- जबलपुर जिले की परियट नदी के तट पर ग्राम पिपरिया परियट में निजी क्षेत्र द्वारा राज्य शासन के मार्गदर्शन में देश के पहले बायोगैस बिजली संयंत्र की स्थापना की गई हैं।
- देश का पहला बौद्ध विश्वविद्यालय म.प्र. के सांची (रायसेन) में स्थापित किया जायेगा।
- म.प्र. देश का पहला राज्य हैं जिसने लोकसेवा प्रदाय गारंटी अधिनियम पारित कर लागू किया।
- देश का पहला सोलर पार्क म.प्र. के राजगढ़ जिले में स्थापित होगा।
- अधिवक्ताओं को सतत शिक्षण एवं प्रशिक्षण देने वाला देश का प्रथम एडवोकेट्स कान्टीन्यूइंग लीगल एज्युकेशन इंस्टीट्यूट म.प्र. के ग्वालियर शहर में स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. (राज्य स्तर पर) मानव विकास रिपोर्ट प्रकाशित करने वाला देश का प्रथम राज्य हैं।
- 73 वें संविधान संशोधन के तहत पंचायती राज लागू करने वाला देश का पहला राज्य हैं।
- ग्राम न्यायालय स्थापित करने वाला देश का पहला राज्य।
- वनों का पूर्ण राष्ट्रीयकरण करने वाला देश का प्रथम राज्य।
- देश का पहला मोबाइल बैंक स्थापित करने वाला प्रथम राज्य हैं।
- देश में जिला सरकार स्थापित करने वाला पहला राज्य हैं।
- म.प्र. महिला नीति बनाने वाला देश का पहला राज्य हैं।
- देश का प्रथम मेडिकोलीगल संस्थान - भोपाल।
- देश का एकमात्र मानव संग्रहालय भोपाल में हैं।
- देश का प्रथम आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल में हैं।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- भारत का प्रथम ऑप्टिकल फाइबर कारखाना मण्डीद्वीप (रायसेन) में स्थापित किया गया हैं।
- मध्य प्रदेश गेरू उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर हैं।
- देश का सर्वाधिक सोयाबीन मध्य प्रदेश में उत्पादित होता हैं।
- मध्य प्रदेश देश में सबसे बड़ा तेंदूपत्ता व बीड़ी निर्माता राज्य हैं।
- देश का एशिया का पहला शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय मध्य प्रदेश के ग्वालियर में स्थापित है।
- देश ही नहीं एशिया का भी प्रथम लेसर अनुसधान केन्द्र मध्य प्रदेश के इंदौर में स्थापित हैं।
- मध्य प्रदेश हिन्दी भाषा में गजेटियर प्रकाशित करने वाला देश का प्रथम राज्य हैं।
- मानवाधिकार आयोग गठित करने वाला मध्य प्रदेश देश का प्रथम राज्य हैं।
- जिला स्तरीय मानव विकास रिपोर्ट तैयार करने वाला देश का पहला राज्य हैं।
- देश का एकमात्र आदिवासी शोध संचार केन्द्र मध्य प्रदेश के झाबुआ में स्थापित हैं।
- मध्य प्रदेश के जबलपुर में देश का पहला विकलांग पुनर्वास केन्द्र स्थापित किया गया हैं।
- देश का पहला 'रत्न परिष्कृत केन्द्र' जबलपुर में स्थापित किया गया हैं।
- देश ही नहीं एशिया का सबसे बड़ा सोयाबीन संयंत्र उज्जैन में स्थापित हैं।
- देश का पहला सोयाबीन वायदा बाजार-इन्दौर।
- देश में सर्वाधिक पवन चक्कियाँ मध्य प्रदेश में हैं।
- विश्व का सबसे बड़ा सौर ऊर्जा संयंत्र प्रदेश की राजधानी भोपाल में हैं।
- मध्य प्रदेश विद्युत मण्डल स्थापित करने वाला देश का पहला राज्य हैं।
- मध्य प्रदेश में देश के सर्वाधिक राष्ट्रीय उद्यान व अभ्यारण हैं।
- प्रदेश में देश की सर्वाधिक नदियां प्रवाहित होती हैं।
- देश की एकमात्र चाय अकादमी भोपाल में हैं।
- देश का पहला पुरातत्व पार्क मध्य प्रदेश के दमोह जिले के संग्रामपुर में बनाया जा रहा हैं।
- ग्राम सभा की शुरूआत करने वाला देश का पहला राज्य मध्य प्रदेश हैं।
- देश का प्रथम सौर चलित टेलीफोन एक्सचेन्ज प्रदेश के शिवपुरी जिले के अयोलपाटा में स्थापित किया गया हैं।
- म.प्र. में देश का पहला कार्गो हवाई अड्डा स्थापित किया जा रहा हैं।
- मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में देश का पहला सिंकोट्रोन विकिरण स्त्रोत इंडस-1 प्रारंभ किया गया हैं।
- मध्य प्रदेश का लाख उत्पादन में देश में प्रथम स्थान हैं।
- प्रथम विकलांग पुनर्वास केन्द्र-जबलपुर।
- भारत की सबसे बड़ी मस्जिद (बैठक क्षमता में)-ताजुल मस्जिद (भोपाल)।
- मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में देश का पहला नेशनल सैलिंग स्कूल प्रारंभ किया गया हैं।
- देवास पुलिस अधीक्षक कार्यालय देश का पहला ऐसा S.P. कार्यालय हैं, जिसे I.S.O. प्रमाण-पत्र दिया गया हैं।
- मध्य प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य हैं, जिसने नगरीय निकायों में महिलाओं को 50% आरक्षण प्रदान किया।
- मध्य प्रदेश के बैतूल जिले का कसई गांव गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोत बायोमास संयंत्र द्वारा उत्पादित बिजली से प्रकाशित होने वाला देश का पहला गांव हैं।
- भारत का पहली रामायण कला संग्रहालय मध्य प्रदेश के ओरछा में स्थापित किया गया हैं। साथ ही ओरछा में देश का पहला 'रामायण म्यूजियम' भी स्थापित हैं।
- सरकारी खरीद में आरक्षण लागू करने वाला मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य हैं।
- मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थापित विद्युत मण्डल देश का पहला विद्युत मण्डल हैं।
- भोपाल एक्सप्रेस (भोपाल से दिल्ली) देश का पहली ट्रेन हैं जिसे 2003 में I.S.O.9001 प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया हैं।
- BHEL द्वारा भोपाल में संचालित "जवाहरलाल नेहरू स्कूल" I.S.O.9001-2000 प्रमाण-पत्र पाने वाला देश का पहला स्कूल हैं।
- मध्य प्रदेश, देश का पहला राज्य हैं जिसने बेरोजगारी भत्ता देने की व्यवस्था की हैं।
- मध्य प्रदेश में वर्ष 2006 में देश की पहली साइबर ट्रेजरी का प्रारंभ हुआ।
- अनुसूचित जनजाति का जनसंख्या की दृष्टि से मध्य प्रदेश का देश में प्रथम स्थान हैं।
- वर्ष 1995 में देश का पहला राष्ट्रीय 'युवा महोत्सव' प्रदेश की राजधानी भोपाल में मनाया गया।
- मध्य प्रदेश पुरूष नसबंदी के मामले में देश में पहले स्थान पर हैं।
- मध्य प्रदेश देश का प्रथम राज्य हैं जिसने प्रत्येक जिले में उद्योग केन्द्र स्थापित किये हैं।
- प्रदेश के जबलपुर जिले ने देश का पहला ऐसा जिला बनने का गौरव हासिल किया हैं, जहां 'महत्वाकांक्षा समाधान' एक दिन योजना लागू की गई।
- मध्य प्रदेश देश का प्रथम राज्य हैं, जिसने सभी गांवो को ग्राम संपर्क नामक वेबसाइट से जोडने में सफलता प्राप्त की हैं।
- भारत में सती-प्रथा के प्रथम साक्ष्य मध्य प्रदेश के सागर जिले के एरण अभिलेख से प्राप्त हुए हैं।
- देश का पहला शिव संग्रहालय राजधानी भोपाल के निकट स्थित भोजपुर में प्रस्तावित हैं।
- देश का पहला सामान्य वर्ग निर्धन कल्याण आयोग मध्य प्रदेश में 2008 में गठित किया गया हैं।
- देश का प्रथम आदिवासी विश्वविद्यालय-अमरकंटक।
- देश की एक मात्र हाई सेंसिटीव एनिमल डिसिज टेस्टिग लेबोरेटरी-भोपाल।

मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा/छोटा/ऊँचा/नीचा/अधिक/कम

- एशिया का सबसे बड़ा पनीर निर्माण संयंत्र म.प्र. के खजुराहो में स्थापित किया गया हैं।
- मध्य प्रदेश का सबसे ऊँचा स्थान धूपगढ़ पहाड़ी (पचमढ़ी) हैं।
- मध्य प्रदेश का सबसे नीचा स्थान नर्मदा सोन घाटी हैं।
- सबसे लंबी नदी नर्मदा (1312) हैं।
- प्रदेश का सबसे लंबा पुल तवा नदी पुल हैं।
- प्रदेश से गुजरने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-3 हैं।
- प्रदेश का सबसे छोटा राष्ट्रीय राजमार्ग NH-76 हैं।
- प्रदेश का सबसे गर्म स्थान गंजबासौदा हैं।
- प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान शिवपुरी हैं।
- मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा वाला स्थल पचमढ़ी हैं।
- सबसे कम वर्षा वाला क्षेत्र भिण्ड हैं।
- सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान कान्हा-किसली हैं।
- सबसे छोटा राष्ट्रीय उद्यान फासिल (मण्डला) हैं।
- प्रदेश की सबसे बड़ी मस्जिद ताजुल मस्जिद भोपाल में हैं।
- सबसे बड़ा रेलवे जंक्शन इटारसी जंक्शन हैं।
- प्रदेश की सबसे बडी गणपति प्रतिमा इंदौर में हैं, जो बड़ा गणपति के नाम से प्रसिद्व हैं।

You Tube Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
SABDHANI COACHING INSTITUTE Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

- सबसे मोटी कोयला परत सिंगरौली में हैं।
- सबसे बडा भौतिक विभाग मालवा का पठार हैं।
- सबसे बडा कोयला भण्डार सोहागपुर क्षेत्र में हैं।
- प्रदेश का सबसे बडा शिवलिंग भोजपुर मंदिर का हैं।
- प्रदेश का मालवा क्षेत्र सर्वाधिक गेहूं उत्पादक क्षेत्र हैं।
- सर्वाधिक प्रसार वाला समाचार-पत्र दैनिक भास्कर हैं।
- मध्य प्रदेश का सर्वाधिक कुपोषित जिला श्योपुर हैं।
- मध्य प्रदेश का सबसे कम कुपोषित जिला भोपाल हैं।
- प्रदेश का सर्वाधिक सघन आबादी वाला जिला भोपाल हैं (854 प्रति वर्ग कि.मी.)
- सबसे अधिक विरल आबादी वाला जिला डिण्डोरी हैं। (94 प्रति वर्ग कि.मी.)
- सर्वाधिक सघन आबादी वाला संभाग इंदौर हैं।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बडा जिला छिंदवाडा हैं।
- क्षेत्रफल में सबसे छोटा जिला दतिया हैं।
- क्षेत्रफल में सबसे बडा संभाग जबलपुर हैं।
- क्षेत्रफल में सबसे छोटा संभाग होशंगाबाद हैं।
- प्रदेश के पन्ना जिले की अजयगढ तहसील सबसे छोटी तहसील (क्षेत्रफल में) हैं।
- सर्वाधिक जनसंख्या वृद्वि करने वाला जिला इंदौर हैं।
- जनसंख्या की दृष्टि से प्रदेश का सबसे बड़ा जिला इंदौर हैं।
- सबसे कम जनसंख्या वृद्वि करने वाला जिला अनूपपुर हैं।
- जनसंख्या की दृष्टि से प्रदेश का सबसे छोटा जिला हरदा हैं।
- जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बडी तहसील इंदौर हैं।
- जनसंख्या की दृष्टि से सबसे छोटी तहसील रौन हैं।
- सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला जिला इंदौर हैं। (जनगणना 2011)
- सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या वाला जिला रीवा हैं। (जनगणना 2011)
- प्रदेश का सर्वाधिक लिंगानुपात वाला जिला बालाघाट हैं। (1000:1021)
- सबसे कम लिंगानुपात वाला जिला भिण्ड हैं। (1000:838)
- चंबल संभाग प्रदेश का सबसे कम लिंगानुपात वाला संभाग हैं।
- प्रदेश का सबसे बड़ा नगर इंदौर हैं।
- सबसे बडा वनवृत्त खण्डवा हैं।
- सबसे छोटा वनवृत्त शाजापुर हैं।
- सर्वाधिक वन वृक्ष सागौन हैं।
- मध्य प्रदेश में सर्वाधिक पाया जाने वाला वन्य पशु चीतल हैं।
- सबसे कम सिंचाई वाला जिला डिण्डोरी हैं।
- सबसे बड़ी जनजाति भील हैं।
- सर्वाधिक सिनेमा घर वाला शहर इन्दौर हैं।

मध्य प्रदेश के नगर व राजधानी नाम

नगर	राजधानी का नाम
भोपाल	मध्य प्रदेश की राजधानी
इंदौर	व्यावसायिक राजधानी
इंदौर	खेल राजधानी
सिंगरौली	ऊर्जा राजधानी
जबलपुर	सांस्कृतिक राजधानी
पचमढ़ी	पर्यटन राजधानी
बालाघाट	मैंग्नीज राजधानी
मेहर	संगीत राजधानी
पचमढ़ी	ग्रीष्मकालीन राजधानी

म.प्र. सरकार द्वारा घोषित विभिन्न दिवस एवं वर्ष

- राज्य स्थापना दिवस – 1 नवम्बर
- नगरीय निकाय दिवस – 2 नवम्बर
- बेटी बचाओ दिवस – 5 अक्टूबर
- महुआ वर्ष – 2011
- ट्राफिक वर्ष – 2011
- लोकसेवा दिवस – 25 सितम्बर
- महिला सशक्तिकरण दिवस – 18 जून
- जनसंख्या नियंत्रण दिवस – 11 मई
- महुआ दिवस के रूप में – 11 जुलाई (2011)

मध्य प्रदेश के प्रमुख शासकीय कार्यालय (भवनों) के नाम

भवन का नाम	कार्यालय/निवास स्थान
मिण्टो हाल	राज्य का पुराना विधानसभा भवन
इंदिरा गांधी विधान सभा भवन	राज्य का नवीन विधान सभा भवन
वल्लभ भवन	राज्य सचिवालय
सतपुड़ा भवन	राज्य संचालनालय
शक्ति भवन	राज्य विद्युत मण्डल
ऊर्जा भवन	मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग
पर्यावास भवन	राज्य मानवाधिकार आयोग
पुस्तक भवन	मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम
निर्वाचन भवन	राज्य निर्वाचन भवन
श्यामला हिल्स	मुख्यमंत्री का निवास स्थान

मध्य प्रदेश के प्रसिद्व नगर व स्थलों के उपनाम

क्र.	स्थान	उपनाम
1.	जबलपुर	संगमरमर नगरी
2.	भेड़ाघाट	संगमरमर की चट्टानें
3.	भिण्ड-मुरैना	बागियों का गढ़
4.	उज्जैन	मंदिरों, मूर्तियों का नगर
5.	उज्जैन	महाकाल की नगरी
6.	खजुराहो	शिल्पकला का तीर्थ
7.	भीम बेटका	शैल चित्रकला
8.	सांची	बौद्व जगत की पवित्र नगरी
9.	इंदौर	मिनी मुम्बई
10.	सिवनी	म.प्र. का लखनऊ
11.	बालाघाट	मैंगनीज नगरी
12.	कटनी	चूना नगरी
13.	माण्डू	आनंद नगरी (सिटी ऑफ ज्वॉय)
14.	मालवा	गेहूं का भण्डार
15.	ग्वालियर	तानसेन की नगरी
16.	मैहर	संगीत नगरी
17.	भोपाल	झीलों की नगरी
18.	पचमढ़ी	पर्यटकों का स्वर्ग
19.	पीथमपुर	भारत का डेट्राइट
20.	उज्जैन	मंगल ग्रह की जन्मभूमि
21.	उज्जैन	पवित्र नगरी
22.	इंदौर	अहिल्या नगरी
23.	ग्वालियर	पूर्व का जिब्राल्टर
24.	बुरहानपुर	गंजेडियों का स्वर्ग
25.	खण्डवा-खरगौन	सुनहरे जिले
26.	मध्य प्रदेश की गंगा	बेतवा
27.	मालवा की गंगा	क्षिप्रा
28.	सफेद शेर की भूमि	रीवा
29.	इंदौर	कपड़ो का शहर
30.	माण्डू	महलों की नगरी
31.	धार	भोज नगरी
32.	शिवपुरी	पर्यटन नगरी
33.	ग्वालियर	किलों का रत्न

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

मध्य प्रदेश के नगरों/स्थलों की प्रसिद्धि के कारण

क्र.	नगरी/स्थान का नाम	प्रसिद्धी पाने का कारण
1.	भोपाल	राजधानी क्षेत्र व झीलें
2.	इंदौर	उद्योग नगरी/मिनी मुम्बई
3.	खजुराहो	कलात्मक मंदिरों के कारण
4.	पचमढ़ी	एकमात्र हिल स्टेशन
5.	मलाजखण्ड	तांबे की खदानें
6.	पन्ना	हीरे की खदानें
7.	सांची	बौद्ध स्तूपों के कारण
8.	मंदसौर	अफीम उत्पादन के कारण
9.	इटारसी	रेलवे जंक्शन
10.	नेपानगर	कागज मिल
11.	भीम बेटका	प्राचीन शैलचित्र
12.	रीवा	सफेद शेरों के कारण
13.	सिंगरौली	सबसे मोटी कोयला खदान
14.	भेड़ाघाट	संगमरमर की चट्टानें
15.	अमलाई	पेपर मिल
16.	खण्डवा	सिंगाजी का मेला
17.	उज्जैन	कुंभ का मेला व महाकाल का मंदिर
18.	ओंकारेश्वर	ज्योतिर्लिंग
19.	देवास	बैंक नोट प्रेस/चामुण्डा माता मंदिर
20.	धार	बाघ की गुफाएँ
21.	बावनगजा	आदिनाथ की विशाल मूर्ति
22.	चंदेरी	किला व साडियॉ
23.	माण्डू	खूबसूरत महलों के कारण
24.	महेश्वर	साडियों की बनावट के लिए
25.	ग्वालियर	किले मंदिर

मध्य प्रदेश के महत्वपूर्ण व्यक्तियों के उपनाम/उपाधियॉ

व्यक्ति	उपनाम/उपाधियॉ
➢ तानसेन	संगीत सम्राट
➢ कालिदास	भारत का शेक्सपियर
➢ रानी लक्ष्मीबाई	मनु
➢ चन्द्रशेखर आजाद	शहीद
➢ लता मंगेशकर	स्वर साम्राज्ञी
➢ पं. द्वारिका प्रसाद मिश्र	आधुनिक चाणक्य
➢ माखनलाल चतुर्वेदी	एक भारतीय आत्मा
➢ रानी अवन्तीबाई	रामगढ़ की झॉसी की रानी
➢ कुजीलाल दुबे	मध्य प्रदेश के विधि पुरूष
➢ विजयाराजे सिंधिया	राजमाता
➢ अहिल्या बाई होल्कर	लोकमात/देवी
➢ कुशाभाऊ ठाकरे	भाजपा के पितृ पुरूष
➢ अशोक कुमार	दादा मुनि
➢ राजेन्द्र जैन	भगवान रजनीश/ओशो
➢ दिग्विजय सिंह	दिग्गी राजा
➢ बाबूलाल गौर	बुलडोजर
➢ सैयद मुश्ताक अली	कैप्टन
➢ सुमित्रा महाजन	ताई
➢ अलाउद्दीन खॉ	सरोद सम्राट
➢ शंकर लक्ष्मण	गोली
➢ आचार्य केशवदास	कठिन काव्य का प्रेत
➢ संत सिंगाजी	मालवा का कबीर
➢ स्व. लक्ष्मण सिंह गौड	दादा

म.प्र. के नगरों के प्राचीन नाम व उनके वर्तमान नाम

प्राचीन या पुराने नाम	नवीन या वर्तमान नाम
➢ महू (इंदौर)	डॉ. भीमराव अम्बेडकर नगर
➢ भाबरा (झाबुआ)	चन्द्रशेखर आजाद नगर
➢ भूपाल, भोजताल	भोपाल
➢ काकनाद	सांची
➢ शदियाबाद	माण्डू
➢ विशपपुरी	सोहागपुर
➢ कपिथ्य	कायथा
➢ मल्हार नगरी	इन्दौर
➢ इंदूर	इन्दौर
➢ धारानगरी	धार
➢ उज्जयिनी	उज्जैन
➢ अवन्तिका	उज्जैन
➢ दशपुर	मंदसौर
➢ भेलसा/बेसनगर	विदिशा
➢ गोपांचल	ग्वालियर
➢ त्रिपुरी	तेवर (जबलपुर)
➢ श्रीपुरी	सिरपुर
➢ दिलीपनगर	दतिया
➢ माहिष्मति	महेश्वर
➢ नलपुर	नरवर
➢ रेवा/भथा	रीवा
➢ गढ़ मण्डला	मण्डला
➢ खान देश	बुरहानपुर
➢ माण्डवगढ़	माण्डू
➢ पांचालगढ़	पचमढ़ी
➢ गोण्डवाना	मण्डला
➢ खजूरवाहक	खजुराहो
➢ जैजाक भुक्ति	खजुराहो
➢ इन्द्रपुर	इंदौर
➢ एरिकिण	एरण
➢ वत्स	ग्वालियर (बुंदेलखण्ड क्षेत्र)
➢ अनूप	निमाड़ (खण्डवा क्षेत्र)
➢ तुड़ीकर	दमोह क्षेत्र
➢ शाहजहॉपुर	शाजापुर
➢ निजामत-ए-मशरीक	सीहोर
➢ मुडवारा	कटनी

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

31. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम

अध्याय 1
प्रारंभिक

1. संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ

1. इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम मानव अधिकार संरक्षण अधिनयम, 1993 है।
2. इसका विस्तार संपूर्ण भारत में है परन्तु यह जम्मू-कश्मीर राज्य में केवल वहां तक लागू होगा जहां तक इसका संबंध उस राज्य को यथा लागू संविधान की सातवीं अनूसूची की सूची 1 या सूची 3 में प्रगणित प्रविष्टियों में से किसी से संबंधित विषयों से है।
3. यह 28 सितम्बर, 1993 को प्रवृत्त हुआ समझा जाएगा।

2. परिभाषा

1. इस अधिनियम में, जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो-
   (क) 'सशस्त्र बल' से नौसेना, सेना और वायु सेना अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत संघ का कोई सैन्य सशस्त्र बल है।
   (ख) 'अध्यक्ष' से, यथास्थिति, आयोग का या राज्य आयोग का अध्यक्ष अभिप्रेत है।
   (ग) 'आयोग' से धारा 3 के अधीन गठित राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग अभिप्रेत है।
   (घ) 'मानव अधिकार' से प्राण, स्वतंत्रता, समानता और व्यक्ति की गरिमा से संबंधित ऐसे अधिकार अभिप्रेत है। जो संविधान द्वारा प्रत्याभूत किए गए हैं या अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदाओं में सन्निविष्ट और भारत में न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय है।
   (ङ) 'मानव अधिकार न्यायालय' से धारा 30 के अधीन विनिर्दिष्ट मानव अधिकार न्यायालय अभिप्रेत है।
   (च) 'अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा' से संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 16 दिसंबर, 1966 अंगीकार की गई सिविल और राजनीतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा और आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतरराष्ट्रीय प्रसंविदा तथा संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा द्वारा अंगीकार की गई ऐसी अन्य प्रसंविदा या अभिसमय, जो केन्द्रीय सरकार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करें, अभिप्रेत है।
   (छ) 'सदस्य' से, यथास्थिति, आयोग का या राज्य आयोग का सदस्य अभिप्रेत है।
   (ज) 'राष्ट्रीय अल्पंसख्यक आयोग' से राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 की धारा 3 के अधीन गठित राष्ट्रीय 1992 का 19 अल्पसंख्यक आयोग अभिप्रेत है।
   (झ) 'राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग' से संविधान में निर्दिष्ट राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अभिप्रेत है।
   (क) 'राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग' से संविधान के अनुच्छेद 338क में निर्दिष्ट राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति 2006 का 43 आयोग अभिप्रेत है।
   (ञ) 'राष्ट्रीय महिला आयोग' से राष्ट्रीय महिला आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के अधीन गठित राष्ट्रीय महिला आयोग अभिप्रेत है।
   (ट) 'अधिसूचना' से राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना अभिप्रेत है,
   (ठ) 'विहित' से इस अधिनियम के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है।
   (ड) 'लोक सेवक' का वही अर्थ है जो भारतीय दंड संहिता की 1860 का 45 धारा 21 में है।
   (ढ) 'राज्य आयोग' से धारा 21 के अधीन गठित राज्य मानव अधिकार आयोग अभिप्रेत है।
2. इस अधिनियम में किसी ऐसी विधि के, जो जम्मू-कश्मीर राज्य में प्रवृत्त नही है, प्रति किसी निर्देश का उस राज्य के संबंध में, यह अर्थ लगाया जाएगा कि वह उस राज्य में प्रवृत्त किसी स्थानीय विधि के, यदि कोई हो, प्रति निर्देश है।

अध्याय 2
राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग

3. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन

1. केन्द्रीय सरकार, एक निकाय का, जो राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के नाम से ज्ञात होगा, इस अधिनियम के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने और उसे सौंपे गए कृत्यों का पालन करने के लिए, गठन करेगी।
2. आयोग निम्नलिखित से मिलकर बनेगा, अर्थात् :-
   (क) एक अध्यक्ष, जो उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति रहा है।
   (ख) एक सदस्य, जो उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है।
   (ग) एक सदस्य, जो किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति है या रहा है।
   (घ) दो सदस्य, जो ऐसे व्यक्तियों में से नियुक्त किए जाएंगे जिन्हें मानव अधिकारों से संबंधित विषयों का ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है।
3. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, [राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग] और राष्ट्रीय महिला आयोग के अध्यक्ष धारा 12 के खंड (ख) से खंड (ञ) में विनिर्दिष्ट कृत्यों के निर्वहन के लिए आयोग के सदस्य समझे जाएगे।
4. एक महासचिव होगा, जो आयोग का मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा और वह आयोग की ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जो (न्यायिक कृत्यों और धारा 40ख के अधीन विनियम बनाने की शक्ति के सिवाय) जो, यथास्थिति, आयोग या अध्यक्ष उसे प्रत्यायोजित करे।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

5. आयोग का मुख्यालय दिल्ली में होगा और आयोग, केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, भारत में अन्य स्थानों पर कार्यालय स्थापित कर सकेगा।

4. अध्यक्ष और अन्य सदस्यों की नियुक्ति

1. राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा अध्यक्ष और अन्य सदस्यों को नियुक्त करेगा। परन्तु इस उपधारा के अधीन प्रत्येक नियुक्ति ऐसी समिति की सिफारिशें प्राप्त होने के पश्चात् की जाएगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात्:-
   (क) प्रधानमंत्री - अध्यक्ष
   (ख) लोकसभा का अध्यक्ष - सदस्य
   (ग) भारत सरकार के गृह मंत्रालय का मंत्री-सदस्य
   (घ) लोक सभा मे विपक्ष का नेता - सदस्य
   (ङ) राज्य सभा में विपक्ष का नेता - सदस्य
   (च) राज्य सभा का उप सभापति-सदस्य
   परन्तु यह और कि उच्चतम न्यायालय का कोई आसीन न्यायाधीश या किसी उच्च न्यायालय का कोई आसीन मुख्य न्यायमूर्ति भारत के मुख्य न्यायमूर्ति से परामर्श करने के पश्चात् ही नियुक्त किया जाएगा, अन्यथा नही।
2. अध्यक्ष या किसी सदस्य की कोई नियुक्ति केवल इस कारण अविधिमान्य नही होगी कि [उपधारा (1) के पहले परन्तुक में निर्दिष्ट समिति मे किसी सदस्य की कोई रिक्ति है]।

5. अध्यक्ष और सदस्यों का त्यागपत्र और हटाया जाना

1. अध्यक्ष या कोई सदस्य, राष्ट्रपति को संबंधित अपने हस्ताक्षर सहित लिखित सूचना द्वारा अपना पद त्याग सकेगा।
2. उपधारा (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए अध्यक्ष या किसी सदस्य को केवल साबित कदाचार या असमर्थता के आधार पर किए गए राष्ट्रपति के ऐसे आदेश से उसके पद से हटाया जाएगा, जो उच्चतम न्यायालय को राष्ट्रपति द्वारा निर्देश किए जाने पर, उच्चतम न्यायालय द्वारा इस निमित विहित प्रक्रिया के अनुसार की गई जांच पर यह रिपोर्ट किए जाने के पश्चात् किया गया है. कि,यथास्थिति, अध्यक्ष या ऐसे सदस्य को ऐसे किसी आधार पर हटा दिया जाए।
3. उपधारा (2) में किसी बात के होते हुए भी, यदि यथास्थिति, अध्यक्ष या कोई सदस्य-
   (क) दिवालिया न्यायनिर्णीत किया जाता है, या
   (ख) अपनी पदावधि में अपने पद के कर्तव्यों के बाहर किसी सवेतन नियोजन में लगता है, या
   (ग) मानसिक या शारीरिक शैथिल्य के कारण अपने पद पर बने रहने के अयोग्य है, या
   (घ) विकृतचित्त का है और सक्षम न्यायालय की ऐसी घोषणा विद्यमान है, या
   (ङ) किसी ऐसे अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया जाता है और कारावास से दण्डादिष्ट किया जाता है जिसमें, राष्ट्रपति की राय में नैतिक अधमता अंतर्वलित है।

6. अध्यक्ष और सदस्यों की पदावधि

1. अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति, अपने पद ग्रहण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक या सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने तक, इनमें से जो भी पहले हो, अपना पद धारण करेगा।
2. सदस्य के रूप मे नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति, अपने पद ग्रहण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक अपना पद धारण करेगा तथा पांच वर्ष की और अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा। परन्तु कोई भी सदस्य सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् अपना पद धारण नही करेगा।
3. अध्यक्ष या कोई सदस्य, अपने पद पर न रह जाने पर भारत सरकार के अधीन या किसी राज्य सरकार के अधीन किसी भी और नियोजन का पात्र नही होगा।

7. कतिपय परिस्थितियों में सदस्य का अध्यक्ष के रूप मे कार्य करना या उसके कृत्यों का निर्वहन

1. अध्यक्ष की मृत्यु, पदत्याग या अन्य कारण से उसके पद में हुई रिक्ति की दशा में राष्ट्रपति, अधिसूचना द्वारा सदस्यों मे से किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में तब तक कार्य करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा जब तक ऐसी रिक्ति को भरने के लिए नए अध्यक्ष की नियुक्ति नही हो जाती।
2. जब अध्यक्ष छुट्टी पर अनुपस्थिति के कारण या अन्य कारण से अपने कृत्यों का निर्वहन करने में असमर्थ है तब सदस्यों में से एक सदस्य जिसे राष्ट्रपति अधिसूचना द्वारा इस निमित प्राधिकृत करें उस तारीख तक अध्यक्ष के कृत्यों का निर्वहन करेगा जिस तारीख को अध्यक्ष अपने कर्तव्यों को फिर से संभालता है।

8. अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा के निबंधन और शर्ते

अध्यक्ष और सदस्यों को संदेय वेतन और भत्ते तथा उनकी सेवा के अन्य निबंधन और शर्ते ऐसी होगी जो विहित की जाए। परन्तु अध्यक्ष और किसी सदस्य के वेतन और भत्तें में तथा सेवा के अन्य निबंधनों और शर्ते में उसकी नियुक्ति के पश्चात् उसके लिए अलाभकारी परिवर्तन नही किया जाएगा।

9. रिक्तियों आदि से आयोग की कार्यवाहियों का अविधिमान्य न होना

आयोग की कोई भी कार्यवाही केवल इस आधार पर प्रश्नगत नही की जाएगी या अविधिमान्य नही होगी कि आयोग में कोई रिक्ति है या उसके गठन में कोई त्रुटि है।

10.प्रक्रिया का आयोग द्वारा विनियमित किया जाना

1. आयोग का अधिवेशन ऐसे समय और स्थान पर होगा जो अध्यक्ष ठीक समझे।
2. इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए आयोग को अपनी प्रक्रिया के लिए नियम बनाने की शक्ति होगी।
3. आयोग के सभी आदेश और विनिश्चय महासचिव द्वारा या इस निमित अध्यक्ष द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत आयोग के किसी अन्य अधिकारी द्वारा अधिप्रमाणित किए जाएगें।

11.आयोग के अधिकारी और अन्य कर्मचारी

(क) भारत सरकार के सचिव स्तर का एक अधिकारी जो आयोग का महासचिव होगा।
(ख) ऐसे अधिकारी के अधीन जो पुलिस महानिदेशक स्तर से नीचे का न हो, ऐसे पुलिस और अन्वेषण अधिकारी तथा ऐसे अन्य अधिकारी जो आयोग के कृत्यों का दक्षतापूर्ण पालन करने के लिए आवश्यक हो।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

(1) ऐसे नियमों के अधीन रहते हुए जो केन्द्रीय सरकार द्वारा इस निमित बनाए जाएं, आयोग ऐसे अन्य प्रशासनिक तकनीकी और वैज्ञानिक कर्मचारी नियुक्त कर सकेगा जो वह आवश्यक समझे।

(2) उपधारा (2) के अधीन नियुक्त अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन भत्ते और सेवा की शर्ते ऐसी होगी जो विहित की जाए।

अध्याय 3
आयोग के कृत्य और शक्तियां

12. आयोग के कृत्य

आयोग निम्नलिखित कृत्यों का पालन करेगा, अर्थात्:-

(क) स्वप्रेरण से या किसी पीड़ित व्यक्ति द्वारा या उसकी ओर से किसी व्यक्ति द्वारा [या उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर] उसके प्रस्तुत की गई अर्जी पर-

1. मानव अधिकारों का किसी लोक सेवक द्वारा अतिक्रमण या दुष्प्रेरण किए जाने की, या
2. ऐसे अतिक्रमण के निवारण में किसी लोक सेवक द्वारा उपेक्षा की शिकायत के बारे मे जांच करना।

(ख) किसी न्यायालय के समक्ष लंबित किसी कार्यवाही में जिसमें मानव अधिकारों के अतिक्रमण का कोई अभिकथन अंतर्वलित है, उस न्यायालय के अनुमोदन से मध्यक्षेप करना।

(ग) राज्य सरकार के नियंत्रण के अधीन किसी जेल या किसी अन्य संस्था का जहां व्यक्ति उपचार सुधार या संरक्षण के लिए रखे जाते है, इन व्यक्तियों के जीवन की परिस्थितियों का अध्ययन करने के लिए निरीक्षण करना और उन पर सरकार को सिफारिश करना।

(घ) संविधान या मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि द्वारा या उसके अधीन उपबंधित रक्षोपायों का पुनर्विलोकन करना और उनके प्रभावपूर्ण कार्यन्वयन के लिए उपायों की सिफारिश करना।

(ङ) ऐसी बातो का जिनके अंतर्गत आतंकवाद के कार्य हैं और जो मानव अधिकारों के उपभोग मे विध्न डालती है पुनर्विलोकन करना और समुचित उपचारी उपायों की सिफारिश करना।

(च) मानव अधिकारों से संबंधित संधियों और अन्य अन्तरराष्ट्रीय समझौतों का अध्ययन करना और उनके प्रभावपूर्ण कार्यान्वयन के लिए सिफारिशें करना।

(छ) मानव अधिकारों के क्षेत्र मे अनुसंधान करना और उसका संवर्धन करना।

(ज) समाज के विभिन्न वर्गो के बीच मानव अधिकारों संबंधों जानकारी का प्रसार करना और प्रकाशनों, संचार, विचार माध्यमों, गोष्ठियों और अन्य उपलब्ध साधनों के माध्यम से इन अधिकारो के संरक्षण के लिए उपलब्ध रक्षोपायों के प्रति जागरूकता का संवर्धन करना।

(झ) मानव अधिकारों के क्षेत्र में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों और संस्थाओं के प्रयासों को उत्साहित करना।

(ञ) ऐसे अन्य कृत्य करना जो मानव अधिकारो के संवर्धन के लिए आवश्यक समझे जाते हो।

13. जांच से संबंधित शक्तियां

1. आयोग को इस अधिनियम के अधीन शिकायतो के बारे मे जांच करते समय और विशिष्टतया निम्नलिखित विषयों के संबंध में वे सभी शक्तियां होगी तो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अधीन किसी वाद का विचारण करते समय सिविल न्यायालय को है, अर्थात:-
   (क) साक्षियों को समन करना और हाजिर कराना तथा शपथ पर उनकी परीक्षा करना।
   (ख) किसी दस्तावेज को प्रकट और पेश करने की अपेक्षा करना।
   (ग) शपथपत्रों पर साक्ष्य ग्रहण करना।
   (घ) किसी न्यायालय या कार्यालय से कोई लोक अभिलेख या उसकी प्रतिलिपि अपेक्षित करना।
   (ङ) साक्षियों या दस्तावेजों की परीक्षा के लिए कमीशन निकालना।
   (च) कोई अन्य विषय जो विहित किया जाए।
2. आयोग को किसी व्यक्ति से ऐसे किसी विशेषधिकार के अधीन रहते हुऐ जिसका उस व्यक्ति द्वारा तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन दावा किया जाए ऐसी बातों या विषयों पर जानकारी देने की अपेक्षा करने की शक्ति होगी जो आयोग की राय में जांच की विषयवस्तु के लिए उपयोगी हों, या उससे सुसंगत हो और जिस व्यक्ति से ऐसी अपेक्षा की जाए वह भारतीय दंड संहिता की धारा 176 और धारा 177 के अर्थ मे ऐसी जानकारी देने के वैध रूप से आबद्ध समझा जाएगा।
3. आयोग या आयोग द्वारा इस निमित विशेषतया प्राधिकृत कोई ऐसा अन्य अधिकारी जो राजपत्रित अधिकारी की पंक्ति से नीचे का न हो दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 100 के उपबंधों के जहां तक वे लागू हों अधीन रहते हुए किसी ऐसे भवन या स्थान में जिसकी बाबत आयोग के पास यह विश्वास करने का कारण है कि जाँच की विषय वस्तु से संबंधित कोई दस्तावेज वहां पाया जा सकता है प्रवेश कर सकेगा और किसी ऐसे दस्तावेज को अभिगृहित कर सकेगा अथवा उससे उद्धरण या उसकी प्रतिलिपिया ले सकेगा।
4. आयोग को सिविल न्यायालय समझा जाएगा और जब कोई ऐसा अपराध जो भारतीय दंड संहिता की धारा 175, धारा 178, धारा 179, धारा 180 या धारा 228 में वर्णित है, आयोग की दृष्टिगोचरता में या उपस्थिति में किया जाता है तब आयोग अपराध गठित करने वाले तथ्यों तथा अभियुक्त के कथन को अभिलिखित करने के पश्चात् जैसा कि दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 में उपबंधित है उस मामले को ऐसे मजिस्ट्रेट को भेज सकेगा जिसे उसका विचारण करने की अधिकारिता है और वह मजिस्ट्रेट जिसे कोई ऐसा मामला भेजा जाता

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

है अभियुक्त के विरूद्ध शिकायत सुनने के लिए इस प्रकार अग्रसर होगा मानों वह मामला दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 346 के अधीन उसको भेजा गया हो।

5. आयोग के समक्ष प्रत्येक कार्यवाही को भारतीय दंड संहिता की धारा 193 और धारा 228 के अर्थ में तथा धारा 196 के प्रयोजनों के लिए न्यायिक कार्यवाही समझा जाएगा और आयोग को दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 195 और अध्याय 26 के सभी प्रयोजनों के लिए सिविल न्यायालय समझा जाएगा।
6. जहां आयोग ऐसा करना आवश्यक और समीचीन समझता है वहां वह आदेश द्वारा उसके समक्ष फाइल की गई या लम्बित किसी शिकायत को उस राज्य के राज्य आयोग को जिससे इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार निपटारे के लिए शिकायत उद्भूत होती है अन्तरित कर सकेगा।

   परन्तु ऐसी कोई शिकायत तब तक अन्तरित नही की जाएगी जब तक कि वह शिकायत ऐसी न हो जिसके संबंध में राज्य आयोग को उसे ग्रहण करने की अधिकारिता न हो।
7. उपधारा (6) के अधीन अन्तरित की गई प्रत्येक शिकायत पर राज्य आयोग द्वारा ऐसे कार्रवाई की जाएगी और उसका निपटारा किया जाएगा मानो वह शिकायत आरम्भ में उसके समक्ष फाइल की गई हो।

14. अन्वेषण

1. आयोग जांच से संबंधित कोई अन्वेषण करने के प्रयोजन के लिए यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार की सहमति से केन्द्रीय सरकार या उस राज्य सरकार के किसी अधिकारी या अन्वेषण अभिकरण की सेवाओं का उपयोग कर सकेगा।
2. जांच से संबंधित किसी विषय का अन्वेषण करने के प्रयोजन के लिए कोई ऐसा अधिकारी या अभिकरण जिसकी सेवाओं का उपधारा (1) के अधीन उपयोग किया जाता है आयोग के निदेशन और नियंत्रण के अधीन रहते हुए:-
   (क) किसी व्यक्ति को समन कर सकेगा और हाजिर करा सकेगा तथा उसकी परीक्षा कर सकेगा।
   (ख) किसी दस्तावेज को प्रकट और पेश किए जाने की अपेक्षा कर सकेगा, और
   (ग) किसी कार्यालय से किसी लोक अभिलेख या उसकी प्रतिलिप की अपेक्षा कर सकेगा।
3. धारा 15 के उपबंध किसी ऐसे अधिकारी या अभिकरण के समक्ष जिसकी सेवाओं का उपधारा (1) के अधीन उपयोग किया जाता है किसी व्यक्ति द्वारा किए गए किसी कथन के संबंध में वैसे ही लागू होगे जैसे वे आयोग के समक्ष साक्ष्य देने के अनुक्रम में किसी व्यक्ति द्वारा किए गए किसी कथन के संबंध मे लागू होते है।
4. जिस अधिकारी या अभिकरण की सेवाओं का उपयोग उपधारा (1) के अधीन किया जाता है वह जांच से संबंधित किसी विषय का अन्वेषण करेगा और उस पर आयोग को ऐसी अवधि के भीतर जो आयोग द्वारा इस निमित विनिर्दिष्ट की जाए रिर्पोट देगा।
5. आयोग उपधारा (4) के अधीन उसे दी गए रिपोर्ट में कथित तथ्यों के और निकाले गए निष्कर्षो के यदि कोई हो सही होने के बारे में अपना समाधान करेगा और इस प्रयोजन के लिए आयोग ऐसी जांच जिसके अंतर्गत उस व्यक्ति की या उन व्यक्तियों की परीक्षा है, जिसने या जिन्होने अन्वेषण किया हो या उसमें सहायता की हो, कर सकेगा, जो वह ठीक समझे।

15. आयोग के समक्ष व्यक्तियों द्वारा किए गए कथन

आयोग के समक्ष साक्ष्य देने के अनुक्रम में किसी व्यक्ति द्वारा किया गया कोई कथन ऐसे कथन द्वारा मिथ्या साक्ष्य देने के लिए अभियोजन के सिवाय उसे किसी सिविल या दांडिक कार्यवाही के अधीन नही करेगा या उसमें उसके विरूद्ध प्रयुक्त नही किया जाएगा। परन्तु यह तब जब कि ऐसा कथन:-

(क) ऐसे प्रश्न के उत्तर में किया जाता है जिसका उत्तर देने के लिए उससे आयोग द्वारा उपेक्षा की जाए, या
(ख) जांच की विषयवस्तु से सुसंगत है।

16. उन व्यक्तियों की सुनवाई जिन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभाव्य है

यदि जांच के किसी अनुक्रम में:-

(क) आयोग किसी व्यक्ति के आचरण की जांच करना आवश्यक समझता है, या
(ख) आयोग की यह राय है कि जांच से किसी व्यक्ति की ख्याति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभाव्य है।

तो वह उस व्यक्ति की जांच मे सुनवाई और अपनी प्रतिरक्षा में साक्ष्य प्रस्तुत करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

परन्तु इस धारा की कोई बात वहां लागू नही होगी जहा किसी साक्षी की विश्वसनीयता पर अधिक्षेप किया जा रहा है।

अध्याय 4
प्रक्रिया

17. शिकायतों की जांच

आयोग मानव अधिकारों के अतिक्रमण की शिकायतों की जांच करते समय-

1. केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार अथवा उसके अधीनस्थ किसी अन्य प्राधिकारी या संगठन से ऐसे समय के भीतर जो आयोग द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए जानकारी या रिपोर्ट मांग सकेगा। परन्तु-
   (क) यदि आयोग को नियत समय के भीतर जानकारी या रिपोर्ट प्राप्त नही होती है तो वह शिकायत के बारे में स्वयं जांच कर सकेगा।
   (ख) यदि जानकारी या रिपोर्ट की प्राप्ति पर आयोग का यह समाधान हो जाता है कि कोई और जांच अपेक्षित नही है अथवा अपेक्षित कार्रवाई संबंधित सरकार या प्राधिकारी द्वारा आरंभ कर दी गई है या की जा चुकी है तो वह शिकायत के बारे में कार्यवाही नही कर सकेगा और शिकायतकर्ता को तद्नुसार सूचित कर सकेगा।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

2. खंड (1) में अंतर्विष्ट किसी बात पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यदि आयोग शिकायत की प्रकृति को ध्यान मे रखते हुए आवश्यक समझता है तो जांच आरम्भ कर सकेगा।

18. जांच के दौरान और जांच के पश्चात् कार्रवाई

आयोग इस अधिनियम के अधीन की गई किसी जांच के दौरान और उसके पूरा होने पर निम्नलिखित कार्रवाई कर सकेगा अर्थात्:-

(क) जहां जांच से किसी लोक सेवक द्वारा मानव अधिकारों का अतिक्रमण या मानव अधिकारों के अतिक्रमण के निवारण में उपेक्षा या मानव अधिकारों के अतिक्रमण का उत्प्रेरण प्रकट होता है तो वहां वह संबंधित सरकार या प्राधिकारी को-

(i) शिकायतकर्ता या पीड़ित व्यक्ति या उसके कुटुम्ब के सदस्यों को ऐसा प्रतिकार या नुकसानों का संदाय करने की सिफारिश कर सकेगा जो आयोग आवश्यक समझे।

(ii) संबंधित व्यक्ति या व्यक्तियों के विरूद्ध अभियोजन के लिए कार्यवाहियां आरम्भ करने या कोई अन्य समुचित कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकेगा जो आयोग ठीक समझे।

(iii) ऐसी अन्य कार्रवाई करने की सिफारिश कर सकेगा जिसे वह ठीक समझे।

(ख) उच्चतम न्यायालय या संबंधित उच्च न्यायालय को ऐसे निर्देश आदेश या रिट के लिए जो वह न्यायालय आवश्यक समझे अनुरोध करना।

(ग) जांच के किसी प्रक्रम पर सम्बद्ध सरकार या प्राधिकारी को पीड़ित व्यक्ति या उसके कुटुम्ब के सदस्यों को ऐसी तत्काल अन्तरिम सहायता मंजूर करने की जो आयोग आवश्यक समझें सिफारिश करना।

(घ) खण्ड (ङ) के उपबंधों के अधीन रहते हुए जांच रिपोर्ट की प्रति अर्जीदार या उसके प्रतिनिधि को उपलब्ध कराना।

(ङ) आयोग अपनी जांच रिपोर्ट की एक प्रति अपनी सिफारिश सहित संबंधित सरकार या प्राधिकारी को भेजेगा और संबंधित सरकार या प्राधिकारी एक मास की अवधि के भीतर या ऐसे और समय के भीतर जो आयोग अनुज्ञात करे रिपोर्ट पर अपनी टीका-टिप्पणी आयोग को भेजेगा जिसके अंतर्गत उस पर की गई या की जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई है।

(च) आयोग संबंधित सरकार या प्राधिकारी की टीका-टिप्पणी सहित यदि कोई हो अपनी जांच रिपोर्ट तथा आयोग की सिफारिशों पर संबंधित सरकार या प्राधिकारी द्वारा की गई या की जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई को प्रकाशित करेगा।

19. सशस्त्र बलों की बाबत प्रक्रिया

1. इस अधिनियम में किसी बात के रहते हुए भी आयोग सशस्त्र बलों के सदस्यों द्वारा मानव अधिकारी के अतिक्रमण की शिकायतों के बारे में कार्रवाई करते समय निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाएगा अर्थात:-

(क) आयोग स्वप्रेरणा से या किसी अर्जी की प्राप्ति पर केंद्रीय सरकार या रिपोर्ट मांग सकेगा।

(ख) रिपोर्ट की प्राप्ति के पश्चात् आयोग यथास्थिति शिकायत के बारे में कोई कार्यवाही नही करेगा या उस सरकार को अपनी सिफारिशें कर सकेगा।

2. केन्द्रीय सरकार सिफारिशों पर की गई कार्रवाई के बारे में आयोग को तीन मास के भीतर या ऐसे और समय के भीतर जो आयोग अनुज्ञात करें सूचित करेगी।

3. आयोग केन्द्रीय सरकार को की गई अपनी सिफारिशों तथा ऐसी सिफारिशों पर उस सरकार द्वारा की गई कार्रवाई सहित अपनी रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

4. आयोग उपधारा (3) के अधीन प्रकाशित रिपोर्ट की प्रति अर्जीदार या उसके प्रतिनिधि को उपलब्ध कराएगा।

20. आयोग की वार्षिक और विशेष रिपोर्ट

1. आयोग केन्द्रीय सरकार को और संबंधित राज्य सरकार को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और किसी भी समय ऐसे विषय पर जो उसकी राय में इतना अत्यावश्यक या महत्वपूर्ण है कि उसको वार्षिक रिपोर्ट के प्रस्तुत किए जाने तक आस्थगित नही किया जाना चाहिए विशेष रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकेगा।

2. यथास्थिति केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार आयोग की वार्षिक और विशेष रिपोर्टो को आयोग की सिफारिशों पर की गई या की जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई के ज्ञापन सहित और सिफारिशों की अस्वीकृति के कारणों सहित यदि कोई हों यथास्थिति संसद या राज्य विधान-मंडल के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगी।

अध्याय 5
राज्य मानव अधिकार आयोग

21. राज्य मानव अधिकार आयोगों का गठन

1. कोई राज्य सरकार इस अध्याय के अधीन राज्य आयोग को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिए और सौंपे गए कृत्यों का पालन करने के लिए एक निकाय का गठन कर सकेगी जिसका नाम ..... (राज्य का नाम) मानव अधिकार आयोग होगा।

2. राज्य आयोग ऐसी तारीख से जो राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करें निम्नलिखित से मिलकर बनेगा अर्थात:-

(क) एक अध्यक्ष जो किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति रहा है।

(ख) एक सदस्य जो किसी उच्च न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है, या राज्य में जिला न्यायालय का न्यायाधीश है या रहा है और जिसे जिला न्यायाधीश के रूप में कम से कम सात वर्ष का अनुभव है।

(ग) एक सदस्य जो ऐसे व्यक्तियों में से नियुक्त किया जाएगा जिन्हें मानव अधिकारों से संबंधित विषयों का ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

3. एक सचिव होगा जो राज्य आयोग का मुख्य कार्यपालक अधिकारी होगा और वह राज्य आयोग की ऐसी शक्तियों का प्रयोग और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जो राज्य आयोग उसे प्रत्यायोजित करें।
4. राज्य आयोग का मुख्यालय ऐसे स्थान पर होगा जो राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे।
5. कोई राज्य आयोग केवल संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 2 और सूची 3 में प्रगणित प्रविष्टियों में से किसी से संबंधित विषयों की बाबत मानव अधिकारों के अतिक्रमण किए जाने की जांच कर सकेगा।

   परन्तु यदि किसी ऐसे विषय के बारे में आयोग द्वारा या तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन सम्यक रूप से गठित किसी अन्य आयोग द्वारा पहले से ही जांच की जा रही है तो राज्य आयोग उक्त विषय के बारे में जांच नही करेगा।

   परन्तु यह और कि जम्मू-कश्मीर मानव अधिकार आयोग के संबंध में यह उपधारा ऐसे प्रभावी होगी मानों के "केवल संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 2 और सूची 3 में प्रगणित प्रविष्टियों में से किसी से संबंधित विषयों की बाबत" शब्द और अंकों के स्थान पर "जम्मू-कश्मीर राज्य को यथा लागू संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 3 में प्रगणित प्रविष्टियों में से किसी से संबंधित विषयों की बाबत और उन विषयों की बाबत जिनके संबंध में उस राज्य के विधान-मंडल को विधियाँ बनाने की शक्ति है" शब्द और अंक रख दिए गए है।
6. दो या दो से अधिक राज्य सरकारें राज्य आयोग के अध्यक्ष या सदस्य की सहमति से यथास्थिति ऐसे अध्यक्ष या सदस्य को साथ-साथ अन्य राज्य आयोग का सदस्य नियुक्त कर सकेगी यदि ऐसा अध्यक्ष या सदस्य ऐसी नियुक्ति के लिए सहमति देता है।

   परन्तु उस राज्य की बाबत जिसके लिए यथास्थिति सामान्य अध्यक्ष या सदस्य या दोनों नियुक्त किए जाने है इस धारा के अधीन की गई प्रत्येक नियुक्ति धारा 22 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट समिति की सिफारिशें अभिप्राप्त करने के पश्चात् की जाएगी।]

22. राज्य आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति

1. राज्यपाल अपने हस्ताक्षर और मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा अध्यक्ष और सदस्यों को नियुक्त करेगा।

   परन्तु इस उपधारा के अधीन प्रत्येक नियुक्ति ऐसी समिति की सिफारिशें प्राप्त होने के पश्चात् की जाएगी जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात:-

   (क) मुख्यमंत्री-अध्यक्ष।
   (ख) विधानसभा का अध्यक्ष-सदस्य।
   (ग) उस राज्य के गृह विभाग का मंत्री-सदस्य।
   (घ) विधानसभा में विपक्ष का नेता-सदस्य।

   परन्तु यह और कि जहां किसी राज्य में विधान परिषद् है वहां उस परिषद् का सभापति और उस परिषद् में विपक्ष का नेता भी समिति के सदस्य होगें।

   परन्तु यह और भी कि उच्च न्यायालय का कोई आसीन न्यायाधीश या कोई आसीन जिला न्यायाधीश संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति से परामर्श करने के पश्चात् ही नियुक्त किया जाएगा अन्यथा नही।
2. राज्य आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य की कोई नियुक्ति केवल इस कारण अविधिमान्य नही होगी कि उपधारा (1) में निर्दिष्ट समिति में कोई रिक्ति है।

23. राज्य आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य का त्यागपत्र और हटाया जाना

1. राज्य आयोग का अध्यक्ष या कोई सदस्य राज्यपाल को संबंधित अपने हस्ताक्षर सहित लिखित सूचना द्वारा अपना पद त्याग सकेगा।

   (1क) उपधारा (2) के उपबंधों के अधीन रहते हुए राज्य आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य को केवल साबित कदाचार या असमर्थता के आधार पर किए गए राष्ट्रपति के ऐसे आदेश से उसके पद से हटाया जाएगा जो उच्चतम न्यायालय को राष्ट्रपति द्वारा निर्देश किए जाने पर उच्चतम न्यायाालय द्वारा इस निमित विहित प्रक्रिया के अनुसार की गई जांच पर वह रिपोर्ट किए जाने के पश्चात् किया गया है कि यथास्थिति अध्यक्ष या ऐसे सदस्य को ऐसे किसी आधार पर हटा दिया जाए।
2. उपधारा (1क) में किसी बात के होते हुए भी यदि यथास्थिति अध्यक्ष या कोई [सदस्य]:-

   (क) दिवालिया न्यायनिर्णीत किया जाता है, या
   (ख) अपनी पदावधि में अपने पद के कर्तव्यों के बाहर किसी सवेतन नियोजन में लगता है, या
   (ग) मानसिक या शारीरिक शैथिल्य के कारण अपने पद पर बने रहने के अयोग्य है, या
   (घ) विकृतचित्त का है और सक्षम न्यायालय की ऐसी घोषणा विद्यमान है, या
   (ङ) किसी ऐसे अपराध के लिए सिद्धदोष ठहराया जाता है और कारावास से दंडादिष्ट किया जाता है जिसमें राष्ट्रपति की राय में नैतिक अधमता अंतर्ग्रस्त है, तो राष्ट्रपति अध्यक्ष या किसी सदस्य को आदेश द्वारा पद से हटा सकेगा।

14. राज्य आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की पदावधि

1. अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति अपने पद ग्रहण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक या सत्तर वर्ष की आयु कर लेने तक इनमें से जो भी पहले हो अपना पद धारण करेगा।
2. सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया कोई व्यक्ति अपने पद ग्रहण की तारीख से पांच वर्ष की अवधि तक अपना पद धारण करेगा तथा पांच वर्ष की और अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति का पात्र होगा। परन्तु कोई भी सदस्य सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के पश्चात् अपना पद धारण नही करेगा।
3. अध्यक्ष या कोई सदस्य अपने पद पर न रह जाने पर किसी राज्य की सरकार के अधीन या भारत सरकार के अधीन किसी भी और नियोजन का पात्र नही होगा।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

25. कतिपय परिस्थितियों में सदस्य का अध्यक्ष के रूप में कार्य करना या उसके कृत्यों का निर्वहन

1. अध्यक्ष की मृत्यु पदत्याग या अन्य कारण से उसके पद में हुई रिक्ति की दशा में राज्यपाल अधिसूचना द्वारा सदस्यों में से किसी एक सदस्य को अध्यक्ष के रूप में तब तक कार्य करने के लिए प्राधिकृत कर सकेगा जब तक ऐसी रिक्ति को भरने के लिए नए अध्यक्ष की नियुक्ति नही हो जाती।
2. जब अध्यक्ष छुट्टी पर अनुपस्थिति के कारण या अन्य कारण से अपने कृत्यों का निर्वहन करने में असमर्थ है तब सदस्यों में से एक ऐसा सदस्य जिसे राज्यपाल अधिसूचना द्वारा इस निमित प्राधिकृत करे उस तारीख तक अध्यक्ष के कृत्यों का निर्वहन करेगा जिस तारीख को अध्यक्ष अपने कर्तव्यों को फिर से संभालता है।

26. राज्य आयोगों के अध्यक्ष और सदस्यों की सेवा के निबन्धन और शर्ते

अध्यक्ष और सदस्यो को संदेय वेतन और भत्ते तथा उनकी सेवा के अन्य निबंधन और शर्ते ऐसी होगी जो राज्य सरकार द्वारा विहित की जाएं। परन्तु अध्यक्ष किसी सदस्य के वेतन और भत्तों में तथा सेवा के अन्य निबंधनों और शर्तो में उसकी नियुक्ति के पश्चात् उसके लिए अलाभकारी नही किया जाएगा।

27. राज्य आयोग के अधिकारी और अन्य कर्मचारियों

1. राज्य सरकार आयोग को-
   (क) राज्य सरकार के सचिव स्तर का एक अधिकारी जो राज्य आयोग का सचिव होगा।
   (ख) ऐसे अधिकारी के अधीन जो पुलिस महानिरीक्षक स्तर का हो, ऐसे पुलिस और अन्वेषण अधिकारी तथा ऐसे अन्य अधिकारी जो राज्य आयोग के कृत्यों का दक्षतापूर्ण पालन करने के लिए आवश्यक हो उपलब्ध कराएगी।
2. ऐसे नियमों के अधीन रहते हुए जो राज्य सरकार द्वारा इस निमित्त बनाए जाएं राज्य आयोग ऐसे अन्य प्रशासनिक तकनीकी और वैज्ञानिक नियुक्त कर सकेगा जो वह आवश्यक समझे।
3. उपधारा (2) के अधीन नियुक्त अधिकारियों और अन्य अधिकारियों के वेतन भत्ते और सेवा की शर्ते ऐसी होगी जो राज्य सरकार द्वारा विहित की जाए।

28. राज्य आयोग की वार्षिक और विशेष रिपोर्ट

1. राज्य आयोग, राज्य सरकार को वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और किसी भी समय ऐसे विषय पर, जो उसकी राय में इतना अत्यावश्यक या महत्वपूर्ण है कि उसको वार्षिक रिपोर्ट के प्रस्तुत किए जाने तक स्थगित नही किया जाना चाहिए, विशेष रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकेगा।
2. राज्य सरकार, राज्य आयोग की वार्षिक और विशेष रिपोर्टो को राज्य आयोग की सिफारिशों पर की गई या की जाने के लिए प्रस्तावित कार्रवाई के ज्ञापन सहित और सिफारिशों की अस्वीकृति के कारणों सहित यदि कोई हों जहां राज्य विधान-मंडल दो सदनों से मिलकर बनता है वहां प्रत्येक सदन के समक्ष, या जहां ऐसा विधान-मंडल एक सदन से मिलकर बनता है वहां उस सदन के समक्ष रखवाएगी।

29. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग से संबंधित कतिपय उपबन्धों का राज्य आयोगों को लागू होना

धारा 9, धारा 10, धारा 12, धारा 13, धारा 14, धारा 15, धारा 16, धारा 17, और धारा 18 के उपबन्ध राज्य आयोग को लागू होगे और वे निम्नलिखित उपांतरणों के अधीन रहते हुए प्रभावी होगे, अर्थात :-

(क) "आयोग" के प्रति निर्देशों का यह अर्थ लगाया जाएगा कि वे "राज्य आयोग" के प्रति निर्देश है।
(ख) धारा 10 की उपधारा (3) में "महासचिव" शब्द के स्थान पर "सचिव" शब्द रखा जाएगा।
(ग) धारा 12 के खंड (च) का लोप किया जाएगा।
(घ) धारा 17 के खंड (i) में से "केन्द्रीय सरकार या किसी" शब्दों का लोप किया जाएगा।

अध्याय 6
मानव अधिकार न्यायालय

30. मानव अधिकार न्यायालय

मानव अधिकारों के अतिक्रमण से उद्भूत होने वाले अपराधों का शीघ्र विचारण करने के लिए उपबंध करने के प्रयोजन के लिए राज्य सरकार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति की सहमति से अधिसूचना द्वारा उक्त अपराधों का विचारण करने के लिए प्रत्येक जिले के किसी सेशन न्यायालय को मानव अधिकार न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

परन्तु इस धारा की कोई बात तक लागू नही होगी जब तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन ऐसे अपराधों के लिए-

(क) कोई सेशन न्यायालय पहले से ही विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट है।
(ख) कोई विशेष न्यायालय पहले से ही गठित है।

31. विशेष लोक अभियोजक

राज्य सरकार प्रत्येक मानव अधिकार न्यायालय के लिए अधिसूचना द्वारा एक लोक अभियोजक विनिर्दिष्ट करेगी या किसी ऐसे अधिवक्ता को जिसने कम से कम सात वर्ष तक अधिवक्ता के रूप में विधि-व्यवसाय किया हो उस न्यायालय में मामलों के संचालन के प्रयोजन के लिए विशेष लोक अभियोजन के रूप में नियुक्त करेगी।

अध्याय 7
वित्त, लेखा और संपरीक्षा

32. केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुदान

1. केन्द्रीय सरकार, संसद द्वारा इस निमित्त विधि द्वारा किए गए सम्यक विनियोग के पश्चात् आयोग को अनुदानों के रूप में ऐसी धनराशियों का संदाय करेगी जो केन्द्रीय सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने के लिए ठीक समझे।
2. आयोग, इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का पालन करने की लिए ऐसी राशियां खर्च कर सकेगा जो यह ठीक समझे और ऐसी राशियां उपधारा (1) में निर्दिष्ट अनुदानों में से संदेय व्यय मानी जाएगी।

33. राज्य सरकार द्वारा अनुदान

1. राज्य सरकार, विधान-मंडल द्वारा इस निमित विधि द्वारा किए गए सम्यक् विनियोग के पश्चात् राज्य

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

आयोग को अनुदानों के रूप में ऐसी धनराशियों का संदाय करेगी जो राज्य सरकार इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए उपयोग किए जाने के लिए ठीक समझे।

2. राज्य आयोग अध्याय 5 के अधीन कृत्यों का पालन करने के लिए ऐसी राशियां खर्च कर सकेगा जो वह ठीक समझे और ऐसी राशियां उपधारा (1) में निर्दिष्ट अनुदानों में से संदेय व्यय मानी जाएगी।

34. लेखा और संपरीक्षा

1. आयोग, उचित लेखा और अन्य सुसंगत अभिलेख रखेगा और लेखाओं का वार्षिक विवरण ऐसे प्रारूप में तैयार करेगा जो केन्द्रीय सरकार भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक से परामर्श करके विहित करे।
2. आयोग के लेखाओं की संपरीक्षा, नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा ऐसे अंतरालों पर की जाएगी जो उसके द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं और ऐसी संपरीक्षा के संबंध में उपगत कोई व्यय आयोग द्वारा नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को संदेय होगा।
3. नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के और इस अधिनियम के अधीन आयोग के लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध में उसके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति के उस संपरीक्षा के संबंध में वे ही अधिकार और विशेषाधिकार तथा प्राधिकार होगे जो नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के साधारणतया सरकारी लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध में होतें है और विशिष्टतया उसे बहियां लेखे संबंधित वाउचर तथा अन्य दस्तावेज और कागज-पत्र पेश किए जाने की मांग करने और आयोग के किसी भी कार्यालय का निरीक्षण करने का अधिकार होगा।
4. नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा या इस निमित उसके द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रमाणित आयोग के लेखे उन पर संपरीक्षा रिपोर्ट सहित आयोग द्वारा केन्द्रीय सरकार को प्रतिवर्ष भेजे जाएगे और केन्द्रीय सरकार ऐसी संपरीक्षा रिपोर्ट को उसके प्राप्त होने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखवाएगी।

35. राज्य आयोग के लेखा और संपरीक्षा

1. राज्य आयोग उचित लेखा और अन्य सुसंगत अभिलेख रखेगा और लेखाओं का वार्षिक विवरण ऐसे प्रारूप में तैयार करेगा जो राज्य सरकार भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक से परापर्श करके विहित करे।
2. राज्य आयोग के लेखाओं की संपरीक्षा नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा ऐसे अंतरालो पर की जाएगी जो उसके द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाए और ऐसी संपरीक्षा के संबंध में उपगत कोई व्यय राज्य आयोग द्वारा नियंत्रक-महालेखापरीक्षक को संदेय होगा।
3. नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के और इस अधिनियम के अधीन राज्य आयोग के लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध में उसके द्वारा नियुक्त किसी व्यक्ति के उस संपरीक्षा के संबंध में वे ही अधिकार और विशेषाधिकार तथा प्राधिकार होगे जो नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के साधारणतया सरकारी लेखाओं की संपरीक्षा के संबंध में होते है और विशिष्टतया उसे बहियां लेखे संबंधित वाउचर तथा अन्य दस्तावेज और कागज-पत्र पेश किए जाने को मांग करने और राज्य आयोग के किसी भी कार्यलय का निरीक्षण करने का अधिकार होगा।
4. नियंत्रक-महालेखापरीक्षक द्वारा या इस निमित उसके द्वारा नियुक्त किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रमाणित राज्य आयोग के लेखे उन पर संपरीक्षा रिपोर्ट सहित राज्य आयोग द्वारा राज्य सरकार को प्रतिवर्ष भेजे जाएगे और राज्य सरकार ऐसी संपरीक्षा रिपोर्ट को उसके प्राप्त होने के पश्चात् यथाशीघ्र राज्य विधान-मंडल के समक्ष रखवाएगी।

अध्याय 8
प्रकीर्ण

36. आयोग की अधिकारिता के अधीन न आने वाले विषय

1. आयोग किसी ऐसे विषय की जांच नही करेगा जो तत्समय प्रवृत्त किसी विधि के अधीन सम्यक् रूप से गठित किसी राज्य आयोग या किसी अन्य आयोग के समक्ष लंबित है।
2. आयोग या राज्य आयोग उस तारीख से जिसको मानव अधिकारों का अतिक्रमण गठित करने वाले कार्य का किया जाना अभिकथित है एक वर्ष की समाप्ति के पश्चात् किसी विषय की जांच नही करेगा।

37. विशेष अन्वेषण दलों का गठन

तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी जहां सरकार का यह विचार है कि ऐसा करना आवश्यक है वहां वह एक या अधिक विशेष अन्वेषण दलों का गठन कर सकेगी जिनमें उतने पुलिस अधिकारी होंगे जितने वह मानव अधिकारों के अतिक्रमणों से उद्भूत होने वाले अपराधों के अन्वेषण और अभियोजन के प्रयोजनों के लिए आवश्यक समझती है।

38. सद्भावपूर्वक की गई कार्रवाई के लिए संरक्षण

इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए किसी नियम या किसी आदेश के अनुसरण में सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के बारे में अथवा किसी रिपोर्ट कागज-पत्र या कार्यवाही के केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार आयोग या राज्य आयोग के प्राधिकार द्वारा या उसके अधीन किसी प्रकाशन के बारे में कोई भी वाद या अन्य विधिक कार्यवाही केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार आयोग राज्य आयोग या उसके किसी सदस्य अथवा केन्द्रीय सरकार राज्य सरकार आयोग या राज्य आयोग के निदेशाधीन कार्य करने वाले किसी व्यक्ति के विरूद्ध नही होगी।

39. सदस्यों और अधिकारियों का लोक सेवक होना

आयोग या राज्य आयोग का प्रत्येक सदस्य और इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का प्रयोग करने के लिए आयोग या राज्य आयोग द्वारा नियुक्त या प्राधिकृत प्रत्येक अधिकारी भारतीय दंड संहिता की धारा 21 के अर्थ में लोक सेवक समझा जाएगा।

You Tube Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
SABDHANI COACHING INSTITUTE Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 x 7 HELPLINE 8602511011

40. नियम बनाने की केन्द्रीय सरकार की शक्ति

1. केन्द्रीय सरकार इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए नियम अधिसूचना द्वारा बना सकेगी।
2. विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किन्ही विषयों के लिए उपबंध किया जा सकेगा, अर्थात:-
   (क) धारा 8 के अधीन [अध्यक्ष और सदस्यों] के वेतन और भत्ते तथा सेवा के अन्य निबंधन और शर्ते।
   (ख) वे शर्ते जिनके अधीन अन्य प्रशासनिक तकनीकी और वैज्ञानिक अधिकारी आयोग द्वारा नियुक्त किए जा सकेंगे तथा धारा 11 की उपधारा (3) के अधीन अधिकारियों और अन्य अधिकारी के वेतन और भत्तें।
   (ग) सिविल न्यायालय की कोई अन्य शक्ति जो धारा 13 की उपधारा (1) के खंड (च) के अधीन विहित की जानी अपेक्षित है।
   (घ) वह प्ररूप, जिसमें आयोग द्वारा धारा 34 की उपधारा (1) के अधीन वार्षिक लेखा विवरण तैयार किए जाने है, और
   (ङ) कोई अन्य विषय जो विहित किया जाना है या किया जाए।
3. इस अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष जब वह सत्र में हो कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा। यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों में पूरी हो सकेगी। यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस नियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाएं तो तत्पश्चात वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा। यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाएं कि वह नियम नही बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निष्प्रभाव हो जाएगा। किन्तु नियम को ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ेगा।

40क. भूतलक्षी रूप से नियम बनाने की शक्ति- धारा 40 की उपधारा (2) के खंड (ख) के अधीन नियम बनाने की शक्ति के अंतर्गत ऐसे नियमों या उनमें से किसी नियम को भूतलक्षी रूप से किसी ऐसी तारीख से बनाने की शक्ति होगी जो उस तारीख से पूर्वतर न हो जिसको इस अधिनियम को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है, किन्तु किसी ऐसे नियम को ऐसा कोई भूतलक्षी प्रभाव नही दिया जाएगा जिससे कि किसी ऐसे व्यक्ति के, जिसको ऐसा नियम लागू हो सकता हो, हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।]

आयोग की विनिमय बनाने की शक्ति

40ख 1. इस अधिनियम और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन रहते हुए आयोग केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से, इस अधिनियम के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के लिए विनियम बना सकेगा।

2. विशिष्टतया और पूर्वागामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे विनियमों में निम्नलिखित सभी या किन्ही विषयों के लिए उपबंध किया जा सकेगा, अर्थात:-
   (क) धारा 10 की उपधारा (2) के अधीन आयोग द्वारा अनुसरित की जाने वाली प्रक्रिया।
   (ख) राज्य आयोगों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली विवरणियां और आंकडे।
   (ग) कोई अन्य विषय, जो विनियमों द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाना है या किया जाए।
3. इस अधिनियम के अधीन आयोग द्वारा बनाया गया प्रत्येक विनियम बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो कुल तीस दिन की अवधि के लिए रखा जाएगा। यह अवधि एक सत्र में अथवा दो या अधिक आनुक्रमिक सत्रों मे पूरी हो सकेगी। यदि उस सत्र के या पूर्वोक्त आनुक्रमिक सत्रों के ठीक बाद के सत्र के अवसान के पूर्व दोनों सदन उस विनियम में कोई परिवर्तन करने के लिए सहमत हो जाएं तो तत्पश्चात् वह ऐसे परिवर्तित रूप में ही प्रभावी होगा। यदि उक्त अवसान के पूर्व दोनों सदन सहमत हो जाएं कि वह विनियम नही बनाया जाना चाहिए तो तत्पश्चात् वह निष्प्रभाव हो जाएगा। किन्तु विनियम के ऐसे परिवर्तित या निष्प्रभाव होने से उसके अधीन पहले की गई किसी बात की विधिमान्यता पर प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ेगा।

41. नियम बनाने की राज्य सरकार की शक्ति

1. राज्य सरकार इस अधिनियम के उपबंधों को कार्यान्वित करने के लिए नियम, अधिसूचना द्वारा बना सकेगी।
2. विशिष्टतया और पूर्वगामी शक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना ऐसे नियमों में निम्नलिखित सभी या किन्ही विषयों के लिए उपबंध किया जा सकेगा, अर्थात:-
   (क) धारा 26 के अधीन [अध्यक्ष और सदस्य] के वेतन और भत्ते तथा सेवा के अन्य निबंधन और शर्ते।
   (ख) वे शर्ते, जिनके अधीन अन्य प्रशासनिक, तकनीकी और वैज्ञानिक अधिकारी राज्य आयोग द्वारा नियुक्त किए जा सकेगे तथा धारा 27 की उपधारा (3) के अधीन अधिकारियों और अन्य अधिकारियों के वेतन और भत्ते।
   (ग) वह प्रारूप, जिसमें धारा 35 की उपधारा (1) के अधीन वार्षिक लेखा विवरण तैयार किए जाने है।
3. इस धारा के अधीन राज्य सरकार द्वारा बनाया गया प्रत्येक नियम बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र जहां राज्य विधान-मंडल के दो सदन है वहां प्रत्येक सदन के समक्ष या जहां ऐसे विधान-मंडल का एक सदन है वहां उस सदन के समक्ष रखा जाएगा।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

42. कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति

1. यदि इस अधिनियम के उपबंधों को प्रभावी करने में कोई कठिनाई उत्पन्न होती है तो केन्द्रीय सरकार राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसे उपबंध कर सकेगी जो इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत न हो और उस कठिनाई को दूर करने के लिए उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत हों।
   परन्तु ऐसा कोई आदेश इस अधिनियम के प्रारंभ की तारीख से दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात् नही किया जाएगा।
2. इस धारा के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश किए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष रखा जाएगा।

43. निरसन और व्यावृत्ति

1. मानव अधिकार संरक्षण अध्यादेश, 1993 इसके द्वारा निरसित किया जाता है।
2. ऐसे निरसन के होते हुए भी, उक्त अध्यादेश के अधीन की गई कोई बात या कार्रवाई इस अधिनियम के तत्संबंधी उपबंधों के अधीन की गई समझी जाएगी।

प्रश्नमाला

1. अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस कब मनाया जाता है ?
   (अ) 8 जनवरी (ब) 16 मार्च
   (स) 25 जून (द) 10 दिसम्बर
2. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के अधिनियम का क्या उद्देश्य है ?
   (अ) मानव अधिकारों का अधिक सरंक्षण करना
   (ब) मानव अधिकारों से संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों के लिए उपबंध करना
   (स) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, राज्य मानव अधिकार आयोग एवं मानव अधिकार न्यायालयों का गठन करना
   (द) उपरोक्त सभी
3. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 को कितने अध्यायों और धाराओं में बाँटा गया है ?
   (अ) अध्याय VII, धाराएं 40
   (ब) अध्याय VIII, धाराएं 43
   (स) अध्याय VIII, धाराएं 42
   (द) अध्याय VII, धाराएं 43
4. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के संदर्भ में कौन-सा कथन सत्य है ?
   (अ) इसका विस्तार सम्पूर्ण भारत में होगा
   (ब) इसका विस्तार राज्यों की सहमति पर निर्भर करेगा
   (स) इसका विस्तार जम्मू-कश्मीर में नहीं होगा
   (द) इसका विस्तार विदेशों में भी होगा
5. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम के जम्मू एवं कश्मीर में लागू होने के संबंध में निम्न में से कौन-या कथन सत्य है ?
   (अ) यह अधिनियम सम्पूर्णत: जम्मू-कश्मीर राज्य पर बिना किसी निर्बन्धन के लागू है
   (ब) यह अधिनियम जम्मू-कश्मीर राज्य पर लागू नही होता
   (स) यह अधिनियम जम्मू-कश्मीर राज्य पर तभी लागू होगा जबकि वहाँ की सरकार इसे अुनमोदित करे
   (द) यह अधिनिमय जम्मू-कश्मीर राज्य पर उसी सीमा तक लागू होगा जहाँ तक उसका संबंध उस राज्य में प्रयोज्य संविधान की सातवीं अनुसूची में सूची-1 या सूची -3 मे वर्णित किन्ही प्रविष्टियों से सम्बन्धित मामलों से है
6. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 को राष्ट्रपति की अनुमति 8 जनवरी, 1994 को प्राप्त हुई तो फिर इस अधिनियम को 28 सितम्बर, 1993 से प्रभाव में आया हुआ क्यों समझा गया ?
   (अ) क्योकि 28 सितम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया जाता है।
   (ब) क्योकि इस दिन को अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमय द्वारा नियत किया गया था।
   (स) क्योकि इस दिन राष्ट्रपति द्वारा अध्यादेश क्रमांक 30 सन् 1993 प्रख्यापित किया गया था
   (द) क्योकि इस दिन मानव अधिकार के संबंध मे राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा आन्दोलन किया गया था
7. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम की कौन-सी धारा में मानव अधिकार को परिभाषित किया गया है ?
   (अ) धारा 2 (क) (ब) धारा 2 (घ)
   (स) धारा 3 (द) धारा 5
8. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 2 (1)(घ) में दी गई परिभाषा के अनुसार मानवाधिकार में सम्मिलित है ?
   (अ) जीवन, स्वातंत्र, समता और सुरक्षा संबंधी अधिकार
   (ब) जीवन, स्वातंत्र, समता और बंधुत्व का अधिकार
   (स) जीवन, स्वातंत्र, समता और गरिमा का अधिकार
   (द) जीवन, स्वातंत्र, गरिमा और बंधुत्व का अधिकार
9. मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम मे अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा से क्या अभिप्राय है ?
   (अ) सिविल एवं राजनीतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा
   (ब) 16 दिसम्बर, 1966 को संयुक्त राष्ट्र की साधारण सभा द्वारा अंगीकृत आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रसंविदा
   (स) केन्द्रीय सरकार द्वार अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट कोई प्रसंविदा एवं अभिसमय जिसे संयुक्त राष्ट्र की साधारण सभा द्वारा अंगीकृत किया गया है
   (द) उपरोक्त सभी
10. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम में महिलाओं के लिए राष्ट्रीय आयोग से क्या अभिप्रेत है ?
   (अ) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 3 में गठित आयोग
   (ब) मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 21 में गठित आयोग
   (स) महिलाओं के लिए राष्ट्रीय आयोग अधिनियम, 1990 की धारा 3 के अधीन गठित आयोग
   (द) उपरोक्त सभी
11. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के बारे में कौन-सा कथन सही है ?
   (अ) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मे कुल 5 नियुक्त सदस्य होते है
   (ब) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मुख्यालय मुम्बई मे स्थित होगा
   (स) राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्यों की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा होती है
   (द) आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट भारत के राष्ट्रपति को सौंपता है

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

12. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का अध्यक्ष कौन होता है ?
(अ) प्रधानमंत्री
(ब) राष्ट्रपति
(स) जो उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति रहा हो
(द) जो किसी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति रहा हो

13. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(अ) न्यायमूर्ति रंगनाथ मिश्र (ब) न्यायमूर्ति फातिमा बीबी
(स) न्यायमूर्ति एस.एस. कांग (द) न्यायमूर्ति वैंकटचलैया

14. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का सेक्रेटरी-जनरल ?
(अ) एक न्यायिक अधिकारी होता है
(ब) उसे आयोग के सदस्य के रूप में मान्यता प्राप्त है
(स) वह आयोग द्वारा विनियम बनाने के कार्य मे सक्रिय भाग लेता है
(द) इनमें से कोई नहीं

15. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का महासचिव आयोग की ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा एवं ऐसे कार्यो का निर्वहन करेगा जो उसे आयोग या अध्यक्ष द्वारा प्रत्यायोजित किये जाएँ किन्तु उसे निम्नलिखित के संबंध मे कोई शक्ति नही है ?
(अ) न्यायिक कृत्य
(ब) धारा 40ख के अधीन विनियम बनाने की शक्ति
(स) उपरोक्त (अ) एवं (ब) दोनों शक्तियाँ नहीं
(द) उपरोक्त (अ) एवं (ब) दोनो शक्तियाँ है।

16. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का मुख्य कार्यालय कहाँ स्थित है ?
(अ) मुम्बई (ब) दिल्ली
(स) कोलकाता (द) बैंगलोर

17. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति किसके हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा होती है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री
(स) गृहमंत्री (द) उपराष्ट्रपति

18. निम्न में कौन उस समिति में शामिल नहीं है, जो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति हेतु संस्तुति करती है ?
(अ) उपराष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री
(स) लोकसभा का अध्यक्ष (द) संघ का गृह मंत्री

19. निम्न में से कौन उस समिति में शामिल है, जो राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों की नियुक्ति हेतु संस्तुति करती है ?
(अ) प्रधानमंत्री (ब) लोकसभा अध्यक्ष
(स) राष्ट्रपति (द) गृहमंत्री

20. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का अध्यक्ष या अन्य सदस्य अपना त्याग पत्र किसको सम्बोधित करेगा ?
(अ) प्रधानमंत्री
(ब) राष्ट्रपति
(स) उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति
(द) उपराष्ट्रपति

21. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष किस आयु से अधिक होने पर पद पर नहीं बने रहेगे ?
(अ) 65 वर्ष (ब) 70 वर्ष
(स) 75 वर्ष (द) कोई आयु सीमा नहीं

22. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की किन धाराओं में मानवाधिकार आयोग (राष्ट्रीय) की कार्य और शक्तियाँ उल्लेखित है ?
(अ) धाराएँ 12, 14 (ब) धाराएँ 11, 12 एवं 13
(स) धाराएँ 12, 13 (द) धाराएँ 11, 12

23. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के कार्यो एवं शक्तियों का उल्लेख अधिनियम की धारा 12 में किया गया है। इन कार्यो की संख्या है ?
(अ) छः (ब) आठ
(स) नौ (द) दस

24. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की जाँच से संबंधित शक्तियों मे कौन-सी शक्ति सम्मिलित है ?
(अ) साक्षियों को बुलाना तथा उनकी उपस्थिति प्रवर्तित करना एवं शपथ पर उनकी परीक्षा करना।
(ब) हलफनामों पर साक्ष्य प्राप्त करना।
(स) साक्षियों या दस्तावेजों की परीक्षा के लिए कमीशन जारी करना।
(द) उपरोक्त सभी।

25. आयोग अपने जांच प्रतिवेदन की एक प्रति अपनी सिफारिशों के साथ सम्बन्धित सरकार या प्राधिकारी को भेजेगा तब सम्बन्धित सरकार या प्राधिकारी साधारणतया कितनी अवधि के भीतर उस प्रतिवेदन पर अपने अभिमत, उस पर की गई या की जाने हेतु प्रस्तावित कार्रवाई के साथ आयोग को अग्रेषित करेगा ?
(अ) 15 दिन (ब) एक माह
(स) तीन माह (द) छह माह

26. सशस्त्र बल के सदस्यों द्वारा मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायतों को निपटाते समय आयोग द्वारा की गई सिफारिशों पर भारत सरकार उन सिफारिशों पर की गई कार्रवाई की सूचना आयोग को साधारणतया कितनी अवधि में देगा ?
(अ) 15 दिन (ब) एक माह
(स) तीन माह (द) छह माह

27. राज्य मानव अधिकार आयोग का अध्यक्ष बनने के लिये यह आवश्यक है कि वह ?
(अ) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश रहा हो
(ब) उच्च न्यायालय का कोई न्यायाधीश रहा हो
(स) उच्चतम न्यायालय का कोई न्यायाधीश रहा हो
(द) सात वर्षो के अनुभव के साथ जिला न्यायाधीश रहा हो

28. निम्नलिखित मे से कौन-सा कथन असत्य है ?
(अ) राज्य मानव अधिकार आयोग का सचिव उसका मुख्य कार्यपालक अधिकारी होता है।
(ब) राज्य आयोग का मुख्य कार्यालय उसके अध्यक्ष द्वारा निर्धारित किया जाता है।
(स) राज्य आयोग संविधान की सातवीं अनुसूची मे सूची-2 एवं सूची-3 में उल्लिखित प्रविष्टियों में किसी से सम्बन्धित मामलों के बारे में ही मानव अधिकारों के उल्लंघन की जांच करेगा।
(द) दो या अधिक राज्य सरकारें, राज्य आयोग के अध्यक्ष या सदस्य की समिति से, ऐसे अध्यक्ष या यथास्थिति ऐसे सदस्य को एक ही समय मे अन्य राज्य आयोग के लिये नियुक्त कर सकती है यदि ऐसा अध्यक्ष या सदस्य ऐसी नियुक्ति के लिये सम्मति दे।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

29. राज्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति किसके हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित अधिपत्र द्वारा की जाती है ?
(अ) राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष (ब) मुख्यमंत्री
(स) राज्यपाल (द) राष्ट्रपति

30. राज्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की सिफारिश करने वाले समिति का अध्यक्ष कौन होता है ?
(अ) राज्यपाल
(ब) मुख्यमंत्री
(स) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(द) विधान सभा अध्यक्ष

31. निम्नलिखित में से कौन राज्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की सिफारिश करने वाली समिति का सदस्य नहीं होता है ?
(अ) विधान सभा अध्यक्ष
(ब) राज्य में गृह मंत्रालय का प्रभारी मंत्री
(स) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(द) विधान सभा मे विपक्ष का नेता

32. राज्य आयोग के सदस्यों की पदावधि के संबंध मे निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(अ) राज्य आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की पदावधि के संबंध मे धारा 24 मे उपबंध किया गया है
(ब) राज्य आयोग का सदस्य उसकी नियुक्ति की तारीख से पाँच वर्ष की अवधि के लिये पद धारण करेगा
(स) कोई भी सदस्य सत्तर वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद पद को धारण करने का पात्र नहीं होगा
(द) कोई भी सदस्य पाँच वर्षो की दूसरी अवधि के लिए पुनर्नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा

33. राज्य आयोगों के अध्यक्ष तथा सदस्यों का संदेय वेतन एवं भत्ते तथा उनकी सेवा की अन्य शर्ते व निबन्धन किसके द्वारा विहित किये जाएगें ?
(अ) राज्य सरकार (ब) राष्ट्रीय आयोग
(स) राज्यपाल (द) केन्द्रीय सरकार

34. राज्य सरकार प्रत्येक मानव अधिकार न्यायालय के लिये उस न्यायालय मे मामलों को संचालित करने के प्रयोजनार्थ किसे विशिष्ट लोक अभियोजक के रूप में विनिर्दिष्ट करेगी ?
(अ) किसी लोक अभियोजन को
(ब) किसी ऐसे अधिवक्ता को जो कम से कम सात वर्षो से विधि व्यवसाय कर रहा हो
(स) उपरोक्त (अ) अथवा (ब)
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं

35. राष्ट्रीय आयोग के लेखों का वार्षिक विवरण तैयार करने का प्रपत्र केन्द्रीय सरकार किसके परामर्श से विहित करेगी ?
(अ) राष्ट्रीय आयोग के अध्यक्ष
(ब) प्रधानमंत्री
(स) उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(द) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

36. राज्य आयोग के लेखों का वार्षिक विवरण तैयार करने का प्रपत्र राज्य सरकार किसके परामर्श से विहित करेगी ?
(अ) राज्य आयोग के अध्यक्ष
(ब) मुख्यमंत्री
(स) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
(द) भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक

37. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग या राज्य आयोग उस तारीख से जिसको कि मानव अधिकारों के उल्लंघन करने वाला कृत्य किये जाने का आरोप किया गया है, कितनी अवधि के बाद किसी मामले मे जांच नहीं करेगा ?
(अ) एक वर्ष की अवधि की समाप्ति के बाद
(ब) दो वर्ष की अवधि की समाप्ति के बाद
(स) तीन वर्ष की अवधि की समाप्ति के बाद
(द) अधिनियम में ऐसी कोई अवधि निर्धारित नहीं की गई है

38. निम्नलिखित में से किसे भारतीय दण्ड संहिता की धारा 21 के अर्थान्तर्गत लोक सेवक समझा जाएगा ?
(अ) राष्ट्रीय आयोग का प्रत्येक सदस्य
(ब) राज्य आयोग का प्रत्येक सदस्य
(स) राष्ट्रीय आयोग या राज्य आयोग द्वारा इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का प्रयोग करने के लिये नियुक्त प्रत्येक अधिकारी
(द) उपरोक्त सभी

39. कौन-सी धारा पूर्ववर्ती प्रभाव से नियम बनाने की शक्ति प्रदान करती है ?
(अ) धारा 40 (ब) धारा 40-क
(स) धारा 40-ख (द) धारा 41

40. धारा 40-ख के अधीन विनियम बनाने की शक्ति निम्नलिखित में से किसे प्राप्त है ?
(अ) राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग
(ब) राज्य मानव अधिकार आयोग
(स) केन्द्रीय सरकार
(द) राज्य सरकार

41. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग को विनियम बनाने के लिये किसका पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा है ?
(अ) राष्ट्रपति
(ब) प्रधानमंत्री
(स) केन्द्रीय सरकार
(द) उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

उत्तरमाला

1	द	11	अ	21	ब	31	स
2	द	12	स	22	स	32	द
3	ब	13	अ	23	द	33	अ
4	अ	14	द	24	द	34	स
5	द	15	स	25	ब	35	द
6	स	16	ब	26	स	36	द
7	ब	17	अ	27	अ	37	अ
8	स	18	अ	28	ब	38	द
9	द	19	स	29	स	39	ब
10	स	20	ब	30	अ	40	अ
						41	स

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

32. अ.जा./अ.ज.जाति अत्याचार निवारण अधिनियम

उद्देशिका- अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सदस्यों पर अत्याचार का अपराध करने का निवारण करने के लिए, ऐसे अपराधों के विचारण के लिए विशेष न्यायालयों का तथा ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों को राहत देने का और उनके पुनर्वास का तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने के लिए इस अधिनियम का अधिनियमन किया गया। इस प्रकार उपरोक्त अधिनियम दाण्डिक प्रकृति का है तथा धारा 41, भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अनुसार 'विशेष विधि' की परिधि में आता है। इसका मुख्य उद्देश्य उक्त वर्ग को अत्याचार से छुटकारा दिलाकर अत्याचार के शिकार हुए इस वर्ग के लोगो का पुनरूद्धार करना है।

अधिनियम संबंधी प्रमुख तथ्य

- इस अधिनियम का क्रमांक वर्ष 1989 का 33 है।
- राष्ट्रपति ने इस अधिनियम को अपनी स्वीकृति 11 सितम्बर 1989 को प्रदान की।
- यह अधिनियम 30 जनवरी 1990 को लागू हुआ।

अधिनियम के मुख्य उद्देश्य

1. SC/ST के विरूद्ध अत्याचारों को रोकना।
2. SC/ST के विरूद्ध हुए अत्याचारों को विचारण (Trial) के लिए विशेष न्यायालय का प्रबंध।
3. ऐसे अपराधों से विशेष न्यायालय का प्रबंध।
4. ऐसे अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों को राहत देने का और उनके पुनर्वास का उपबंध करने के लिए अधिनियम।

धाराओं के अन्तर्गत अधिनियम का विवरण

धारा (1) : (1) इस अधिनियम का नाम अनुसूचित और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 है। (2) इसका विस्तार जम्मू कश्मीर को छोड़कर शेष सम्पूर्ण भारत में है।

धारा (2): एस.सी./एस.टी का अर्थ वही होगा जो अनुच्छेद 366 (खण्ड 25 एवं 26) में परिभाषित है।

धारा (3): इस अधिनियम में किये गये अपराध एवं उनके दण्ड निम्नलिखित है-

1. किसी एस.सी./एस.टी के सदस्य को अखाद्य या घृणा जनक पदार्थ पीने या खाने के लिए मजबूर करना।
2. एस.सी./एस.टी. के परिसर में पशु शव, कूड़ा, मलमुत्र, उसे अपमानित करने या क्षति पहुचानें के आशय से डालना।
3. किसी एस. सी./एस.टी के व्यक्ति के शरीर पर बलपूर्वक कपड़े उतारकर या उसके चेहरे या शरीर को पोत कर घुमाना या अन्य एवं कार्य करना जो मानव के सम्मान के विरूद्ध है।
4. किसी एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति के स्वामित्व या आवंटित किसी भूमि को हस्तातंरित करा देना या अधिभोग करना।
5. किसी एस.सी./एस.टी के व्यक्ति को उसकी भूमि या परिसर से बेदखल करना या उसे जल या भूमि के उपयोग से रोकना।
6. किसी एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति के विरूद्ध मिथ्या या दोषपूर्ण विधिक कार्यवाही करना।
7. किसी एस.टी./एस.टी. की महिला का बल पूर्वक अनादर करना या उसकी लज्जा भंग करने की कोशिश करना।
8. किसी एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति से बेगार करवाना या उससे बधुंआ मजदूरी करवाना।
9. किसी एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति को मतदान से रोकना या किसी विशिष्ट उम्मीदवार के पक्ष में मतदान के लिए विवश करना।
10. किसी लोक सेवक को एस.सी./एस.टी के व्यक्ति के विरूद्ध मिथ्या सूचना देना जिससे वह लोकसेवक विधि पूर्वक शक्ति का प्रयोग कर विधि पूर्वक शक्ति का प्रयोग कर विधि कार्यवाही करेगा।
11. किसी एस.सी./एस.टी. व्यक्ति द्वारा उपयोगी जलाशय या अन्य स्त्रोत को दूषित या गंदा करना।
12. किसी एस.सी./एस.टी की महिला का लैगिंक शोषण करना (महिला की इच्छा को अधिशाषित (Dominating) करके) अन्यथा वह महिला इसके लिए सहमत नही होती है।
13. किसी एस.सी/एस.टी. के व्यक्ति का मार्ग अवरोध करना।
14. किसी एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति को उसका घर या गांव बल पूर्वक छोड़ने पर विवश करना।

नोट:- *उपरोक्त सभी अपराधों के लिए कारावास कम से कम 6 माह तथा अधिकतम 5 वर्ष और जुर्माने से दण्डनीय होगा।*

अधिनियम के तहत विशेष अत्याचार

1. कोई व्यक्ति एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति के खिलाफ मिथ्या साक्ष्य देगा या गढ़ेगा, जिससे एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति को मृत्युदण्ड हो सकता है, तो उस व्यक्ति को आजीवन कारावास और जुर्माना होगा। परन्तु अगर इस षडयंत्र के कारण एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति को फॉसी हो जाती है, तो मिथ्या साथ्य देने वाले व्यक्ति को भी फांसी होगी।
2. अगर कोई व्यक्ति किसी एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति के खिलाफ मिथ्या साक्ष्य देगा जिससे एस.सी./एस.टी. के व्यक्ति को सात वर्ष की सजा हो सकती है, तो मिथ्या साक्ष्य देने वाले व्यक्ति को कम से कम 6 माह और अधिकतम 7 वर्ष या उससे ज्यादा एवं अर्थ दण्ड की सजा होगी।
3. अगर कोई व्यक्ति एस.सी./एस.टी. की संपत्ति को आग लगाता है या विस्फोट करता है। तो उसे न्यूनतम 6 माह तथा अधिकतम 7 वर्ष और अर्थ दण्ड की सजा होगी।
4. अगर कोई व्यक्ति आग या विस्फोट के द्वारा एस.सी./एस.टी. के पूजा के स्थान का मानव आवास के स्थान को नष्ट करता है, तो वह आजीवन कारावास एवं अर्थ दण्ड से दण्डनीय होगा।
5. अगर कोई व्यक्ति किसी एस.सी./एस.टी. के विरूद्ध हुए अपराध के साक्ष्यों को नष्ट करता है, तो उसे भी उस अपराध के लिए तय दण्ड मिलेगा।
6. अगर कोई लोकसेवक एस.सी./एस.टी. के विरूद्ध अपराध करता है, तो उसे कम से कम एक वर्ष की सजा एवं अधिकतम उस अपराध के लिए तय सजा मिलेगी।

धारा (4): कर्तव्यों के उपेक्षा के लिए दण्ड-

अगर कोई लोक सेवक जो एस.सी./एस.टी. का नही है। इस अधिनियम में पालन कियें जाने वाले कर्तव्यों की उपेक्षा करेगा। तो उसे कम से कम 6 माह और अधिकतम 1 वर्ष की सजा होगी।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

धारा (5): पश्चातवर्ती दोष सिद्धी के लिए वर्धित दण्ड
कोई व्यक्ति पहले भी इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराध कर दोष सिद्ध हो चुका है। तो दोबारा अपराध करने पर उसे कम से कम 1 वर्ष का और अधिकतम उस अपराध के लिए तय दण्ड मिलेगा।

धारा (6): भारतीय संहिता के उपबन्धों का लागू होना
इस अधिनियम के साथ भारतीय दण्ड संहिता के धारा 34, अध्याय 3, अध्याय, 4, अध्याय 5, 5-क्र अध्याय 23, धारा 149 भी लागू होगें, परन्तु यह अधिनियम इन पर भारी होगा।

धारा (7): व्यक्तियों की संपत्ति का समपहरण (Forfeiture of Property of Certain persons)
अगर कोई व्यक्ति एस.सी./एस.टी. अधिकतम में दोषी पाया जाता है। तो उसकी चल एवं अचल संपति को विशेष न्यायालय सरकार को समपहरित (Forfeit) कर सकता है।
अगर कोई व्यक्ति एस.सी./एस.टी. अधिनियम में अभियुक्त है, तो विशेष न्यायालय उसकी संपति को विचारण की अवधि में कुर्क कर सकता है और दोष सिद्ध होने पर उस संपति का समपहरित कर सकता है।

धारा (8): अपराधों के बारे में उपधारणा (Presumption as to offences)
अ. अगर कोई व्यक्ति किसी एस.सी./एस.टी. अधिनियम के अभियुक्त की वित्तीय सहायता करता है। तो विशेष न्यायालय यह मानेगा कि सहायता करने वाले व्यक्ति ने अपराध का दुष्प्रेरण किया है।
ब. अगर कोई व्यक्तियों का समूह एस.सी./एस.टी. के विरूद्ध कोई अपराध करता है और यह सिद्ध हो जाता है कि यह अपराध किसी भूमि या अन्य विषय के विवाद का फल है। तो यह माना जाएगा कि यह एक सामान्य अपराध है।

धारा (9): शक्तियों का प्रदान किया जाना (Conferment of Powers)
राज्य शासन अगर जरूरी समझे तो वह किसी वाद या एस.सी. /एस.टी. अधिनियम के लिए किसी कोर्ट, किसी अधिकारी को व्यक्तियों के विरूद्ध उपयुक्त कार्यवाही की शक्तियॉ प्रदान कर सकता है।

निष्कासन (Externment)
धारा (10): यदि विशेष न्यायालय किसी शिकायत या पुलिस विवेचना से संतुष्ट होती है कि कोई व्यक्ति एस.सी./एस.टी. के विरूद्ध अपराध करने वाला है, तब कोर्ट लिखित में उस व्यक्ति को उस क्षेत्र से, आदेशित मार्ग से, आदेशित समय तक हटने के निर्देश दे सकता है। परन्तु उस व्यक्ति को अधिकतम 2 वर्ष के लिए ही हटाया जा सकता है। न्यायालय को उस व्यक्ति को आदेश एवं उसके आधार से सूचित करना पड़ेगा।
धारा (11): अगर व्यक्ति जिसे किसी क्षेत्र से हटने के आदेश दिए गए है, वह वहॉ से नही हटता है या समय से पहलें वापस आ जाता है तो न्यायालय के आदेश पर पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी। परन्तु न्यायालय की आज्ञा से वह अस्थायी समय के लिए आ सकता हैं।
धारा (12): अगर पुलिस जरूरी समझे तो वह न्यायालय के आदेश से उपरोक्त व्यक्ति का फोटो और माप ले सकती हैं अगर व्यक्ति देने से मना करे तो उपयुक्त प्रयास किए जा सकते है और मना करने को अपराध माना जायेगा। अगर धारा 10 में वर्णित आदेश निरस्त कर दिया जाता है तो यह फोटो नेगेटिव के साथ नष्ट कर दिए जायेंगे।
धारा (13): अगर कोई व्यक्ति विशेष न्यायालय के आदेश नही मानता तो उसे एक वर्ष तक कारावास एवं जुर्माने की सजा होगी।

धारा (14): विशेष न्यायालय
एस.सी./एस.टी. अधिनियम के लिए राज्य शासन उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से किसी सत्र न्यायालय को विशेष न्यायालय का दर्जा दे सकती है (प्रत्येक जिले के लिए)

धारा (15): विशेष लोक अभियोजक
हर विशेष न्यायालय के लिए विशेष लोक अभियोजक राज्य शासन बनाती है। या किसी अधिवक्ता को जिसने कम से कम 7 वर्ष तक अधिवक्ता का व्यवसाय किया हो को नियुक्त कर सकती है।

धारा (16): राज्य शासन किसी क्षेत्र के लोगों पर सामूहिक जुर्माना सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955 में वर्णित लगा सकती है।

धारा (17): निवारक कारवाई (Preventive Steps)
1. कोई भी जिला मजिस्ट्रेट या एस.डी.एम. या डी.एस.पी. या उससे ऊपर का अधिकारी चाहे तो जांच के आधार पर किसी क्षेत्र को अत्याचार ग्रस्त घोषित कर सकते है। और उपयुक्त कार्यवाही कर सकते है।
2. राज्य शासन अत्याचार रोकने के लिए नियम बना सकती है। जिससे एस.सी./एस.टी. के मध्य सुरक्षा की भावना रहें।

धारा (18): अग्रिम जमानत (Anticipatory Bail)
एस.सी./एस.टी. अधिनियम में अपराध किये गये व्यक्ति को अग्रिम जमानत नही मिलेगी।

धारा (19): इस अधिनियम में दोषी पर दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 360 एवं अपराधी परिवीक्षा अधिनियम 1958 लागू नही होगी। अगर दोषी की उम्र 18 वर्ष या उससे ऊपर है।

नोट:- *दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 360 एवं अपराधी परिवीक्षा (Probation) अधिनियम 1958 दोषी के अच्छे चरित्र एवं प्रथम अपराध से संबंधित है।*

धारा (20): अन्य विधियों पर अध्यारोही (Act to override other Laws)
जब तक विशष उपबन्ध ना हो तब तक यह अधिनियम हर प्रथा या विधि से ऊपर होगा।

धारा (21): शासन के कर्तव्य
1. राज्य शासन इस अधिनियम में केन्द्र शासन द्वारा बनाये गये नियमों को लागू करेगा
2. राज्य शासन अत्याचार ग्रस्त व्यक्ति को न्याय प्राप्त करने में पर्याप्त सुविधा, विधिक सहायता, साक्षियों की यात्र एवं भरण पोषण करेगा। राज्य शासन अधिनियम के क्रियान्वन के लिए समितियों की स्थापना करेगा एवं समय समय पर सर्वेक्षण करेगा और पीड़ित की हर सम्भव मदद करेगा।
3. केन्द्र सरकार राज्य शासन से समन्वय करेगी एवं प्रत्येक वर्ष संसद के दोनों सदनों के समक्ष स्वयं एवं राज्य सरकारों द्वारा किये गये उपायों की रिपोर्ट रखेगी।

धारा (22): सद्भाव पूर्ण की गई कार्यवाही के लिए सरक्षंण
किसी भी केन्द्र शासन या शासन या व्यक्ति या अधिकारी के विरूद्ध कोई भी कार्यवाही नही की जायेगी अगर उसने कोई कार्य इस अधिनियम के अधीन सद्भाव पूर्वक किया है।

धारा (23): नियम बनाने की शक्ति
इस अधिनियम के अन्तर्गत नियम केन्द्र शासन बनाती है। इसके लिए इस नियम को संसद को प्रत्येक सदन के समक्ष 30 दिन के लिए रखा जाता है।

You Tube Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
SABDHANI COACHING INSTITUTE Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

राहत राशि के लिये मापदण्ड

अपराध का नाम	राहत की न्यूनतम राशि
1. अखाद्य या घृणाजनक पदार्थ पीना या खाना धारा 3(1)(i)	प्रत्येक पीड़ित को अपराध के स्वरूप और गंभीरता को देखते हुए 25.000 रू. या उससे अधिक और पीडित व्यक्ति द्वारा अनादर, अपमान, क्षति तथा मानहानि सहने के अनुपात में भी होगा।
2. क्षति पहुंचाना, अपमानित करना या क्षुब्धा करना (धारा 3(1)(ii) 3. अनादर सूचक कार्य (धारा 3)(1)(iii)	दिया जाने वाला भुगतान निम्नलिखित होगा- 1. 25 प्रतिशत जब आरोप-पत्र न्यायालय को भेजा जाए। 2. 75 प्रतिशत जब अभियुक्त को निचले न्यायालयों द्वारा दोषसिद्ध ठहराया जाए।
4. संदोष (Wrongfull) भूमि अधिाभोग में लेना या उस पर कृषि करना आदि (धारा 3)(1)(iv)	अपराध के स्वरूप और गंभीरता को देखते हुए कम से कम 25,000 रू. या उससे अधिक।
5. भूमि, परिसर या जल से संबंधित (धारा 3)(1) (V)	भूमि/परिसर/जल की आपूर्ति जहां आवश्यक हो, सरकारी खर्च पर पुनः की जाएगी। जब आरोप-पत्र न्यायालय को भेजा जाए पूरा भुगतान किया जाएगा।
6. बेगार या बलात्श्रम या बंधुआ मजदूरी (धारा 3)(1) (1)(vi)	प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को कम से कम, 25,000/- रू. प्रथम सूचना रिपोर्ट के प्रकम पर 25 प्रतिशत और 75 प्रतिशत निचले न्यायालय में दोषसिद्ध होने पर
7. मतदान के अधिकार के संबंध में (धारा 3)(1)(vii)	अपराध के स्वरूप और गंभीरता को देखते हुए प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को 20,000 रू. तक।
8. मिथ्या, द्वेषपूर्ण या तंग करने वाली विधिक कार्यवाही (धारा 3(1)(viii) 9. मिथ्या या तुच्छ जानकारी (धारा 3)(1)(ix)	25,000 रू. या वास्तविक विधि व्यय और क्षति की प्रतिपूर्ति या अभियुक्त के विचारण की समाप्ति के पश्चात्, जो भी कम हो।
10. अनादर, अभित्रस और अपमान (धारा 3)(1)(x)	अपराध के स्वरूप पर निर्भर करते हुए प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को 25,000 रू. तक। 25 प्रतिशत उस समय जब आरोप-पत्र न्यायालय को भेजा जाए और शेष दोषसिद्ध होने पर
11. किसी महिला की लज्जा, भंग करना (धारा 3)(1) (xi) 12. महिला का लैगिंक शोषण (धारा 3(1) (xii)	अपराध के प्रत्येक पीड़ित को 50,000 रू.। चिकित्सा जांच के पश्चात् 50 प्रतिशत का भुगतान किया जाए और शेष 50 प्रतिशत का विचारण की समाप्ति पर भुगतान किया जाए।
13. पानी गंदा करना (धारा 3)(1) (xiii)	1,00,000 रू. तक जब पानी को गन्दा कर दिया जाए या उसे साफ करने सहित या सामान्य सुविधा को पुनः बहाल करने की पूरी लागत। उस स्तर पर जिस पर जिला प्रशासन द्वारा ठीक समझा जाए भुगतान किया जाए।
14. मार्ग के रूढ़िजन्य अधिकार से वंचित करना (धारा 3) (1) (xiv)	1,00,000 रू. तक या मार्ग के अधिकार को पुनः बहाल करने की पूरी लागत और जो नुकसान हुआ है, यदि कोई हो, उसका पूरा प्रतिकार। 50 प्रतिशत जब आरोप-पत्र न्यायालय को भेजा जाए और 50 प्रतिशत निचले न्यायालय में दोषसिद्ध होने पर।
15. किसी को निवास स्थान छोड़ने पर मजबूर करना (धारा 3(1) (xv)	कम से कम 1,00,000 रू. या हुए नुकसान या हानि का पूरा प्रतिकार। 50 प्रतिशत का भुगतान जब आरोप पत्र न्यायालय में भेजा जाए और 50 प्रतिशत निचले न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध होने पर अपराध के स्वरूप और गम्भीरता को देखते हुए प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को या उसके आश्रित को कम से कम 50,000 रू.।
16. मिथ्या साक्ष्य देना (धारा 3(2)(i) और (ii)	कम से कम 1,00,000 रू. या हुए नुकसान या हानि का पूरा प्रतिकार। 50 प्रतिशत का भुगतान जब आरोप पत्र न्यायालय में भेजा जाए ओर 50 प्रतिशत निचले न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध होने पर अपराध के स्वरूप और गम्भीरता को देखते हुए प्रत्येक पीड़ित व्यक्ति को या उसके आश्रित को कम से कम 50,000 रू.।
17. भारतीय दण्ड सहिता के अधीन 10 वर्ष या उससे अधिक की अवधि के कारावास से दण्डनीय अपराध करना। (धारा-2)	यदि अनुसूची में अन्यथा विशिष्ट रूप से उपबंध किया हुआ हो तो इस राशि में अंतर होगा।
18. किसी लोक सेवक से हाथों उत्पीड़न (धारा 3)(2)(vii)	उठाई गई हानि या नुकसान का पूरा प्रतिकार। 50 प्रतिशत का भुगतान जब आरोप पत्र न्यायालय में भेजा जाए और 50 प्रतिशत का भुगतान जब निचले न्यायालय में दोषसिद्ध हो जाए, किया जाएगा।
19. निर्योग्यता। कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं. 4-2/83-एच.डब्ल्यू - 3 तारीख 6-8-1986 में शारीरिक और मानसिक निर्योग्यता की परिभाषाये दी गई है। अधिसूचना की एक प्रति अनुबंध-2 पर है।	
(क) 100 प्रतिशत असमर्थतता	
(1) कुटुम्ब का न कमाने वाला सदस्य	अपराध के प्रत्येक पीड़ित को कम से कम 1,00,000 रू. 50 प्रतिशत प्रथम सूचना रिपोर्ट पर और 25 प्रतिशत आरोप पत्र पर तथा 25 प्रतिशत निचले न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध होने पर।
(2) कुटुम्ब का कमाने वाला सदस्य	अपराध से पीड़ित प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 2,00,000 रू.। 50 प्रतिशत का प्रथम सूचना रिपोर्ट/चिकित्सा जांच पर भुगतान कि या जाए और 25 प्रतिशत जब आरोप पत्र न्यायालय को भेजा जाए और तथा 25 प्रतिशत निचले न्यायालय में दोषसिद्ध होने पर।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

(ख) जहां असमर्थता 100 प्रतिशत से कम है।	उपर्युक्त क (i) और (ii) में निर्धारित दरों को उसी अनुपात में कम किया जाएगा, भुगतान के चरण भी वही रहेंगे। तथापि न कमाने वाले सदस्य को 15,000 रू. से अन्यून और कुटुम्ब के विद्यमान सदस्य को 30,000 रू. से अन्यून।
20. हत्या/मृत्यु	
(क) कुटुम्ब का न कमाने वाला सदस्य	प्रत्येक मामले में कम से कम 1,00,000 रू.। 75 प्रतिशत पोस्टमार्टम के पश्चात् और 25 प्रतिशत निचले न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध होने पर।
(ख) कुटुम्ब का कमाने वाला सदस्य	प्रत्येक मामले में कम से कम 2,00,000 रूं 75 प्रतिशत का भुगतान पोस्टमार्टम के पश्चात् और 25 प्रतिशत निचले न्यायालय में दोषसिद्ध होने पर।
21. हत्या मृत्यु, नरसंहार, बलात्कार (Rape), सामूहिक बलात्कार, गैंग द्वारा किया गया बलात्कार, स्थायी असमर्थता और डकैती	उपर्युक्त मदों के अन्तर्गत भुगतान की गई राहत की रकम के अतिरिक्त, राहत की व्यवस्था, अत्याचार की तारीख से तीन मास के भीतर निम्नलिखित रूप से की जाए- 1. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मृतक की प्रत्येक विधवा और/या अन्य आश्रितों को 1000 रू. प्रतिमास की दर से, या मृतक के कुटुम्ब के एक सदस्य को रोजगार, या कृषि भूमि, एक मकान, यदि आवश्यक हो तो तत्काल खरीद कर उपलब्ध कराना। 2. पीड़ितो के बालकों की शिक्षा और उनके भरण-पोषण की पूरी लागत। बालको को आश्रम, विद्यालयों/आवासी विद्यालयों में दाखिल किया जाए। 3. तीन मास की अवधि तक बर्तनो, चावल, गेहूँ, दालो, दलहनो आदि की व्यवस्था।
22. पूर्णतया नष्ट/जला हुआ मकान।	जहां मकान को जला दिया गया हो या नष्ट कर दिया गया हो वहां सरकारी खर्च पर ईट / पत्थर के मकान का निर्माण किया जाए या उसकी व्यवस्था की जाए।

प्रश्नमाला

1. अनुसूचित जाति और जनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 विस्तृत है ?
   (a) जनजाति क्षेत्रों के सिवाय संपूर्ण भारत पर
   (b) केन्द्र शासित राज्यों के सिवाय संपूर्ण भारत पर
   (c) जम्मू-कश्मीर राज्य के सिवाय संपूर्ण भारत पर
   (d) संपूर्ण भारत क्षेत्र पर
2. अनुसूचित जाति और जनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 लागू किया गया ?
   (a) 30 सितम्बर ,1989 को
   (b) 30 अक्टूबर, 1990 को
   (c) 30 जनवरी, 1990 को
   (d) 30 दिसम्बर, 1990 को
3. क्या अनुसूचित जाति और जनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत अत्याचार से संबंधित अपराधों से पीड़ित व्यक्तियों को राहत देने का और उनके पुनर्वास का प्रावधान किया गया है ?
   (a) हाँ
   (b) नहीं
   (c) हाँ, परन्तु विशेष परिस्थितियों में
   (d) नहीं, क्योकि यह गलत है
4. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निषेध) अधिनियम, 1989, भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद से सम्बन्धित है ?
   (a) 17 (b) 18
   (c) 22 (d) 27
5. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत शब्द ''अत्याचार'' का अर्थ है?
   (a) गैर हिन्दू को मंदिर में प्रवेश से निवारित करना
   (b) उक्त अधिनियम की धारा 3 के अन्तर्गत दण्डनीय कोई भी अपराध
   (c) हिन्दू को, हिन्दू मंदिर में प्रवेश से निवारित करना
   (d) अस्पृश्यता की प्रथा
6. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के वही अर्थ हैं, जो ?
   (a) संविधान के अनुच्छेद 364 के खण्ड 24 और खण्ड 26 में है।
   (b) संविधान के अनुच्छेद 366 के खण्ड 24 और खण्ड 25 में है।
   (c) संविधान के अनुच्छेद 365 के खण्ड 25 और खण्ड 26 में है।
   (d) संविधान के अनुच्छेद 367 के खण्ड 24 और खण्ड 25 में है।
7. विशेष न्यायालय से अभिप्रेत है ?
   (a) धारा 13 में विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट कोई सत्र न्यायालय
   (b) धारा 14 में विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट कोई सेशन न्यायालय
   (c) धारा 15 में विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट कोई मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का न्यायालय
   (d) धारा 16 में विशेष न्यायालय के रूप में विनिर्दिष्ट कोई द्वितीय वर्ग मजिस्ट्रेट का न्यायालय
8. विशेष लोक अभियोजक से अभिप्रेत है ?
   (a) विशेष लोक अभियोजक के रूप में विनिर्दिष्ट लोक अभियोजक
   (b) धारा 15 में निर्दिष्ट अधिवक्ता
   (c) उपरोक्त दोनों
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
9. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम में कुछ शब्दों का प्रयोग किया गया है, किन्तु उन्हें परिभाषित नही किया गया है, तो उसका अर्थ कानून की किस संहिता से लगाया जाएगा ?
   (a) भारतीय साक्ष्य अधिनियम
   (b) भारतीय दण्ड संहिता
   (c) दण्ड प्रक्रिया संहिता
   (d) व्यवहार प्रक्रिया संहिता

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

10. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के प्रति दण्डनीय अत्याचारों का वर्णन संबंधित अधिनियम की किस धारा में वर्णित है ?
(a) धारा-दो (b) धारा-तीन
(c) धारा-पाँच (d) धारा-छः

11. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3 के तहत कौन से वर्ग के व्यक्ति को अभियुक्त बनाया जा सकता है ?
(a) कोई भी व्यक्ति, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य है
(b) कोई भी व्यक्ति, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं है
(c) कोई भी व्यक्ति, जो अल्पसंख्यक वर्ग का सदस्य है
(d) कोई भी व्यक्ति, जो पिछड़ी जाति का सदस्य है

12. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के प्रावधान निम्न में से किस परिस्थिति में आकर्षित होते है ?
(a) जब अपराधी अनुसूचित जाति का सदस्य हो और परिवादी अनुसूचित जाति का सदस्य नही हों
(b) जब अपराधी अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो और परिवादी अनुसूचित जाति का सदस्य हो
(c) जब परिवादी अनुसूचित जनजाति का सदस्य हो और अपराधी अनुसूचित जनजाति अथवा अनुसूचित जाति का सदस्य नही हो
(d) जब अपराधी अनुसूचित जाति का सदस्य हो और परिवादी एक शासकीय सेवक हो

13. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन कोई भी अपराध ?
(a) केवल ऐसे व्यक्ति द्वारा कारित किया जा सकता है, जो अ.जा. या अ.ज.जा. का नही है
(b) अ.जा एवं अ.ज.जा. के सदस्य द्वारा भी कारित किया जा सकता है
(c) अ.जा. एवं अ.ज.जा. के सदस्य द्वारा उसी स्थिति में वह अपराध कारित किया जा सकता है, जबकि अपराध से पीड़ित व्यक्ति उक्त किसी जाति का हो
(d) अ.जा के किसी सदस्य द्वारा अ.ज.जा. के सदस्य के विरूद्ध पारित किया जा सकता है

14. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3 (2) के तहत अभियुक्त अग्नि या विस्फोटक पदार्थ द्वारा अपराध करता है तो उस पर कितना दण्ड अधिरोपित किया जाएगा ?
(a) मृत्युदण्ड
(b) आजीवन कारावास और जुर्माना
(c) सात वर्ष तक का कारावास और जुर्माना (न्यूनतम सजा छः मास का कारावास)
(d) दस वर्ष तक का कारावास और जुर्माना (न्यूनतम सजा छः मास का कारावास)

15. विधि विरूद्ध अनिवार्य श्रम अस्पृश्यता का आचरण समझा जाएगा जब कोई व्यक्ति दूसरे व्यक्ति को मजबूर करता है ?
(a) पशु का शव हटाने हेतु
(b) किसी पशु की खाल खीचने/हटाने हेतु
(c) बुहारना या सफाई हेतु
(d) उपर्युक्त सभी कार्य हेतु

16. यदि किसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मृत्युण्ड से दण्डनीय अपराध में दंडित कराने के आशय से मिथ्या साक्ष्य देता है, तो उसे कितना दण्ड दिया जा सकता है ?
(a) दो वर्ष का कारावास एवं जुर्माना
(b) पाँच वर्ष तक का कारावास एवं जुर्माना
(c) दस वर्ष तक का कारावास एवं जुर्माना
(d) आजीवन कारावास एवं जुर्माना

17. 'क' जो अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है, 'ख' जो अनु. जनजाति का सदस्य है, के विरूद्ध हत्या के अपराध के मामले में झूठी गवाही देता है कि जिसके फलस्वरूप 'ख' दोषसिद्ध पाया जाकर उसके विरूद्ध मृत्युदण्ड का कार्यान्वयन हो जाता है। 'क' निम्न दण्ड का भागी है ?
(a) मृत्युदण्ड
(b) मृत्युदण्ड अथवा आजन्म कारावास
(c) आजन्म कारावास अथवा सश्रम कारावास कि जिसकी अवधि 10 वर्ष हो सकती है
(d) मृत्युदण्ड अथवा आजन्म कारावास अथवा 10 वर्ष तक की अवधि का सश्रम कारावास

18. कोई भी व्यक्ति जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य को उसके मकान, गांव या निवास के मूल स्थान को छोड़ने हेतु विवश करता है या कराता है, वह दण्डनीय होगा ?
(a) छह मास से कम न होने वाले, परन्तु जो पाँच वर्ष तक हो सकता है, कारावास से
(b) छह मास से कम न होने वाले, परन्तु जो दो वर्ष तक हो सकता है, कारावास से
(c) एक वर्ष सक कम न होने वाले, परन्तु जो दो वर्ष तक हो सकता है, कारावास से
(d) एक वर्ष से कम न होने वाले, परन्तु जो पाँच वर्ष तक हो सकता है, कारावास से

19. 'क' जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है, 'ख' के रहने के मकान में जो अनुसूचित जाति का सदस्य है आग लगा देता है। 'क' निम्नांकित में से किस दण्ड से दण्डनीय होगा ?
(a) सात वर्ष के कारावास से (b) दस वर्ष के कारावास से
(c) आजीवन कारावास से (d) मृत्युदण्ड से

20. 'क' जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नहीं है, 'ख' को जो एक अनुसूचित जाति का सदस्य है बेगार करने के लिए विवश करता है तो वह अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत निम्नांकित में से किस कारावास से दंडित किया जा सकेगा ?
(a) न्यूनतम 6 मास का कारावास, जो दो वर्ष तक हो सकेगा
(b) न्यूनतम 6 मास का कारावास, जो तीन वर्ष तक हो सकेगा
(c) न्यूनतम 6 मास का कारावास, जो पाँच वर्ष तक हो सकेगा
(d) न्यूनतम 1 वर्ष का कारावास, जो सात वर्ष तक हो सकेगा

21. क्या अनुसूचित जाति के किसी सदस्य को उसकी जातिसूचक शब्दों का उपयोग करते हुए संबोधित करना अधिनियम की धारा 3(1)(x) के अंतर्गत अपराध गठित करेगा ?
(a) हाँ, यदि शब्दों को एक लोक स्थान में उच्चारित किया गया है
(b) हाँ, यदि शब्दों को जनता के दृष्टिगोचर किसी स्थान में उच्चारित किया गया हो
(c) हाँ, यदि शब्दों को किसी लोक स्थान में उसको अपमानित करने के आशय से उच्चारित किया गया हो
(d) हाँ, यदि शब्दों को जनता के दृष्टिगोचर किसी स्थान में उसको अपमानित करने के आशय से उच्चारित किया गया हो

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

22. अधिनियम की धारा 3(1)(xi) के अंतर्गत अपराध में भा.द.सं. की धारा 354 तथा ..... के अंतर्गत दण्डनीय अपराधों के तत्व सम्मिलित हैं ?
(a) भा.द.सं. की धारा 509
(b) भा.द.सं. की धारा 510
(c) भा.द.सं. की धारा 504
(d) भ.द.सं. की धारा 506

23. अनुसूचित जनजाति के सदस्यों द्वारा उपयोग में लाए जा रहे किसी जलाशय के पानी को दूषित करने वाले व्यक्ति को कितना दण्ड दिया जा सकता है ?
(a) छः माह तक कारावास व जुर्माना
(b) दो वर्ष तक का कारावास व जुर्माना
(c) पाँच वर्ष तक का कारावास व जुर्माना
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24. एक लोकसेवक, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है, धारा 3 के अधीन दण्डनीय अपराध करता है, तो वह दंडित किया जा सकेगा ?
(a) एक वर्ष से अधिक अवधि के कारावास से किन्तु जो पाँच वर्ष तक का हो सकेगा
(b) अधिकतम सात वर्ष तक के कारावास से
(c) अधिकतम आजीवन कारावास से
(d) एक वर्ष या अधिक अवधि के कारावास से किन्तु जो उस अपराध के लिए उपबंधित दण्ड तक हो सकेगी

25. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अपराध निषेध) अधिनियम के अन्तर्गत किसी अपराध के लिए अधिकतम दण्ड क्या दिया जा सकता है ?
(a) छः माह का कारावास (b) दस वर्ष का कारावास
(c) मृत्युदण्ड (d) आजीवन कारावास

26. 'क' जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य को अपना मकान, गाँव या अन्य निवास स्थान छोड़ने के लिए मजबूर करेगा या कराएगा, तो वह दण्डनीय होगा?
(a) कारावास से, जिसकी अवधि छह मास से कम नही होगी किन्तु जो पाँच वर्ष तक की हो सकेगी
(b) कारावास से, जो अधिमतम सात वर्ष तक का हो सकेगा
(c) आजीवन कारावास से
(d) उपरोक्त में से कोई नही

27. एक लोकसेवक, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य नही है, इस अधिनियम के अधीन उसके द्वारा पालन किए जाने के लिए अपेक्षित अपने कर्तव्यों की जानबूझकर उपेक्षा करेगा, तो वह दण्डनीय होगा ?
(a) कारावास से, जिसकी अवधि एक मास से कम नही होगी किन्तु जो तीन मास तक की हो सकेगी
(b) कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास से कम नही होगी किन्तु जो छह मास तक की हो सकेगी
(c) कारावास से, जिसकी अवधि छह मास से कम नही होगी किन्तु जो एक वर्ष तक की हो सकेगी
(d) कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष से कम नही होगी किन्तु जो दो वर्ष तक की हो सकेगी

28. जब कोई व्यक्ति लोक सेवक होते हुए किन्तु अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य न होते हुए जानबूझकर अपने कर्तव्यों, जिनका अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अधीन उसका पालन किया जाना अपेक्षित है, कि उपेक्षा करता है, कम से कम कितने कारावास से दण्डित होगा ?
(a) छः महीने (b) एक वर्ष
(c) दो वर्ष (d) पाँच वर्ष

29. 'क' एक लोक सेवक जो अनुसूचित जाति अथवा जनजाति का सदस्य नहीं है, अ.जा. एवं अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत अपने कर्तव्यों की जानबूझकर उपेक्षा करता है। वह दण्डनीय होगा ?
(a) कारावास से जिसकी अवधि छः मास से कम न होगी
(b) एक वर्ष की अवधि तक के कारवास से
(c) (अ) और (ब) दोनो
(d) तीन वर्ष के कारावास से

30. कोई व्यक्ति, जो अध्याय 2 के अधीन किसी अपराध के लिए पहले ही दोषसिद्ध हो चुका है, दूसरे अपराध या उसके पश्चात्वर्ती किसी अपराध के किए दोषसिद्ध किय जाता है, वह दण्डनीय होगा ?
(a) कारावास से, जिसकी अवधि तीन मास से कम नही होगी, किन्तु जो उस अपराध के लिए उपबंधित दण्ड तक हो सकेगी
(b) कारावास से, जिसकी अवधि छह मास से कम नही होगी, किन्तु जो उस अपराध के लिए अपबंधित दण्ड तक हो सकेगी
(c) कारावास से, जिसकी अवधि एक वर्ष से कम नही होगी, किन्तु जो उस अपराध के लिए उपबंधित दण्ड तक हो सकेगी
(d) कारावास से, जिसकी अवधि दो वर्ष से कम नही होगी, किन्तु जो उस अपराध के लिए उपबंधित दण्ड तक हो सकेगी

31. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 7 के तहत न्यायालय विचारण की अवधि के दौरान संपत्ति की कुर्की करने के लिए स्वतंत्र होगा?
(a) हाँ
(b) नहीं
(c) हाँ, परन्तु जब राज्य शासन अनुमति दे
(d) हाँ, परन्तु जब उच्च न्यायालय अनुमति दे

32. क्या अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निषेध) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत दण्ड अधिनिर्णीत करने वाला न्यायालय किसी व्यक्ति को कारावास की सजा अधिनिर्णीत करने के साथ ही साथ, उसकी संपत्ति के भी समपहरण का आदेश दे सकता है ?
(a) नहीं
(b) हाँ, परन्तु केवल तभी जबकि अधिनिर्णीत कारावास की सजा 6 माह से कम की हो
(c) हाँ, परन्तु केवल तभी जबकि अधिनिर्णीत कारावास की सजा तीन माह से कम की हो
(d) हाँ

33. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत अपराधी के बारे में उपधारणा का प्रावधान किया गया है ?
(a) धारा 6 के तहत (b) धारा 7 के तहत
(c) धारा 8 के तहत (d) धारा 9 के तहत

34. इस अधिनियम के तहत किसी अपराध के लिए अभियोजन में यदि यह साबित हो जाता है कि अभियुक्त ने संदेहास्पाद व्यक्ति को वित्तीय सहायता की है, जो विशेष न्यायालय जब तक तत्प्रतिकूल साबित न किया जाए?
(a) यह उपधारणा कर सकेगा कि ऐसे व्यक्ति ने उस अपराध का दुष्प्रेरण किया है
(b) यह उपधारणा करेगा कि ऐसे व्यक्ति ने उस अपराध का दुष्प्रेरण किया है
(c) ऐसे व्यक्ति ने उस अपराध का दुष्प्रेरण किया है, यह उस बात का निश्चायक सबूत होगा
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

35. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 8 के तहत न्यायालय द्वारा कौन सी उपधारणा अपराध कारित करने के संबंध में की जाएगी ?
(a) सामान्य उद्देश्य (b) सामान्य आशय
(c) दुष्प्रेरण (d) उपरोक्त सभी

36. निम्नांकित में से कौन किसी अपराध के निवारण और उससे निपटने के लिए राज्य सरकार के किसी अधिकारी को किसी जिले या उसके भाग में पुलिस अधिकारी द्वारा प्रयोक्तव्य शक्तियाँ प्रदान कर सकेगा/सकेगी ?
(a) उच्च न्यायालय (b) उच्चतम न्यायालय
(c) राज्य सरकार (d) केन्द्रीय सरकार

37. निम्नांकित में से कौन संविधान के अनुच्छेद 244 में यथानिर्दिष्ट अनुसूचित क्षेत्रों से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अध्याय 2 के तहत अपराध करने की संभावनाओं वाले व्यक्ति को उसे क्षेत्र से हटाए जाने का निर्देश दे सकता है ?
(a) विशेष न्यायालय
(b) सेशन न्यायालय
(c) उच्च न्यायालय
(d) उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार

38. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 10(1) के तहत आदेश से प्रभावित व्यक्ति आदेश की तारीख से कितने समय के भीतर आदेश को प्रतिसंहृत या उपांतरित करने के लिये अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है ?
(a) पंद्रह दिन के भीतर (b) तीस दिन के भीतर
(c) पैंतालीस दिन के भीतर (d) साठ दिन के भीतर

39. यदि कोई व्यक्ति जिसको धारा 10 के तहत किसी क्षेत्र से हट जाने के लिए कोई आदेश जारी किया गया है तब उसे विशेष न्यायालय किस परिस्थिति के अनुसार गिरफ्तार कर सकेगा ?
(a) यदि निर्देशानुसार हटनें में असफल रहे
(b) यदि हटने के उपरांत विशेष न्यायालय की लिखित अनुज्ञा के बिना निर्धारित अवधि के भीतर प्रवेश करता है
(c) उपरोक्त दोनों परिस्थितियों के अनुसार
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

40. प्रत्येक ऐसा व्यक्ति, जिसके विरूद्ध धारा 10 के अधीन आदेश किया गया है, विशेष न्यायालय द्वारा ऐसी अपेक्षा की जाने पर, निम्नांकित में से किसको अपने माप और फोटो लेने देगा ?
(a) किसी पुलिस अधिकारी को
(b) किसी डिप्टी कलेक्टर को
(c) किसी सत्र न्यायालय को
(d) किसी भी व्यक्ति को

41. वह व्यक्ति जिसके विरूद्ध अ.जा. और अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 10 के अधीन आदेश पारित किया गया है, यदि अपनी माप और फोटो लिये जाने का प्रतिरोध करता है, तो वह किस धारा के अन्तर्गत अपराधी समझा जाएगा ?
(a) धारा 11 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989
(b) धारा 12 इसी अधिनियम की
(c) धारा 186 भारतीय दण्ड संहिता, 1860
(d) उपर्युक्त सभी

42. यदि कोई व्यक्ति, धारा 12 (2) के अधीन लिए जाने वाले माप या फोटो का प्रतिरोध या उससे इंकार करता है, तो उसका कृत्य समझा जाएगा ?
(a) IPC की धारा 86 के अधीन अपराध
(b) IPC की धारा 186 के अधीन अपराध
(c) IPC की धारा 286 के अधीन अपराध
(d) IPC की धारा 386 के अधीन अपराध

43. यदि कोई व्यक्ति, धारा 10 के अधीन किए गए विशेष न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करेगा, तो वह दण्डनीय होगा?
(a) एक वर्ष तक के कारावास से
(b) दो वर्ष तक के कारावास से
(c) तीन वर्ष तक के कारावास से
(d) पाँच वर्ष तक के कारावास से

44. अत्याचार निवारण के लिए राज्य शासन ''विशेष न्यायालय'' का गठन निम्न धारा के अन्तर्गत करेगा ?
(a) धारा 14 (b) धारा 15
(c) धारा 16 (d) धारा 17

45. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत विशेष न्यायालय का गठन किया जाता है?
(a) शीघ्र विचारण का उपबंध करने के प्रयोजन के लिए
(b) ऋजुपूर्ण एवं सस्ता न्याय उपलब्ध करने के प्रयोजन के लिए
(c) न्यायिक प्रक्रिया को सुगम एवं लचीला बनाने के लिए
(d) विशेष वर्ग के व्यक्तियों के अधिकारों के संरक्षण के लिए

46. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत विशेष न्यायालय कौन गठित करता है ?
(a) अधिसूचना के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा
(b) के केन्द्र सरकार द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श से
(c) राज्य सरकार द्वारा राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से
(d) राज्यपाल द्वारा सत्र न्यायालय को विशेष दर्जा देकर

47. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अन्तर्गत विशेष न्यायालय की स्थापना कौन करता है ?
(a) राज्य के परामर्श से राज्य सरकार
(b) राष्ट्रपति के परामर्श से केन्द्र सरकार
(c) राज्य के न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से राज्य सरकार
(d) उच्चतम न्यायालय की सहमति से केन्द्र सरकार

48. अ.जा. और अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत 'विशेष न्यायालय' का गठन कौन करता है ?
(a) केन्द्र सरकार
(b) भारत के मुख्य न्यायाधीश से परामर्श कर केन्द्र सरकार
(c) संबंधित राज्य के उच्च न्यायालय से सहमति कर राज्य सरकार
(d) राज्यपाल

49. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निषेध) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराधों के विचारण की अधिकारिता निम्न में से किसको है ?
(a) विशेष न्यायालय (b) जिला मजिस्ट्रेट
(c) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (d) मजिस्ट्रेट, प्रथम वर्ग

50. अ.जा. तथा अ.ज.जा. (अत्याचार निषेध) अधिनियम के अन्तर्गत किन न्यायालयों को 'विशेष न्यायालय' विनिर्दिष्ट किय जाता है ?
(a) सत्र न्यायालय
(b) न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय
(c) जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय
(d) जिला जज के न्यायालय

You Tube Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
SABDHANI COACHING INSTITUTE Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

51. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध का विचारण किय जा सकता है ?
(a) ऐसे सामान्य दांडिक न्यायालय द्वारा, जो दण्ड प्रक्रिया संहिता की अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट हो
(b) किसी पत्र न्यायालय द्वारा
(c) ऐसे पत्र न्यायालय द्वारा, जो राज्य सरकार द्वारा इस हेतु विशेषत: विनिर्दिष्ट किया गया हो
(d) केन्दीय सरकार द्वारा इस हेतु बनाए गए विशेष न्यायालय द्वारा

52. राज्य सरकार, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के अधीन अपराधों के विचारण हेतु प्रत्येक जिले के लिए एक विशेष न्यायालय विनिर्दिष्ट कर सकेगी, जिसका पीठासीन अधिकारी होगा ?
(a) न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग
(b) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
(c) सेशन न्यायाधीश
(d) उच्च न्यायालय का न्यायाधीश

53. निम्नांकित में से कौन विशेष न्यायालय में मामलों के संचालन के प्रयोजन के लिए विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति कर सकेगा ?
(a) उच्च न्यायालय (b) राज्य सरकार
(c) उच्चतम न्यायालय (d) राष्ट्रपति

54. विशेष लोक अभियोजक के लिए निम्नांकित में से कीतने वर्ष तक अभिवक्ता के रूप में विधि व्यवसाय का अनुभव आवश्यक है ?
(a) 5 वर्ष (b) 7 वर्ष
(c) 10 वर्ष (d) 14 वर्ष

55. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 16 के तहत राज्य सरकार की सामूहिक जुर्माना अधिरोपित करने की शक्ति का प्रावधान निम्नांकित में से कौन से अधिनियम के उपबंधों के अधीन किया जाएगा ?
(a) संविधान क अनुच्छेद 17 के तहत
(b) सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 10-क के तहत
(c) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 68 के तहत
(d) अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम, 1955 की धारा 18 के तहत

56. निम्नांकित में से कौन अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत किसी क्षेत्र को अत्याचारग्रस्त क्षेत्र घोषित कर सकेगा तथा शांति और सदाचार बनाए रखनें तथा लोक व्यवस्था और प्रशांति बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही कर सकेगा ?
(a) जिला या उपखण्ड मजिस्ट्रेट
(b) कार्यपालक मजिस्ट्रेट
(c) पुलिस अधीक्षक से अनिम्न पंक्ति का कोई पुलिस अधिकारी
(d) उपरोक्त सभी

57. अ.जा. और अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत लोक व्यवस्था और शान्ति बनाए रखने तथा अत्याचारग्रस्त घोषित क्षेत्रों में अत्याचार रोकने के लिए कौन उत्तरदायी है ?
(a) जिला मजिस्ट्रेट
(b) उप-खण्ड मजिस्ट्रेट
(c) पुलिस अधिकारी जो पुलिस उप-अधीक्षक के पद से नीचे का न हो
(d) उपरोक्त सभी

58. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध करने वाले व्यक्तियों को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 438 लागू न होना, प्रावधानित है?
(a) धारा 16 के तहत (b) धारा 17 के तहत
(c) धारा 18 के तहत (d) धारा 19 के तहत

59. अ.जा. और अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की किस धारा में अग्रिम जमानत प्रतिबन्धित है ?
(a) धारा 17 (b) धारा 18
(c) धारा 19 (d) धारा 20

60. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन अपराध में आरोपित अभियुक्त निम्न प्रावधान के अधीन जमानत हेतु आवेदन नहीं कर सकता है?
(a) अन्तर्गत धारा 437 दण्ड प्रक्रिया संहिता
(b) अन्तर्गत धारा 438 दण्ड प्रक्रिया संहिता
(c) अन्तर्गत धारा 439 दण्ड प्रक्रिया संहिता
(d) किसी भी उपर्युक्त प्रावधान के अधीन

61. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के किसी सदस्य के प्रति अत्याचार के दोषी वयस्क व्यक्ति को परिवीक्षा पर ?
(a) छोड़ा जा सकता है
(b) नही छोड़ा जा सकता
(c) राज्य सरकार की अनुमति से छोड़ा जा सकता है
(d) उच्च न्यायालय की अनुमति से छोड़ा जा सकता है

62. दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 360 या अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के प्रावधान इस अधिनियम के अधीन अपराधों के दोषी व्यक्तियों के लिए सामान्यत: लागू नहीं होते है, लेकिन यह उपबंध तक लागू हो सकते है यदि अपराधी की आयु?
(a) 16 वर्ष से अधिक नही है
(b) 18 वर्ष से अधिक नही है
(c) 21 वर्ष से अधिक नही है
(d) 7 वर्ष से अधिक किन्तु 12 वर्ष से अधिक नही है

63. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अधीन कोई अपराध करने का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति के संबंध में अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 के प्रावधान ?
(a) लागू नही होगे, यदि उसकी आयु 21 वर्ष से अधिक है
(b) लागू नही होगें, यदि उसकी आयु 18 वर्ष से अधिक है
(c) तभी लागू होगे, जब उसकी आयु 16 वर्ष से कम हो
(d) उपर्युक्त किसी भी स्थिति में लागू नही होगे

64. निम्नांकित में से कौन ऐसे नियमों के अधीन रहते हुए, जो केन्द्रीय सरकार अस निर्मित बनाए, इस नियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ऐसे उपाय करेगी, जो आवश्यक हो ?
(a) विशेष न्यायालय (b) उच्च नयायालय
(c) राज्य सरकार (d) केन्द्र सरकार

65. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत प्रभावी क्रियांवयन के लिए विशिष्टियां होगी ?
(a) विधिक सहायता
(b) पीड़ितो का सामाजिक और आर्थिक पुनरूद्धार
(c) विचारण के दौरान साक्षी व्यय
(d) उपरोक्त सभी

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

66. निम्नांकित में से कौन प्रत्येक वर्ष संसद के प्रत्येक सदन के पटल पर धारा 21 के उपबंधों के अधीन किए गए उपायों के संबंध में एक रिपोर्ट रखेगी ?
(a) राज्य सरकार
(b) केन्द्रीय सरकार
(c) उच्च न्यायालय की सलाह पर राज्यपाल
(d) राज्यपाल की रिपोर्ट पर राष्ट्रपति

67. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की निम्नांकित में से किस धारा कि तहत सद्भावपूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण का प्रावधान किय गया है ?
(a) धारा 21 (b) धारा 22
(c) धारा 23 (d) धारा 24

68. 'क' ने अपने अनुसूचित जाति के नौकर को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए आदेशित किया। कोई सबूत इस बात का नहीं है कि 'क' ने नौकर को इरादतन अपमानित किया था। अ.जा. और अ.ज.जाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 क्या इस मामले में लागू होता है ?
(a) हाँ
(b) नही
(c) नौकर की इच्छा पर निर्भर है
(d) धारा 3(1)(x) लागू हाती है

69. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 23 के अन्तर्गत राजपत्र में सूचना द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बनाने का अधिकार किसको है ?
(a) केन्द्र सरकार को (b) राज्य सरकार को
(c) सर्वोच्च न्यायालय को (d) इन सभी को

70. निम्नांकित में से कौन राजपत्र में अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बना सकेगी ?
(a) राज्य सरकार
(b) केन्द्रीय सरकार
(c) राज्यपाल की रिपोर्ट पर राष्ट्रपति
(d) केवल उच्च न्यायालय की अनुशंसा पर उच्चतम न्यायालय

71. अ.जा. और अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 23 के अन्तर्गत इस अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बनाने का अधिकार किसको प्राप्त है ?
(a) राज्य सरकार को (b) केन्द्र सरकार को
(c) (अ) और (ब) दोनों को (d) सर्वोच्च न्यायालय को

72. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अधीन बनाया गया प्रत्येक नियम, बनाए जाने के पश्चात् यथाशीघ्र संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, कुल कितनी अवधि के लिए रखा जाएगा ?
(a) 15 दिन के लिए (b) 30 दिन के लिए
(c) 45 दिन के लिए (d) 60 दिन के लिए

73. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई या की जाने के लिए आशयित किसी बात के लिए कोई भी वाद, अभियोजन, या अन्य विधिक कार्यवाही निम्नांकित में से किसके विरूद्ध नहीं होगी ?
(a) केन्द्रीय सरकार के विरूद्ध
(b) राज्य सरकार के विरूद्ध
(c) सरकार के किसी अधिकारी या प्राधिकारी के विरूद्ध
(d) उपरोक्त सभी के विरूद्ध

74. अ.जा. और अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अन्तर्गत किये गये अपराध का अन्वेषण करने के लिए नियुक्त अन्वेषक अधिकारी अपनी अन्वेषण रिपोर्ट किनते समय के भीतर देगा ?
(a) 30 दिन
(b) 60 दिन
(c) राज्य सरकार द्वारा माँगने पर
(d) राज्य के पुलिस महानिदेशक द्वारा माँगने पर

75. अ.जा. और अ.ज.जा. (अत्याचार निवारण) नियमावली, 1995 के नियम 12 (4) के अन्तर्गत किसी लैंगिक शोषण के अत्याचार से पीड़ित महिला के लिए क्षतिपूर्ति की राशि निर्धारित है ?
(a) 50,000 रूपये (b) 25,000 रूपये
(c) 30,000 रूपये (d) 75,000 रूपये

उत्तरमाला

1	C	11	B	21	D	31	A	41	C	51	C	61	B	71	B
2	C	12	C	22	A	32	D	42	B	52	C	62	B	72	B
3	A	13	A	23	C	33	C	43	A	53	B	63	B	73	D
4	A	14	C	24	D	34	B	44	A	54	B	64	C	74	A
5	B	15	D	25	C	35	D	45	A	55	B	65	D	75	A
6	B	16	D	26	A	36	C	46	C	56	D	66	B		
7	B	17	A	27	C	37	A	47	C	57	D	67	B		
8	C	18	A	28	A	38	B	48	C	58	C	68	B		
9	C	19	C	29	C	39	C	49	A	59	B	69	A		
10	B	20	C	30	C	40	A	50	A	60	B	70	B		

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

33. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम

अधिनियम के प्रमुख तथ्य

- पहले यह अधिनियम ''अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम 1955'' कहलाता था।
- इस अधिनियम का क्रमांक 1955 का 22 है।
- इसका प्रथम संस्करण 1 नवंबर 1970 को दो भाषाओं में आया था।
- 19-11-1976 से इसका नाम ''सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम 1955'' हो गया।
- राष्ट्रपति ने अनुमति 8 मई 1955 को प्रदान की।
- इसका द्वितीय संस्करण 1 जून 1977 को आया था।

धाराओं के अंतर्गत अधिनियम का विवरण

धारा-1 इस अधिनियम का नाम ''सिविल अधिकार संरक्षण'' अधिनियम होगा। यह संपूर्ण भारत में लागू होगा।

धारा-2 परिभाषाएं

- सिविल अधिकार वह अधिकार है जो अस्पृश्यता निवारण के लिए संविधान के अनुच्छेद 17 में दिए है।
- होटल, तम्बू, जलयान, मनोरंजन स्थल, धर्मशाला, भोजनालय आदि स्थान जो इस अधिनियम में माने गये है।
- अनुसूचित जाति का अर्थ अनुच्छेद 366 (खंड 25 एवं 26) में बताया गया है।

धारा-3 धार्मिक निर्योग्यताओं के लिए दण्ड

1. अगर कोई व्यक्ति अस्पश्यता के आधार पर किसी को पूजा स्थान में एक धर्म का होते हुए भी जाने से रोकता है।
2. किसी पूजा स्थल पर प्रार्थना से रोकता है या किसी पुनीत तालाब, जन-स्रोत या कुऐ में स्थान से रोकता है, जो धार्मिक हो। तो उपरोक्त रोकने वाले व्यक्ति को कम से कम एक माह, अधिकतम 6 माह और जुर्माने की सजा होगी। (जुर्माने 100 से 500 रू तक)

- इस अधिनियम मे जैन, बुद्ध, सिख, ब्रह्मसमाज, आर्य समाज, प्रार्थना समाज को भी हिन्दु माना जायगा।

धारा-4 समाजिक निर्योग्यताओं के लिए दण्ड

अगर कोई व्यक्ति निम्न प्रकार से अस्पृश्यता का अपराध करता है तो उसे एक से 6 माह तक कारावास और 100 से 500 रू. तक अर्थदंड होगा।

1. किसी दुकान, होटल, या भोजनालय आदि का उपयोग करने से रोकना।
2. लोक उपयोग की वस्तुओं का उपभोग रोकना।
3. किसी पेशा, व्यापार या रोजगार से रोकना।
4. किसी जल स्त्रेत, शमशान या कब्रिस्तान, शौचालय सड़क का उपयोग करने से रोकना।
5. किसी ट्रस्ट का उपयोग रोकना।
6. सार्वजनिक सवारी का उपयोग रोकना।
7. किसी क्षेत्र में निवास, निर्माण अर्जन आदि से रोकना।
8. धर्मशाला, सराय आदि में रूकने से रोकना।
9. किसी रिवाज, आभूषण आदि के उपयोग से रोकना।

धारा-5 अस्पताल आदि में दाखिले से मना करना आदि।

जो व्यक्ति अस्पृश्यता के आधार पर किसी को अस्पताल, कॉलेज, स्कूल आदि में दाखिले से रोकेगा। और दाखिले के बाद भेद-भाव करेगा उसे एक माह से 6 माह कारावास और 100 से 500 जुर्माना होगा।

धारा-6 माल बेचने या सेवा से मना करना

जो व्यक्ति किसी को अस्पृश्यता के कारण माल बेचने और सेवा देने से मना करेगा उसे एक माह से 6 माह सजा और 100 से 500 रू. का अर्थ दण्ड होगा।

धारा-7 अस्पृश्यता जनित अन्य अपराध

किसी भी व्यक्ति को 1 से 6 माह कारावास और 100 से 500 रू. अर्थदण्ड होगा अगर उसने

1. किसी व्यक्ति को अनुच्छेद 17 के अधिकारों से रोका।
2. अनुच्छेद 17 के अधिकारो के उपयोग के कारण, घायल किया, बहिष्कार किया, रोका आदि।
3. शब्द से लिखित में, चित्र से मुद्रा से अदि से अस्पृश्यता का उपयोग किया।

नोट- *अगर किसी व्यक्ति ने अनुच्छेद 17 के अधिकारों का उपयोग किया और इस कारण दूसरा व्यक्ति बदला लेने के लिए अपराध करता है तो अपराधी को कम से कम 2 वर्ष सजा और जुर्माना होगा।*

धारा 7A

कोई भी व्यक्ति अस्पृश्यता के आधार पर किसी को झाड़ू लगाने, सफाई करने, जानवर का शव उठाने, जानवर की खाल खीचने एवं इसी प्रकार के अन्य कार्यो के लिए बाध्य करेगा तो उसे 3 माह से 6 माह ओर 100 से 500 रू. तक अर्थदड होगा।

धारा-8

जो व्यक्ति इस अधिनियम में दोषी सिद्ध होता है और वह अपराध में लिप्त व्यापार, वृति आदि की अनुज्ञप्ति रखता है तो उसका लाइसेंस रद्द या निलम्बित हो सकता है।

धारा-9

किसी न्यास या संस्था जिसे सरकार से अनुदान प्राप्त है का प्रबन्धक या न्यासी अपराध के लिए दोष सिद्ध हो है तो सरकार उस अनुदान या उसके भाग को निलंबन या पुनर्ग्रहण हर सकती है।

धारा-10

यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम में किसी अपराध का दुष्प्रेरण करता है तो उसे भी उस अपराध का दोषी माना जायेगा।

धारा-10 (ए) सामूहिक जुर्माना

यदि राज्य शासन यह पाता है कि किसी क्षेत्र के व्यक्ति अपराध, उसके दुष्प्रेरण या किसी भी रूप से अपराध में सहायक है, तो राज्य शासन उक्त व्यक्तियों पर सामूहिक जुर्माना लगा सकता है और उस जुर्माने का विभाजन, समय आदि का निर्णय लेता है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

1. पर सरकार को उस क्षेत्र में ढोल पीटकर या अन्य प्रकार से सूचना देना होगी।
2. कोई भी व्यक्ति चाहे तो सक्षम अधिकारी के समक्ष जुर्माने में माफी आदि के लिए अर्जी लगा सकता है।

धारा-11 पश्चात्वर्ती दोष

कोई व्यक्ति फिर से इस अधिनियम के अंतर्गत अपराध करता है तो -

1. दूसरे अपराध पर 6 माह से 12 माह एवं 200 से 500 रू. का दण्ड।
2. तीसरे अपराध पर 1 वर्ष से 2 वर्ष एवं 500 से 1000 रू. तक दण्ड।

धारा-12 न्यायालय द्वारा उपधारणा।

अगर इस अधिनियम के अंतर्गत कोई अपराध अनुसूचित जाति के व्यक्ति के विरूद्ध किया गया है तो न्यायालय मानकर चलेगा की यह अस्पृश्यता जनित अपराध है।

धारा-13

1. कोई भी सिविल कोर्ट ऐसा कोई भी वाद ग्रहण नही करेगा जिसके आदेश से इस अधिनियम के विरूद्ध कार्य होगा।
2. कोई भी न्यायालय किसी भी बाद के निर्णय में अस्पृश्यता के आधार पर निर्योग्यता लागू करने वाली प्रथा को मान्यता नहीं देगा।

धारा-14 कम्पनियों द्वारा अपराध

1. अगर इस अधिनियम में अपराध किया गया व्यक्ति कंपनी है तो हर ऐसा व्यक्ति जो अपराध के समय कंपनी के लिए उत्तरदायी है अभियुक्त होगा। परन्तु कोई व्यक्ति यह सिद्ध करता है कि उसे अपराध की जानकारी नही थी तो वह बच सकता हैं
2. अगर अपराध किसी निदेशक, प्रबंधक, सचिव या अन्य अधिकारी की सम्मति से किया गया है तो वह अधिकारी भी दोषी होगा।

धारा 14 (ए) सद्भावपूर्वक कार्यवाही संरक्षक

1. यदि कोई सरकार (केन्द्र या राज्य) के द्वारा इस अधिनियम के अन्तर्गत किया गया है। तो सरकार के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं होगी।
2. इस अधिनियम के पालन में सद्भावपूर्वक की गई कार्यवाही के कारण हुए नुकसान के लिए शासन के विरूद्ध कोई कार्यवाही नही होगी।

धारा-15 अपराध संज्ञेय

1. इस अधिनियम के आधीन अपराध संज्ञेय होगा भले वह CRPC में असंज्ञेय हो। मतलब इस इस अधिनियम में CRPC जैसा संज्ञेय और असंज्ञेय नही होगा। संज्ञेय अपराध वह होता है जिसमें पुलिस बिना गिरफ्तारी वारंट के गिफ्तार कर सकती है। इस अधिनियम में 3 माह तक सजा वाले अपराध की सुनवाई प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जायेगी। और 3 माह से ऊपर वाले अपराध को विशेष न्यायालय सुनेगा।
2. यदि किसी लोकसेवक द्वारा इस अधिनियम में दुष्प्रेरण का अपराध किया जाता है (अपने पदीय कर्तव्यों को पालन करते हुए) तो कोई भी न्यायालय ऐसे अपराध का संज्ञान -

अ. अगर राज्य शासन कर्मचारी है तो राज्य शासन की मंजूरी के बिना नही कर सकता।

ब. अगर केन्द्र शासन कर्मचारी है तो केन्द्र शासन की मंजूरी के बिना नही कर सकता।

धारा-15 (ए) शासन का कर्तव्य

1. अगर एक बार केन्द्र शासन ने इस अधिनियम में कोई नियम बना दिया तो उसको लागू राज्य शासन को करना पड़ेगा।
2. इसमें निम्न शामिल है :-
   a. पीड़ित को सुविधाये, न्यायिक मदद एवं अन्य मदद राज्य शासन देगा।
   b. अधिनियम के अंतर्गत लागू नियमों को लागू करवाने के लिए राज्य शासन विवेचना आदि के लिए अधिकारी नियुक्त करेगा।
   c. इस अधिनियम के अन्तर्गत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय राज्य गठित करेगा।
   d. राज्य शासन की सहायता के लिए समितियों की स्थापना जो उपाय आदि बतायें, राज्य शासन नियुक्त करेगा।
   e. राज्य शासन समय-समय पर इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिए सर्वेक्षण करवाऐगा।
   f. उन स्थानों को राज्य शासन निर्धारण करेगा जहॉ पर अस्पृश्यता जनित अपराध करवाएंगा।
3. केन्द्र सरकार राज्य सरकार से किए गये उपायों के समन्वय के लिए आवश्यक कदम उठायेगी।
4. केन्द्र शासन हर वर्ष संसद के दोनों सदनों के समझ स्वयं एवं राज्यों द्वारा किये गयें उपायों की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

धारा-16

यह अधिनियम जब तक विशेष उपबंध न हों हर अधिनियम एवं कानून से उपर रहेगा।

धारा-16

A अपराधी परिविक्षा अधिनियम 1958 के उपबंध किसी भी ऐसे व्यक्ति पर लागू नही होगें जिसकी आयु 14 वर्ष से अधिक है।

धारा-16 B नियम बनाने के अधिकार

1. केन्द्र शासन राजपत्र में अधिसूचना जारी कर इस अधिनियम में नियम बना सकेगी।
2. इस अधिनियम में बनाया गया हर नियम, संसद के प्रत्येक सदन के समक्ष तीस दिन की अवधि के लिए रखा जायेगा। अगर इस समय सीमा में दोनों सदन किसी नियम में परिवर्तन करना चाहते है, तो, वह परिवर्तन हो जाएगां दोनों सदन चाहे तो किसी नियम को निष्प्रभाव भी कर सकते है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

प्रश्नमाला

1. सिविल अधिकार संरक्षण, पहले किस नाम से जाना जाता था?
   (अ) यूनाइटेड प्रोविन्सेज रिमुवल ऑफ सोशल डिसेबिलिटीज अधिनियम
   (ब) अस्पृश्यता निवारण अधिनियम
   (स) अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम
   (द) रिमुवल ऑफ सोशल डिसेबिलिटीज अधिनियम
2. 'अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम' का नाम परिवर्तित करके 'सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम' कौन से संशोधन द्वारा किया गया?
   (अ) 1975 के अधिनियम क्रमांक 25 द्वारा दिनांक 23.2. 1975 से
   (ब) 1976 के अधिनियम क्रमांक 106 द्वारा दिनांक 19.11. 1976 से
   (स) 1978 के अधिनियम क्रमांक 114 द्वारा दिनांक 27.6. 1978 से
   (द) 1981 के अधिनियम क्रमांक 122 द्वारा दिनांक 14.12. 1981 से
3. क्या सिविल अधिकार सरंक्षण अधिनियम, 1955 सीमित है?
   (अ) केवल हिन्दुओ तक
   (ब) केवल मुसलमानों तक
   (स) केवल ईसाईयो तक
   (द) किसी भी विशेष समुदाय या धर्म के लिये नही
4. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (संक्षेप मे अधिनियम 1955) का विस्तार?
   (अ) सम्पूर्ण भारत पर है
   (ब) जम्मू एवं कश्मीर राज्य को छोड़कर सम्पूर्ण भारत पर है
   (स) गोवा, दमन एवं दीव को छोड़कर सम्पूर्ण भारत पर है
   (द) दादर तथा नगरहवेली को छोड़कर सम्पूर्ण भारत पर है
5. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 प्रभावशील है?
   (अ) सम्पूर्ण भारत में
   (ब) संघ राज्य क्षेत्रों को छोड़कर शेष सम्पूर्ण भारत में
   (स) जम्मू एवं कश्मीर राज्य को छोड़कर शेष सम्पूर्ण भारत में
   (द) केवल उन राज्यों एवं राज्य क्षेत्रों में, जिनकी भारतीय सरकार अपने शासकीय राजपत्र में विज्ञप्ति द्वारा घोषणा करती है
6. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम प्रवृत्त हुआ?
   (अ) 1 जून 1956 (ब) 1 जून 1958
   (स) 1 जून 1955 (द) 1 जून 19
7. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के सन्दर्भ में सिविल अधिकार है, कोई भी अधिकार जो किसी व्यक्ति को अस्पृश्यता को समाप्त करने के कारण निम्नलिखित अनुच्छेद के अन्तर्गत प्राप्त हुआ है?
   (अ) अनुच्छेद 15 (ब) अनुच्छेद 16
   (स) अनुच्छेद 17 (द) अनुच्छेद 18
8. 'स्थान' के अन्तर्गत निम्न में से क्या सम्मिलित नहीं है?
   (अ) गृह, भवन और अन्य संरचना तथा परिसर
   (ब) तम्बू
   (स) यान और जलयान
   (द) स्थान के अन्तर्गत उपरोक्त सभी सम्मिलित है
9. सिविल अधिकार सरंक्षण अधिनियम के अधीन अनुसूचित जाति का वही अर्थ है जो?
   (अ) संविधान के अनुच्छेद 366 के खण्ड (24) में उसे दिया गया है
   (ब) संविधान के अनुच्छेद 368 के खण्ड (26) में उसे दिया गया है
   (स) अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 2 के अधीन उसे दिया गया है
   (द) सिविल अधिकार सरंक्षण अधिनियम की धारा 2 के अधीन उसे दिया गया है
10. सूर्य उपासकों के एक समूह द्वारा अपना एक पृथक् समुदाय बनाया गया और उन्होनें अपनी उपासना हेतु एक स्थल को सुरक्षित किया। व्यक्तियों के निम्न चार वर्गो में से किस एक वर्ग के व्यक्तियों को और क्यों निवारित करने पर, इन उपासकों में से कोई भी सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत दण्डनीय किसी अपराध का दोषी ठहराया जा सकेगा?
    (अ) अन्य समुदायों के सभी व्यक्ति
    (ब) अस्पृश्यता के आधार पर अन्य सभी हिन्दू
    (स) उसी समुदाय के असन्तुष्ट सदस्यों में से किसी को भी अस्पृश्यता के आधार पर
    (द) अस्पृश्यता के आधार पर अनुसूचित जातियों के सदस्यों को
11. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत किसी व्यक्ति के विरूद्ध धर्म के आधार पर निर्योग्यताओं को प्रवर्तित करने के लिए दण्ड का प्रावधान निम्नलिखित किस धारा में दिया गया है?
    (अ) धारा 5 (ब) धारा 4
    (स) धारा 3 (द) धारा 2
12. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 4 विहित करती है?
    (अ) धार्मिक निर्योग्यताएं लागू करने के लिये दण्ड
    (ब) सामाजिक निर्योग्यताएं लागू करने के लिये दण्ड
    (स) अस्पतालों आदि में व्यक्तियों को प्रवेश करने से इन्कार करने के लिये दण्ड
    (द) माल बेचने या सेवा करने से इन्कार के लिये दण्ड
13. अस्पृश्यता के आधार पर अस्पताल आदि में व्यक्तियों को प्रवेश देने से इंकार करने पर दण्ड का प्रावधान है?
    (अ) धारा 4 (ब) धारा 5
    (स) धारा 6 (द) धारा 7
14. एक ऐसे स्कूल के प्राचार्य द्वारा, कि जिसकी स्थापना समाज के एक वर्ग लाभ हेतु की गई है, किसी व्यक्ति को स्कूल में प्रवेश की अनुमति केवल इस आधार पर नहीं दी जाती कि वह अनु. जाति का है। प्राचार्य द्वारा सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के निम्न प्रावधान के निम्न प्रावधान के अधीन अपराध किया है?
    (अ) धारा 4
    (ब) धारा 5
    (स) धारा 7
    (द) किसी भी प्रावधान के अधीन नहीं

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

15. यदि कोई व्यक्ति अस्पृश्यता के आधार पर किसी को माल बेचने या सेवा देने से इन्कार करे तो वह दण्डित किया जा कसता है?
(अ) न्यूनतम 1 मास और अधिकतम 6 मास के कारावास तथा न्यूनतम 100 रूपये और अधिकतम 500 रूपये के जुर्माने से
(ब) न्यूनतम 3 मास और अधिकतम 1 वर्ष के कारावास तथा न्यूनतम 500 रूपये और अधिकतम 1000 रूपये के जुर्माने से
(स) न्यूनतम 6 मास और अधिकतम 1 वर्ष के कारावास तथा न्यूनतम 500 रूपये और अधिकतम 1000 रूपये के जुर्माने से
(द) न्यूनतम 1 वर्ष और अधिकतम 3 वर्ष के कारावास तथा न्यूनतम 1000 रूपये और अधिकतम 5000 रूपये के जुर्माने से

16. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के अधीन किसी अपराध का दुष्प्रेरण करने पर कितना दण्ड दिया जा सकता है?
(अ) न्यूनतम 1 मास और अधिकतम 6 मास का कारावास तथा न्यूनतम 100 रूपये और अधिकतम 500 रूपये का जुर्माना
(ब) न्यूनतम 6 मास और अधिकतम 1 वर्ष का कारावास तथा न्यूनतम 500 रूपये और अधिकतम 1000 रूपये का जुर्माना
(स) दुष्प्रेरित अपराध के लिए उपबन्धित दण्ड
(द) दुष्प्रेरित अपराध के लिए उपबन्धित दण्ड से दोगुना

17. निम्न प्राधिकारियों में से किसके द्वारा सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 10-ए किसी क्षेत्र के निवासियों पर सामूहिक जुर्माने का अधिरोपण उपबन्धित करती है?
(अ) उच्च न्यायालय
(ब) सत्र न्यायालय
(स) न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम वर्ग
(द) राज्य सरकार

18. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की धारा 10-क निम्न में से किस प्राधिकारी को किसी क्षेत्र के निवासियों पर सामूहिक जुर्माने का अधिरोपण उपबंधित करती है?
(अ) केन्द्र सरकार
(ब) राज्य सरकार
(स) उच्च न्यायालय
(द) न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम वर्ग

19. जो कोई सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम क अधीन किसी अपराध का या ऐसे अपराध के दुष्प्रेरण का पहले दोषसिद्ध हो चुकने पर किसी ऐसे अपराध का दुष्प्रेरण का पुन: दोषसिद्ध होने पर वह ऐसी दोषसिद्धि का तृतीय अपराध के किये या तृतीय अपराध के पश्चातवर्ती किसी अपराध के लिये कितनी सजा हेतु दण्डनीय होगा?
(अ) कम से कम छह महीने और अधिक से अधिक एक वर्ष
(ब) कम से कम एक वर्ष और अधिक से अधिक दो वर्ष
(स) कम से कम एक महीने और अधिक से अधिक छह महीने
(द) कम से कम दो वर्ष और अधिक से अधिक तीन वर्ष

20. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की कौन-सी धारा न्यायालय द्वारा उपधारण से सम्बन्धित है?
(अ) धारा 11 (ब) धारा 12
(स) धारा 13 (द) धारा 14

21. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 14-क के अधीन सद्भावपूर्वक की गई कार्यवाही के लिए संरक्षण दिय गया है?
(अ) केन्द्रीय सरकार को
(ब) राज्य सरकार को
(स) उपरोक्त (अ) एवं (ब) दोनों को
(द) उपरोक्त में से किसी को नहीं

22. सिविल अधिकार सरंक्षण अधिनियम के अधीन अपराधों के संबंध में निम्न में से कौन-सा कथन सत्य है?
(अ) अपराध संज्ञेय होगे
(ब) अपराध संक्षेपत: विचारणीय होगे
(स) अपराध असंज्ञेय होगे
(द) उपरोक्त (अ) एवं (ब) दोनो कथन सत्य है

23. कोई व्यक्ति जिसे सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के किन्हीं प्रावधानों के अधीन अपराध में दोषी ठहराया जाता है, के संबंध में अपराधी परिवीक्षा अधिनियम के प्रावधान लागू होगे?
(अ) यदि उसकी आयु 14 वर्ष से अधिक नही है
(ब) यदि वह 21 वर्ष से कम आयु का है
(स) यदि वह 16 वर्ष से कम आयु का है
(द) यदि वह प्रथम अपराधी है

24. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत निम्नलिखित आयु से अधिक व्यक्तियों पर अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 लागू नहीं होता?
(अ) 18 वर्ष (ब) 16 वर्ष
(स) 15 वर्ष (द) 14 वर्ष

25. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के अधीन नियम बनाने की शक्ति किसे प्रदान की गई है?
(अ) केन्द्रीय सरकार को
(ब) राज्य सरकार को
(स) उच्च न्यायालय को
(द) उपरोक्त (अ) एवं (ब) दोनों को

उत्तरमाला

1. स	2. ब	3. द	4. अ	5. अ
6. स	7. स	8. द	9. अ	10. अ
11. स	12. ब	13. ब	14. ब	15. अ
16. स	17. द	18. ब	19. ब	20. ब
21. स	22. द	23. अ	24. द	25. अ

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7 HELPLINE 8602511011

34. समसामयिकी

- **गिद्ध गणना**- पन्ना टाइगर रिजर्व में 2013 की गिद्ध गणना में 867 गिद्ध पाये गये।
- **महाशीर मत्स्य संरक्षण**- महाशीर मछली- वर्ल्ड बैंक परियोजना के अंतर्गत भोपाल जिले के केरवा जलाशय का चयन महाशीर मत्स्य संरक्षण के लिए किया गया।
- **महिला पारिवारिक लोक अदालत**- प्रदेश की प्रथम महिला अदालत का सफल आयोजन 10 मार्च 2013 मंदसौर में सम्पन्न।
- मध्य प्रदेश वन विभाग ने जनवरी-2013 को 17 इको-सेसेटीव जोन की पहचान की। इस जोन में किसी भी प्रकार की अवैधानिक वाणिज्यिक गतिविधियां और खनन पर प्रतिबंध होगा।
- मवान क्षेत्र (गुना) में मसाला पार्क स्थापित किया गया। मार्च-2013 में।
- 16 फरवरी, 2014 को भारत एवं एशियन विकास बैंक ने 5 राज्यों की ग्रामीण सड़कों को उन्नत करने हेतु (रूरल कनेक्टिविटी निवेश प्रोग्राम {RCIP}) करार किये है ये राज्य है- मध्य प्रदेश, आसाम, छत्तीसगढ़, ओडिसा, पं. बंगाल।
- केन्द्रीय सरकार के फंडों के वितरण के लिए बनाई गई राजन समिति ने राज्यों को तीन विशेष कटेगरी में बांटा है। जिसमें मध्य प्रदेश सबसे कम विकसित (Least Developed) राज्य की श्रेणी में रखा गया है।
- भारत सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के छात्रों के लिए 158 'एकलव्य मॉडल रेजिडेन्सियल स्कूलों की स्थापना को मंजूरी दी है जिसमें से मध्य प्रदेश में 20 स्कूल, राजस्थान में 17 स्कूल व छत्तीसगढ़ व उड़ीसा में 16-16 स्कूल स्थापित होंगे।
- 13 जनवरी, 2014 को प्रदेश में व्यापार को बढ़ावा देने तथा मध्य प्रदेश को व्यापार के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश व्यापार संवर्द्धन मंडल का गठन किया गया।
- 3 जनवरी, 2014 को मध्य प्रदेश को विद्युत अतिशेष राज्य घोषित किया गया।
- 26 सितम्बर, 2013 को मंत्रिपरिषद् ने नरसिंह जिले के बोहानी में 8 करोड़ रुपए की लागत से गन्ना अनुसंधान केन्द्र की स्थापना को मंजूरी प्रदान की।
- रायसेन जिले के ग्राम तामोट में प्लास्टिक पार्क की स्थापना की जा रही है।
- भोपाल में मेसर्स वर्ल्डवाइड डायमंड मैन्यूफैक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड विशाखापट्टनम द्वारा शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुखी हीरा प्र-संस्करण एवं पॉलिशिंग इकाई स्थापित की जा रही है।
- 1 जून, 2013 से मध्य प्रदेश के मात्र तीन जिलों-पूर्वी निमाड़ (खंडवा), होशंगाबाद तथा हरदा में एलपीजी रसोई गैस सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खाते में हस्तांतरित की जाने लगी है।
- राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर में झोटेश्वर के पास शंकराचार्य नेत्रालय का उद्घाटन किया।
- मध्य प्रदेश के इंदौर में देश का पहला नमकीन क्लस्टर वर्ष 2014 में शुरु किए जाने की योजना है।
- 16 मार्च, 2013 को सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट के वायु प्रदूषण पर जारी रिपोर्ट के अनुसार देश में सर्वाधिक प्रदूषित शहर क्रमशः रायपुर व ग्वालियर है।
- राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के क्रियान्वयन में शहडोल जिला ने लगातार तीसरी बार प्रदेश में पहला स्थान अर्जित किया है।
- 26 सितम्बर, 2013 को भोपाल जिले की हुजूर तहसील के ग्राम बोरदा में नेशनल टेक्निकल रिसर्च आर्गेनाइजेशन की स्थापना के लिए वन विभाग की 180 हेक्टेयर भूमि दिए जाने का फैसला किया गया।
- 26 सितम्बर, 2013 को पांच शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में यातायात प्रबंधन संस्थान स्थापित करने की मंजूरी प्रदान की गई।
- सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी ने ओडिशा के गजमारा में प्रस्तावित अपनी परियोजना को मध्य प्रदेश के गदरवारा में लगाने का फैसला 4 अप्रैल, 2013 को किया।
- 19 दिसम्बर, 2013 को मुख्यमंत्री ने राज्य अतिथि ऑनलाइन प्रणाली का लोकार्पण किया। ये वेबसाइट पूरे देश में प्रथम बार राज्य सरकार कार्यालय मध्य प्रदेश द्वारा बनाई गई है।
- 12 अगस्त, 2013 को राज्य सरकार ने 6 नए विशेष पर्यटन क्षेत्र घोषित किए। वे हैं- सलकनपुर जिला सिहोर, चित्रकूट जिला सतना, पन्ना जिला पन्ना, चोरल जिला इंदौर, महेश्वर जिला खरगौन, अमरकंटक जिला अनुपपुर। अब आंध्र प्रदेश में 16 विशेष पर्यटन क्षेत्र हो गए हैं।
- 16 जुलाई, 2013 को मंत्रिपरिषद ने सामाजिक न्याय विभाग का नाम बदलकर सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण करने का निर्णय लिया।
- मध्य प्रदेश में दमोह जिले से जुलाई, 2013 में आयुष कुपोषण निवारण योजना की शुरुआत की गई।
- भोपाल में 14 से 16 जनवरी, 2014 तक झील महोत्सव का आयोजन किया गया।
- मध्य प्रदेश शासन और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के संयुक्त तत्वाधान में 15-17 जनवरी, 2014 तक राष्ट्रीय बालरंग समारोह का आयोजन किया गया।
- राज्य के सिवनी जिले के पेंच टाइगर रिजर्व में 22 से 24 दिसंबर, 2013 तक मोगली बाल उत्सव आयोजित किया गया।
- 26 अगस्त, 2013 को भोपाल में युवा सम्मेलन आयोजित किया गया।
- 1 नवम्बर, 2013 को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय बैंड महोत्सव का आयोजन किया गया।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- 19 से 26 मार्च, 2013 तक भोपाल के राज्य संग्रहालय में 'मध्यप्रदेश की भूतपूर्व रियासतें' प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।
- 9 फरवरी, 2013 को बांद्राभान में तृतीय अंतर्राष्ट्रीय नदी महोत्सव का आयोजन किया गया।
- राजधानी भोपाल में 16 दिसम्बर, 2013 को पहली बार महिला अपराधों पर लगाम कसने के मकसद से निर्भया पेट्रोलिंग मोबाइल सेवा का शुभारंभ किया गया।
- 23 अगस्त, 2013 को जारी पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 में मध्य प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या 5.32 करोड़ रही।
- मुख्यमंत्री ने प्रत्येक महीने की सात तारीख को अन्न उत्सव मनाने की घोषणा 3 जून, 2013 को की।
- मध्य प्रदेश में भोपाल के केरवा के पास विश्वस्तरीय जूलॉजिकल पार्क (वन विहार फेज-2) बनाया जाएगा।
- 16 से 19 फरवरी, 2013 तक भोपाल में महाराज भोज महोत्सव का आयोजन पहली बार किया गया।
- जनवरी, 2014 में जारी आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश में जन-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में 5381 करोड़ रुपए की 40 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी है। पीपीपी मोड में सड़क परियोजनाओं को पूरा करने के मामले में मध्य प्रदेश देश में पहले स्थान पर है।
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2013-14 एजुकेशन फॉर ऑल ग्लोबल मॉनिटरिंग रिपोर्ट (29 जनवरी, 2014 को जारी)के अनुसार मध्य प्रदेश में 85% गरीब बच्चे पांचवीं तक पढ़ पाते हैं।
- मछुआरों के बीमा में राज्य देश में अव्वल।
- गेहूं उपज खरीदने के लिए किसानों को एसएमएस से आमंत्रण देने वाला मध्यप्रदेश पहला राज्य।
- राष्ट्रीय टाईगर संरक्षण प्राधिकरण ने रातापानी वन्यजीव अभ्यारण (मध्य प्रदेश), कांजीरगा (आसाम), कार्बेट (उत्तराखण्ड) में टाईगर पारिस्थितिकी के अध्ययन हेतु ई-सर्विलांस (E-surveillance) सुविधा करने का निर्णय लिया है।
- **मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक**- गोवंश वध के आरोपियों को अब खुद साबित करना होगा कि उनके खिलाफ लगाया गया आरोप गलत है। 7 साल की सजा और न्यूनतम 5000 रुपये के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। जुर्माने की अधिकतम राशि न्यायालय तय करेगा। अब गोवंश के अवैध परिवहन में लगे वाहन के मालिक पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज हो सकेगा। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति, किन्हीं भी साधनों से, किसी गो-वंश का न तो वध करेगा, न वध करवाएगा, न उन्हें वध के लिये देगा और न ही दिलवाएगा।
- **नर्मदा मालवा गंभीर लिंक परियोजना**- मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में 18 सितंबर, 2013 को सम्पन्न नर्मदा नियंत्रण मण्डल की 46वीं बैठक में नर्मदा मालवा गंभीर लिंक परियोजना को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इस परियोजना के अंतर्गत ओंकारेश्वर परियोजना से 15 क्यूसेक जल उद्वहन कर गंभीर नदी के उद्गम पर छोड़ा जायेगा। गंभीर में प्रवाहित नर्मदा का यह जल इंदौर के यशवन्त सागर से नहरों के माध्यम से इंदौर और उज्जैन जिले के 153 गांव की लगभग 50 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई क्षमता निर्मित करेगा।
- इस योजना के लक्ष्य में माता के गर्भ में पल रहा शिशु, नवजात बालिकाएं, विद्यालय/महाविद्यालय जाने वाली प्रत्येक बालिका, विद्यालय व महाविद्यालय के छात्र, घरेलू कामकाजी/श्रमिक महिलाएं, विभिन्न शासकीय/अशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं आदि में कार्यरत महिलाएं, पुरूष समुदाय, पंचायत, नगरीय निकाय संस्थाओं के एवं अन्य सभी जन-प्रतिनिधि के साथ विभिन्न समुदाय, समितियां एवं दल शामिल है।
- **नरेश चन्द्र गौतम**- महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट का कुलपति नियुक्त।
- **शशि प्रभा कुमार**- सांची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय सांची का कुलपति नियुक्त।
- **प्रदेश का प्रथम डीजल लोकोमोटिव**- संयंत्र हेतु शेरपुर (सीहोर) में दौलतराम इंजीनियर्स, नेशनल रेलवे इक्विपमेंट कंपनी (अमरीका) के सहयोग से इसे बना रही है।
- **जूलॉजिकल पार्क**- मध्यप्रदेश सरकार ने भोपाल में जूलॉजिकल पार्क बनाए जाने की 10 मई, 2013 को मंजूरी दी है। इस पार्क में देश-विदेश के वन्य प्राणियों को रखा जाएगा। इसके अलावा दुर्लभ प्रजाति के पेड़-पौधे भी यहाँ लगाए जाएँगे। पहले चरण में यह पार्क 348.72 हेक्टेयर क्षेत्र में बनाया जाएगा।
- **राज्य में चार महानगर क्षेत्रों का विकास**- जवाहरलाल नेहरु नेशनल अर्बन रिन्युअल मिशन (जेएनएनयूअरएम) के तहत एक लाख या उससे अधिक आबादी वाले जिलों को जोड़कर चार मेट्रोपॉलिटन एरिया निर्माण को स्वीकृति दी गई है।
- **लोक सेवा गारंटी अधिनियम का दायरा बढ़ा**- इस अधिनियम में वर्तमान में 16 विभागों की 52 सेवाओं को शामिल करते हुए 104 सेवायें और कुल 21 विभागों की सेवायें अधिनियम के दायरे में।
- **अंतर्राष्ट्रीय नदी महोत्सव**- बांद्रामान- होशंगाबाद में 8 फरवरी को तीसरे अंतर्राष्ट्रीय नदी महोत्सव का शुभारंभ हुआ।
- 17 फरवरी, 2013- अमरकंटक से नर्मदा शुद्धिकरण अभियान शुरु।
- **जिलों में लोकपाल की नियुक्ति**- लोकपाल- 'मनरेगा में भ्रष्टाचार की जांच हेतु 21 जिलों में लोकपाल की नियुक्ति की गई।
- **अंतर्राष्ट्रीय जनजातीय समारोह**- जून, 2013 भोपाल में।
- **चुटका**- मध्यप्रदेश के मांडला के चुटका में प्रस्तावित परमाणु संयंत्र के खिलाफ गोंड आदिवासियों ने हाल में प्रदर्शन किया। प्रर्दशनकारियों के मुताबिक इस परमाणु संयंत्र से न केवल उन्हे विस्थापित होना पड़ेगा बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए यह जोखिम भरा हो सकता है। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक नारायणगंज तहसील में प्रस्तावित यह परियोजना नर्मदा नदी के किनारे बनना है, जो कि भूकम्प के उच्च जोखिम वाले क्षेत्र में पड़ता है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2009 में चुटका में परमाणु संयंत्र निर्माण की हरी झंडी दे दी थी।
- **रतनगढ़ मंदिर**- रतनगढ़ मंदिर मध्यप्रदेश के दतिया जिले में स्थित है जहां 13 अक्टूबर, 2013 को भगदड़ में 115 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गयी थी। रतनगढ़ माता का मंदिर दतिया से 55 किलोमीटर दूर सिंध नदी के किनारे विंध्याचल पर्वत में स्थित है।

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

- अखिल भारतीय संस्कृत सम्मेलन भोपाल में फरवरी, 2012 में आयोजित हुआ।
- पर्यटन निवेश समिट मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं फिक्की के सहयोग से खजुराहो में आयोजित।
- अपशिष्ट प्रबंधन पर गोलमेज सम्मेलन भोपाल में आयोजित, इस सम्मेलन की मुख्य थीम- **''बेस्ट एन विथ''**
- मंदसौर जिला वर्ष 2010-11 में कपास उत्पादन में प्रथम।
- अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन 9 से 12 फरवरी 2012 भोपाल में, विधान सभा के मानसरोवर परिसर में आयोजित।
- वन सर्वेक्षण 2011 के अनुसार म.प्र. भारत का सर्वाधिक वनाच्छादित प्रदेश, कुल 77700 वर्ग किमी. क्षेत्र पर वन हैं दूसरे व तीसरे स्थान पर क्रमशः अरूणाचल प्रदेश व छत्तीसगढ़ हैं।
- राष्ट्रीय ई-गवर्नेस अवार्ड 2012 के लिए ग्वालियर को चुना गया हैं।
- मध्य प्रदेश का पहला पोषण केन्द्र अटल बाल आरोग्य मिशन के तहत नेताजी सुभाषचन्द्र मेडिकल हॉस्पीटल (जबलपुर) में स्थापित।
- ढाल सिह बिसेन चौथे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष नियुक्त किये गये।
- सिन्धु ताई सपकाल इन्हें 2011-12 का देवी अहिल्याबाई राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया।
- मध्य प्रदेश में पुरूष नसबंदी ऑपरेशन के मामले में अशोक नगर अव्वल स्थान पर रहा।
- भारत सरकार ने समग्र स्वच्छता अभियान का ब्रांड एम्बेसडर अनीता नर्रे (बैतूल निवासी) को बनाया साथ ही 5 लाख का इनाम दिया गया।
- अर्जेण्टीना में आयोजित विश्व सेलिंग स्पर्धा में एकता यादव (भोपाल निवासी) का शानदार प्रदर्शन।
- धार जिला के दिलवारा क्षेत्र में जल आवर्धन योजना का शिलान्यास।
- मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष श्री रामलाल रौतेले।
- नर्मदा जल योजना का केन्द्र सरकार के सहयोग से होशंगाबाद के पिपरीया में शिलान्यास।
- म.प्र. में महिलाओं पर हो रहे अपराधों को रोकने के लिए इन्दौर, भोपाल व जबलपुर में विशेष महिला प्रकोष्ठ स्थापित।
- वीडियो कार्ड पायलट परियोजना राज्य में नवजात शिशु के इलाज के लिए होशंगाबाद जिले से शुरू।
- आगासौद (बीना) में स्थापित ओमान-बीना तेल रिफायनरी के टरबाइन फ्यूल ने गुणवत्ता प्रमाण पत्र हासिल किया।
- मध्य प्रदेश ई-पेमेन्ट में देश में प्रथम।
- म.प्र. के तीन वन संरक्षित क्षेत्रों को राष्ट्रीय पुरस्कार निम्न हैं-
  1. कान्हा - उत्कृष्ट वन प्रबंधन के लिये।
  2. पन्ना - नवाचार के लिये।
  3. सतपुड़ा - ग्रामों के पुनर्वास के लिये।
- समग्र सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम (संकल्प-37) में म.प्र. की समग्र सामाजिक सुरक्षा योजना शामिल।
- खरगौन-महेश्वर बॉध (नर्मदा नदी) को 154 मीटर जल भराव की अनुमति सरकार ने दी।
- नीमच-निजी क्षेत्र के सहयोग से 200 सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित होंगे।
- इन्दौर आई.आई.एम. के नये चैयरमैन कुडापुर वामन कामथ नियुक्त।
- वर्ष 2012 में मध्य प्रदेश का सर्वाधिक गरम जिला छतरपुर (43.3 डिग्री)।
- वर्ष 2012 में म.प्र. का सर्वाधिक ठण्डा जिला दतिया (0 डिग्री)।
- वृद्धावस्था पेंशन केवल बेटियों वाले वृद्धों को वृद्धावस्था पेंशन दी जायेगी।
- वन संस्कार कार्यक्रम-बच्चों में प्रकृति की गति व उनमें धैर्य की भावना के विकास के लिए कार्यक्रम लागू।
- अनूपपुर-मोजरवेयर पथराव काण्ड।
- म.प्र. को UN का लोक सेवा पुरस्कार म.प्र. के लोक सेवा गारंटी अधिनियम को संयुक्त राष्ट्र के लोक सेवा पुरस्कार (इम्प्रूविंग द डिलेवरी ऑफ पब्लिक सर्विस) के लिए चयन, लोक प्रशासन नवाचार और पेशेवर कुशलता को बढावा देने के लिए प्रदान किया गया।
- 11वीं पंचवर्षीय योजना-कृषि क्षेत्र में वृद्धि 7.1 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं तथा 12वीं पंचवर्षीय योजना में 9 प्रतिशत का लक्ष्य रखा गया हैं।
- मनरेगा रैकिंग-अप्रैल माह के लिये रायसेन व शाजापुर जिलों को A^+ ग्रेड मिला, प्रथम स्थान पर शाजापुर रहा।
- बैतूल-दुनिया के पहले गोंडी सामुदायिक रेडियो केन्द्र का शुभारम्भ 10 मई 2012 को किया गया।
- नि:शक्तजनों को नौकरी में आरक्षण को राज्य सरकार ने 3 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत किया।
- म.प्र. झील प्राधिकरण का विलय पर्यावरण समन्वय संगठन (एप्को) में किया गया।
- इन्दौर में एग्रो बिजनेस समिट 2012 का आयोजन।
- म.प्र. की आर्थिक विकास दर बढ़कर 10 प्रतिशत हुई-2012।
- भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड का जहरीला कचरा जर्मनी की जी.आई.जेड़. कम्पनी में ले जाया जायेगा। 15 करोड़ राशि का वहन केन्द्र सरकार करेगी।
- सेन्ट्रल जोन काउंसिलिंग का उपाध्यक्ष मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बनाया गया उनका कार्यकाल 1 वर्ष का रहेगा।
- नरसिंहपुर जिला गाडरवारा के समीप ग्राम निवारी में निजी क्षेत्र के B.L.A. उपकरण द्वारा स्थापित विद्युत संयंत्र का लोकार्पण।
- किसान क्रेडिट कार्ड़ की अवधि 1 वर्ष से बढ़ाकर 5 वर्ष की गई।
- खरगोन-NTPC Ltd. के पावर प्लांट की स्थापना के लिये भूमि मंजूरी की गई।
- ग्वालियर संभाग-31 मार्च 2012 को श्योपुर जिले के सेसईपुरा गांव में सहरिया सामुदायिक रेडियो केन्द्र का शुभारम्भ।
- 29 मई 2012 को नवजात शिशुओं और संक्रमण वाले रोगियों के लिये अतिरिक्त देखभाल के लिये भोपाल में नियोनेटल एम्बुलेंस का शुभारम्भ।
- भोपाल की हुजुर तहसील के ग्राम अमलगढ़ में स्थित शिव मंदिर व दो बावडियों को राज्य स्मारक घोषित।

- म.प्र. देश में पहला बिना ब्याज के कृषि कर्ज देने वाला राज्य बना।
- म.प्र. को 1 अगस्त 2012 से केन्द्रीय कोटे के तहत 113 मेगावाट बिजली एन.टी.पी.सी. (NTPC) के सीपत ताप विद्युत परियोजना से मिलेगी जो 25 वर्षो तक मिलती रहेगी।
- भोपाल में केन्द्रीय पुलिस प्रशिक्षण अकादमी स्थापित किये जाने को केन्द्र सरकार ने 3 अगस्त 2012 को मंजूरी प्रदान कर दी हैं।
- इकबाल अहमद - म.प्र. में मुख्य सूचना आयुक्त
- म.प्र. जैव विविधता बोर्ड एवं यू.एन.डी.पी. परियोजना द्वारा 7-8 अगस्त, 2012 को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भोपाल में किया गया।
- मेसर्स न्यूक्लियर पावर कार्पोरेशन ऑफ इंण्डिया द्वारा म.प्र. के मंण्डला जिला के चुटका ग्राम और शिवपुरी जिले के भीमपुर ग्राम में परमाणु विद्युत परियोजना स्थापित की जायेगी।
- म.प्र. पर्यटन निगम को नेशनल टूरिज्म 2012 का बेस्ट डेस्टीनेशन फॉर ऑल सीजन का अवार्ड प्रदान किया गया हैं।
- केन्द्रीय वन मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व नेशनल पार्क **कान्हा किसली, बॉधवगढ़, पेंच** के प्रबन्धन की जिम्मेदारी स्पेशल टाइगर फोर्स के हवाले कर दी हैं।
- भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में आयोजित 78 वीं अखिल भारतीय रेलवे एथलेटिक्स प्रतियोगिता में दक्षिण रेलवे चैम्पियन रही जबकि पश्चिम रेलवे उप विजेता।
- श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया - म.प्र. क्रिकेट एसोसिऐशन के अध्यक्ष
- म.प्र. राज्य शासन की ओर से स्थापित प्रतिष्ठित वेदव्यास राष्ट्रीय सम्मान का अलंकरण समारोह 29 अगस्त 2012 को नई दिल्ली में आयोजित हुआ, वर्ष 2010-11 का यह सम्मान डा. लीलाधर वियोगी को दिया गया।
- म.प्र. की ऐतिहासिक धरोहर **ओरछा,भोजपुर और चंदेरी** को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित करवाने के लिए राज्य शासन द्वारा पहल की जा रही हैं।
- मुख्यमंत्री सड़क योजना के क्रियान्वयन में बालाघाट जिला, प्रदेश में प्रथम स्थान पर हैं।
- **टूरिज्म विजन 2020**
  1. पर्यटन स्थलों की रोड़ कनेक्टिविटी, स्वच्छता और आवास व्यवस्थाओं को विजन में शामिल।
  2. **सूरत, वाराणसी** में म.प्र. पर्यटन निगम के कार्यालय शुरू किये जायेगें।
  3. प्रदेश के प्रत्येक जिले में में पर्यटन निगम के कार्यालय शुरू किये जाऐंगे।
  4. पुष्कर मेले की तरह अलीराजपुर और झाबुआ में भगोरिया उत्सव मनाने की योजना बनायी गई हैं।
- जैम्स ज्वैलरी पार्क इंदौर में स्थापित किया जायेगा।
- मनरेगा के कार्यो में प्रगति के आधार पर होशंगाबाद प्रथम, देवास द्वितीय, तृतीय स्थान पर विदिशा हैं।
- 15 जुलाई 2012 को भोपाल के जम्बूरी मैदान में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह की अध्यक्षता में अटल किसान महापंचायत का आयोजन किया गया।
- 39 वीं राष्ट्रीय जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में इन्दौर के रोहित इमोलिया ने रजत पदक जीता।
- केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण और सुप्रीम कोर्ट ने सतना जिलें के मुकुंदपुर में चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर की स्थापना को मंजूरी दी हैं।
- **वन्या नमक** - मध्य प्रदेश में सभी 89 अनुसूचित जनजाति बहुल ब्लॉक में आयोडीन युक्त उपलब्ध कराया जा रहा हैं।
- मध्य प्रदेश के सभी सरकारी प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में 9 जुलाई से 'पंच प' अभियान प्रारम्भ किया गया जो 15 अगस्त तक चला।
- 'पंच प' अभियान- (परिवार, परिवेश, परम्परा, पर्यावरण, पराक्रम)
- मध्य प्रदेश की 12 वीं पंचवर्षीय योजना (2012-17) के लिए 201862 करोड़ रूपये तय किये गये हैं।
- 11 वीं पंचवर्षीय योजना में राज्य सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 10.2 प्रतिशत की वृद्वि हुई जो देश की औसत वृद्वि से अधिक हैं। 12 वीं पंचवर्षीय योजना के लिए प्रदेश सरकार ने 12 प्रतिशत वृद्वि का लक्ष्य तय किया हैं।
- औद्योगिक क्षेत्र में 11 वीं पंचवर्षीय योजना में 10 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया गया 12 वीं पंचवर्षीय योजना में इसका लक्ष्य 12 प्रतिशत रखा गया हैं।
- सेवा क्षेत्र में 11 वीं पंचवर्षीय योजना में वृद्वि दर 11.7 प्रतिशत रही हैं तथा 12 वीं पंचवर्षीय योजना में यह वृद्वि दर 13.75 प्रतिशत रखी गयी हैं।
- 23 जुलाई 2012 को अलीराजपुर जिले के चन्द्रशेखर आजाद नगर (भावरा) में एक करोड़ 17 लाख रूपये की लागत से निर्मित आजाद स्मृति मंदिर का लोकार्पण किया गया।
- प्रेस कान्फ्रेस पोर्टल मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में 23 जुलाई 2012 को मंत्रालय में पी.आर. सोल्युशन द्वारा देश के पहले '**प्रेस कान्फ्रेस पोर्टल**' का शुभारम्भ किया।
- राष्ट्रीय संस्कृत साहित्योत्सव का आयोजन फरवरी 2013 में होगा।
- बौद्ध विश्वविद्यालय - सांची में स्थापित होने वाले विश्वविद्यालय का शिलान्यास 21 सितम्बर 2012 को किया।
- 2012 में मनरेगा के कार्यो पर जिलों की रैंकिंग सूची में इन्दौर प्रथम और ग्वालियर अन्तिम स्थान पर हैं।
- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जापान के टोक्यो शहर के एमटेक में इण्डिया शो के अन्तर्गत म.प्र. पवेलियन का शुभारंभ किया।
- अटल बिहारी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल में स्थापित किया गया।
- देश में पहली बार नदी तालाब जोड़ो परियोजना टीकमगढ़ जिले से क्रियान्वित की जा रही हैं।
- म.प्र. के बैतूल जिले में स्थापित राज्य की पहली टिश्यू कल्चर लैब शुरू।
- **मालवा कबीर यात्रा**- कबीर के जीवन, दर्शन और वाणी पर आधारित मालवा कबीर यात्रा 17 अप्रैल से शुरू हुई। लुनियाखेड़ी तराना से चलकर यह यात्रा क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में कबीर दर्शन का अलख जगाएगी। 24 अप्रैल को कबीरवाणी के विशेष कार्यक्रम के साथ इंदौर में इसका समापन हुआ।बॉयो मॉस पॉवर प्लांट- विदिशा के करीब गांव वन में करीब साढ़े पांच करोड़ रूपए लागत से 1.2

Watch & Learn SABDHANI COACHING INSTITUTE
Visit us at : Www.sabdhanicoaching.in
FOR INFO ON VACANCIES & RESULTS 24 X 7
HELPLINE 8602511011

मेगावट क्षमता का बॉयो मॉस विद्युत उत्पादन संयंत्र लगा। यह प्रदेश का तीसरा गैसोफिकेशन आधारित पॉवर प्लांट हैं।

- मध्य प्रदेश में प्राकृतिक गैस भंडार- मध्य प्रदेश के अनूपपुर और शहडोल जिलों में कोल बेड मिथेन गैस के भंडार मिले हैं। निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने इन जिलों में 36.5 खरब घनफुट गैस के भंडार होने की पुष्टि की हैं।
- संजय गांधी युवा नेतृत्व एवं ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान- पंचमढ़ी।
- तानसेन अलंकरण से सम्मानित-सविता देवी
- राष्ट्रीय हरित न्यायधिकरण का मुख्यालय भोपाल में प्रस्तावित।
